चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
वर्ष 2, अंक 255, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू 18
गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है हुमा कुरैशी 17







# कांग्रेस-भाजपा में सियासी घमासान

## कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर आपकी कमाई पर : मोदी

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि यह पार्टी देश पर माओवादी सोच थोपकर और जनता की कमाई पर कब्जा कर उसे लोगों में बांटना चाहती है। हालांकि मोदी ने इस बार यह वितरण मुसलमानों के बीच किये जाने की बात नहीं कही। प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ और हाथरस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में कांग्रेस और सपा पर तुष्टीकरण करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि इन दलों ने पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिये कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। प्रधानमंत्री ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र कह रहा है। मोदी ने कहा आप सोचिए हमारी माताओं और बहनों के पास सोना होता है। वह स्त्री धन होता है। उसे पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है लेकिन अब इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं, बहनों की संपत्ति छीनने पर है। उनके मंगलसूत्र पर इन लोगों की नजर है। प्रधानमंत्री ने कहा कांग्रेस सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी संपत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर आपकी संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी।



- देश पर माओवादी सोच थोपकर जनता की कमाई पर पंजा मारना चाहती है कांग्रेस

## प्रधानमंत्री के झूठ के कारोबार का अंत नजदीक : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी और सूरत में भाजपा के उम्मीदवार के निर्विरोध जीतने को लेकर सोमवार को दावा किया कि देश में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान और आरक्षण रूपी सामाजिक न्याय की व्यवस्था को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब झूठ के कारोबार का अंत नजदीक है। इस बीच, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी देने के लिए उनसे मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देश में बेरोजगारी और महंगाई का पीक (उच्चतम स्तर) है और नरेन्द्र मोदी कहते हैं सब कुछ ठीक है। उनके पास मुद्दों से भटकाने की नई–नई तकनीक हैं। उन्होंने सूरत के घटनाक्रम को लेकर एक अन्य पोस्ट में कहा तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। कांग्रेस नेता ने कहा मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जहरीली भाषा में दुनिया भर की बातें बोलते हैं। उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। कहा कि 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती आ रही है। इससे अजा और अनुसूचित जनजाति की आबादी का वास्तविक आंकड़ा सामने आता है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक यह किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं।



- भाजपा बाबासाहेब के संविधान और आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही भाजपा

## चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की। जिसमें उन्होंने एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में गुरदीप सिंह सप्पल और सुप्रिया श्रीनेत शामिल थे। सिंघवी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने पांच-छह शिकायतों पर विशेष रूप से विस्तृत चर्चा की। कांग्रेस नेता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) पुत्री अंजली बिरला का भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार करने, सूरत लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद करने और मणिपुर में लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान हिंसा का मामला भी उठाया गया।

### 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा

## गुकेश के मोहरों ने चली खिताबी चाल

**टोरंटो, एजेंसी**

भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैंपियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे।

चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती दी थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली। गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रूपये) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए।



- कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने

> डी गुकेश की यह उपलब्धि से लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा होगी। भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। – **प्रधानमंत्री**

## नईमा खातून एएमयू की पहली महिला कुलपति

**नई दिल्ली।** नईमा खातून को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कुलपति नियुक्त किया गया है और वह 100 साल में इस पद को संभालने वाली पहली महिला होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दी है। राष्ट्रपति विवि की विजिटर भी हैं। आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग से मंजूरी मांगी गई थी।

## दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को 30 सप्ताह के गर्भ के समापन की अनुमति

### सुप्रीम कोर्ट ने रद किया बंबई हाईकोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए सोमवार को कहा कि किशोरी का कल्याण सर्वोच्च महत्व रखता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं। न्यायालय ने कहा, स्थिति की तात्कालिकता और नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, उसकी सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है...हमने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया है। सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा, हम गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति देते हैं क्योंकि पीड़िता 14 साल की है और यह दुष्कर्म का मामला है। कोर्ट ने इसे असाधारण मामला माना।

न्यायालय ने मुंबई के सायन स्थित एलटीएमजीएच के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें। न्यायालय ने कहा, मेडिकल बोर्ड ने राय दी है कि नाबालिग की इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने से महज 14 साल की किशोरी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कोर्ट ने 19 अप्रैल को नाबालिग की चिकित्सकीय जांच का आदेश दिया था। उसने मुंबई के सायन स्थित अस्पताल से रिपोर्ट देने को कहा था कि अगर पीड़िता चिकित्सकीय रूप से गर्भपात कराती है या उसे ऐसा न करने की सलाह दी जाती है तो इसका उसकी शारीरिक व मनोवैज्ञानिक स्थिति पर क्या असर पड़ने की संभावना है। गर्भ का एमटीपी के तहत, विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए भी गर्भावस्था समाप्त करने की ऊपरी सीमा 24 सप्ताह है। इन विशेष श्रेणियों में बलात्कार पीड़िताएं और दिव्यांग एवं नाबालिग शामिल हैं।



- कहा, ये असाधारण मामला, डॉक्टरों के दल का तत्काल गठन करने को कहा

## कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद पर हमला

**संतकबीरनगर**

**अमृत विचार।** बीती रात कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कठार में आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद पर इसी गांव के ग्राम प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों दबंगों ने हमला बोल दिया। हमलावरों ने कैबिनेट मंत्री के चेहरे और नाक पर प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया। सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह उन्हें हमलावरों के चंगुल से छुड़ाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां कैबिनेट मंत्री कुछ देर के लिए बेहोश भी हो गए थे। उपचार के बाद कैबिनेट मंत्री पुलिस चौकी मगहर पहुंचे। यहां चौकी प्रभारी के न मिलने पर वे मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए।

मंत्री के पीएसओ विनोद कुमार यादव की तहरीर पर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर कठार राधेश्याम यादव, जय प्रकाश यादव उर्फ कवि, दुर्विजय यादव, पीएसी में कार्यरत सिपाही अभिषेक यादव, सुरेंद्र यादव, गजेन्द्र यादव, सुभाष यादव, दुर्ग विजय यादव निवासी गण ग्राम मोहम्मदपुर कठार समेत तमाम अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है।

एएसपी शशि शेखर सिंह ने बताया कि हमला करने वाले सुभाष यादव, गजेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, दुर्ग विजय यादव निवासी मोहम्मदपुर कठार को गिरफ्तार कर लिया गया ।बाद मे इन सभी को जेल भेज दिया गया।



- नौ नामजद और दर्जनों अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, चार गिरफ्तार

## सूरत लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध विजेता

**अमृत विचार नेटवर्क, नई दिल्ली**

**अमृत विचार :** सूरत लोक सभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नमांकन रद्द होने के बाद देर शाम निर्वाचन आयोग ने भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित किया है। कांग्रेस हाई कमान ने कहा है कि सूरत में कांग्रेस के मुख्य उम्मीदवार और डमी उम्मीदवार का नामांकन पत्र खारिज होने के मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाएंगे। लेकिन सूरत के निर्वाचन अधिकारी सौरभ की रिपोर्ट को आयोग ने हरी झंडी दे दी है ।

## केजरीवाल की जमानत को पहुंचा विधि छात्र, हाईकोर्ट ने लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध करने वाली एक विधि छात्र की जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। केजरीवाल आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। विवादों में घिरे आप नेता के वकील ने भी जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल खुद कानूनी उपाय करने में सक्षम हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने टिप्पणी की कि यह याचिका उचित विचार करके दायर नहीं की गई और अदालत उच्च पद पर आसीन किसी व्यक्ति को असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। पीठ ने कहा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज में कक्षा में जाता है? क्या याचिकाकर्ता की उपस्थिती अच्छी है? ऐसा लगता है कि वह कानून के सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहा।

## सपा ने कन्नौज से तेज प्रताप को मैदान में उतारा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- लालू यादव के दामाद हैं तेज प्रताप बलिया से सनातन होंगे उम्मीदवार

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को कन्नौज और बलिया सीट के लिए भी अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है।

पार्टी ने कन्नौज सीट से लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव जबकि बलिया सीट पर सनातन पांडे को चुनाव मैदान में उतारा है।

सपा का गढ़ समझी जाने वाली कन्नौज सीट को लेकर अभी तक चर्चा थी कि यहां से सपा प्रमुख अखिलेश यादव स्वयं चुनाव लड़ेंगे।

तेज प्रताप ने 2014 में मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था व सपा को जीत दिलाई थी। इस बार यहां से डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। वहीं, बलिया सीट पर सपा ने एक बार फिर सनातन पांडे पर अपना भरोसा जताया है।

## हादसे में पत्नी की मौत से दुखी पति ने की आत्महत्या

**हरदोई**

- तीन महीने पहले ही हुई थी दोनों की शादी

**अमृत विचारः** लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर स्कूटी से ड्युटी करने जा रही महिला को तेज़ रफ्तार गाड़ी ने कुचल दिया। महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। महिला की मौत के बाद मौके पर पहुंचा उसका पति सदमें में आ गया। वह घर पहुंचा व बिजली के तार के फंदे से लटककर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों ने बताया कि दोनों का विवाह तीन माह पूर्व ही हुआ था।

सुरसा थाने के दाऊदपुर पचकोहरा निवासी योगेश कुमार पिहानी ब्लाक के टीकमपुरवा में शिक्षक थे। तीन महीने पहले ही कोतवाली शहर के धन्नुपुरवा की 25 वर्षीय मणिकर्णिका के साथ उनका विवाह हुआ था। मणि कर्णिका टड़ियावां सीएचसी में स्टाफ नर्स के पद पर सेवारत थीं। मणिकर्णिका रोज़ की तरह सोमवार की सुबह स्कूटी से ड्यूटी पर आ रही थीं।उसी बीच लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने पहले ठोकर मारी व कुचलते हुए निकल गई। मणकर्णिका की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत के बाद सड़क पर जाम लगा दिया गया। जिसे बाद में थाना सुरसा के पुलिसकर्मियों ने हटवाया। वहीं,

मणिकर्णिका की मौत की खबर सुनकर पति योगेश पचकोहरा चौराहे पर पहुंचें।सड़क पर पत्नी का शव देख वे सदमें में आ गए। किसी से कुछ बोले बिना वह अपने घर पहुंचे। कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर लिया।एएसपी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उचित कार्यवाही की जा रही है।

## रामनगर के राजा रत्नाकर सिंह का निधन

**अमृत विचार, बाराबंकीः** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बड़े दामाद रामनगर (धमेड़ी) स्टेट के राजा रत्नाकर सिंह का सोमवार को निधन हो गया। 61 वर्षीय रत्नाकर सिंह लगभग एक साल से कैंसर से पीड़ित थे। दिग्विजय सिंह की बड़ी बेटी मृणालिनी से राजा रत्नाकर सिंह का विवाह हुआ था। पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि रामनगर में ही की गयी। इसमें कई राज्यों के जाने-माने नेता और कई राजघरानों के सदस्य पहुंचे। इनमें कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप आदि शामिल थे।



## एक नजर

### नरेन्द्र प्रताप बनाए गए समन्वयक अधिकारी

अयोध्या, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति किये जाने के फलस्वरूप व्यय प्रेक्षक के लिए लाइजनिंग ऑफिसर आशुलिपिक व कम्प्यूटर सहायक की ड्यूटी लगायी गयी है। विश्वास सोपानराव मुंडे को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। इनके साथ समन्वयक अधिकारी के रूप में नगर निगम के लेखाधिकारी नरेन्द्र प्रताप सिंह को लगाया गया है। आशुलिपिक गणेश शंकर व संतोष कुमार मौर्य की कम्प्यूटर सहायक के रूप में ड्यूटी लगायी गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि समन्वयक अधिकारी व्यय प्रेक्षक के आगमन से लेकर प्रस्थान तक सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करेंगे।



# हाथों से लाचार शिवानी ने रच दिया प्रतिभा का इतिहास

भेलसर, अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 'लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती'। हरिवंश राय बच्चन की इन पंक्तियों को सच साबित किया है रुदौली के बाल्मीकि वार्ड की बिटिया शिवानी कुमारी ने।

शिवानी जब ढाई साल की थी तो मशीन की चपेट में आने से उसके दोनों हाथ कट गए थे। दोनों हाथ नहीं होने पर भी भविष्य के सपनों की इबारत लिखना उसको आता है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रुदौली की छात्रा शिवानी ने पैरों से लिखकर 67 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम श्रेणी में हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। दुर्घटना के दो वर्षों बाद ही उसने पैरों से लिखना और घर का सारा काम करना शुरू कर दिया था। शिवानी की माँ दसरथा देवी ने कहा कि शिवानी रोज स्कूल जाती है। सामान्य बच्चों की तरह बेंच पर बैठकर लिखती पढ़ती है। साथ ही पैरों से ही खाना खाने, झाड़ू लगाने, बर्तन मांजने और कपड़ा धोने तक का कार्य कर लेती है।

शिवानी ने बताया कि उसका सपना प्रशासनिक अधिकारी बनने का है इसके लिए वह दिन-रात मेहनत करेगी। पिता धर्मराज ने भावुक होकर कहा बिटिया जो करना चाहेगी उसे कराएंगे। सात भाई बहनों मे शिवानी छठे नंबर की संतान है। पिता धर्मराज अधिया पर किसानी करते है और मां दशरथा गृहिणी हैं।


पैरों से स्केच बनाती शिवानी।

**जज्बा**

- दिव्यांग ने हाईस्कूल की परीक्षा प्रथम श्रेणी में की उत्तीर्ण
- ढाई साल की उम्र में गवां दिए थे दोनों हाथ

### मोबाइल चलाने एवं स्केच बनाने में भी माहिर शिवानी

दिव्यांग शिवानी मोबाइल चलाने में भी माहिर है। उसकी हिन्दी-इंग्लिश की लिखावट भी काफी सुंदर है। पेन चलाना, कॉपी के पेज पलटना वो आसानी से करती हैं। साथ ही मोबाइल चलाने का काम भी आसानी से कर लेती है। वो अपने पैरों से बहुत ही सुंदर स्केच एवं पेंटिंग भी कर लेती है।

### सम्मानित करेगा शिक्षा विभाग

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि दिव्यांग शिवानी को शीघ्र ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह बिटिया अपन आप में बालिका सशक्तिकरण की मिसाल है।

> शिवानी मेधावी छात्रा है। दोनों हाथ न होते हुए भी सकारात्मक सोच ही उसकी शक्ति है। विद्यालय में होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। मैं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। **-अफरीन फातिमा, प्रधानाचार्य, जीजीआईसी, रुदौली**

# नगर निगम के बेड़े में शामिल होगा क्रॉचर

अयोध्या कार्यालय

- **सफाई की नई मशीन का अफसरों ने सिविल लाइंस में देखा डेमो**

**अमृत विचार :** अयोध्या को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में लगातार काम चल रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था को और भी मजबूत करने के लिए नगर निगम के बेड़े में अत्याधुनिक मशीनों को शामिल करने की कवायद चल रही है। इसी कड़ी में सोमवार को सड़क की सफाई करने के लिए आई दो मशीनों (क्रॉचर) का डेमो देखा गया।

नगर निगम कार्यालय के बाहर सड़कों पर संस्था के कर्मचारियों ने खुद मशीन चलाकर अफसरों को उसकी कार्यशैली के बारे में विस्तार से बताया। इस एक मशीन की कीमत लगभग 60 हजार के करीब बताई जा रही है। अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अयोध्या नगर निगम भी दूसरे बड़े नगर निगमों की तरह काम कर रहा है। स्मार्ट सिटी के तहत अयोध्या में काम होना है। इसलिए सफाई के लिए अत्याधुनिक मशीनों की भी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि नोएडा से यह दो मशीनें आई हैं। मशीन के नीचे लगे ब्रश सड़कों को साफ करते हैं। हालांकि अभी इसका सिर्फ डेमा देखा गया है। इस दौरान नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ला के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# शक्तिविहार कॉलोनी में लोगों ने किया हंगामा, बैरंग लौटे बिजली कर्मचारी

## ट्रांसफार्मर लगाने के लिए गली में चबूतरा बनाने का किया विरोध

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर के रामपथ से सटी शक्ति विहार कॉलोनी में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब बिजली कर्मी कॉलोनी के एक 12 फुट के रास्ते में ट्रांसफार्मर लगाने पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने यह कहते हुए अपना विरोध किया कि रास्ता बहुत पतला है। ऐसे में चबूतरा बनाकर ट्रांसफार्मर रखने से आवागमन प्रभावित होगा।

लोगों का कहना है कि यही एक रास्ता है जिससे लोग अपने चार पहिया वाहन निकालते है। हंगामे और विरोध की सूचना पर पॉवर कॉर्पोरेशन नियावा के अवर अभियता मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा न उत्पन्न करने की बात कही। जेई की इस बात को लेकर लोग भड़क गए। मामला बढ़ने पर अवर अभियंता और विद्युत कर्मियों से तीखी बहस हो गई। काफी देर हंगामा चला। लोगों का आक्रोश देख विद्युत कर्मी लौट गए। कॉलोनीवासी सुन्दर जायसवाल, अंशू गोयल, अनूप मिश्रा, विजय मिश्र, राकेश मिश्रा, लाल जी जायसवाल, अंशू पाण्डे, संजय तिवारी और रामेश्वर का कहना है कि रास्ता पहले से ही संकरा है। चबूतरा बन जाने से कार नहीं घूम पाएगी। गली में करीब 15 मकान है।


इसी गली में नीचे ट्रांसफार्मर रखने को लेकर विवाद है। अमृत विचार

> अभी लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। लोग अगर नहीं माने तो फिर सरकारी कार्य में कोई हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। **– दया शंकर, जेई नियावा विद्युत उपकेंद्र**

### 24 घंटे भी नहीं चला ट्रांसफार्मर 15 हजार लोग फिर अंधेरे में

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** धारा रोड पर लगाया गया नया ट्रांसफार्मर 24 घंटे भर नहीं चल सका और सोमवार सुबह हीट होकर फुंक गया। जिससे करीब 15 हजार लोग फिर अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। बिजली संकट झेल रहे लोगों में पॉवर कॉर्पोरेशन के खिलाफ तीखा आक्रोश है। धारा रोड पर शनिवार को ट्रांसफार्मर फुंक गया था। बड़ी जद्दोजहद के बाद रविवार दोपहर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।जो सोमवार सुबह छह बजे ही फुंक गया। जिसके कारण फिर दिलकुशा कॉलोनी समेत कई आवासीय क्षेत्र और सरकारी दफ्तर बिजली संकट से घिर गए हैं। लोगों का आरोप है कि पुराना ट्रांसफार्मर लगाया गया। जो 24 घंटे भी नही चल पाया। स्थानीय निवासी मनोज मेहरोत्रा समेत अन्य ने पॉवर कॉर्पोरेशन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जेई चौक नरेश जायसवाल ने बताया कि ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर फुंका है। लापरवाही का आरोप गलत है। अब दूसरा लगाया जा रहा है।

## प्रेरणा उत्सव के लिए 30 छात्र-छात्राएं चयनित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** प्रेरणा उत्सव का दूसरा चरण सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में सम्पन्न हुआ। इसमें कला, निबन्ध लेखन, कविता लेखन में 29 छात्र व 32 छात्राएं शामिल हुए। इसमें 15 छात्र व 15 छात्राओं का चयन अनन्तिम रूप से तृतीय स्तर के साक्षात्कार के लिए हुआ है। इनमें से एक छात्र और एक छात्रा का चयन मंत्रालय स्तर पर चयन वडनगर गुजरात के लिए किया जाएगा। जहां पर वह प्रधानमंत्री के शिक्षा सम्बन्धी प्रतिष्ठानों का अवलोकन करेंगे और उनसे प्रेरणा लेकर भविष्य को सफल बनाएंगे।

कार्यक्रम में विद्यालय की संगीत शिक्षिका प्रियंका भारती के निर्देशन में छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के आईएएस स्वाति शर्मा का प्राचार्य कृष्ण कुमार मिश्र ने स्वागत करते हुए प्रेरणा उत्सव के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने असफल हुए बच्चों को निराश न होने की प्रेरणा दी। उप प्राचार्य एसबी यादव ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। इस अवसर पर डीआइओएस प्रतिनिधि वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश वर्मा ने विकसित भारत के लिए छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। संचालन राजेश कुमार ने किया।

# पहले दिन प्रशिक्षण से गायब रहे 25 कर्मचारी


साकेत महाविद्यालय में प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थिति दर्ज कराने के लिए जुटे कार्मिक। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार से साकेत महाविद्यालय में शुरु हुए प्रशिक्षण के पहले दिन 25 कर्मचारी गैरहाजिर रहे। जिनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार कार्मिक कोड संख्या -01 से 1800 तक के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था। इसमें 100 कर्मचारियों को प्रथम पाली में व 100 को द्वितीय पाली में प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 100 में से 33 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित थे। इसमें 22 कार्मिक नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हैं।

जिन्हें बैंक मूल्यांकन के कारण 26 अप्रैल को विकास भवन में प्रशिक्षण दिया जायेगा। बताया गया कि इस प्रकार प्रथम पाली में वास्तविक रूप से कुल 11 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित थे। जिनमें उपीठासीन याचिकारी एवं चार प्रथम मतदान अधिकारी है। इन सभी के विरुद्ध प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने के लिए नियंत्रक विभागीय अधिकारी के माध्यम के प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जा रही है। द्वितीय पाली में 111 से 1800 तक के कार्मिकों को कार्मिक को प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से 14 कार्मिक प्रशिक्षण अनुपस्थित रहे। जिसमें दो कार्मिक नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के हैं। इनके विरुद्ध भी रिपोर्ट दर्ज करायी जा रही है। यह सूचना कार्मिक प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी की गई है।



विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता रैली निकालते नगर निगम कर्मी। अमृत विचार

# बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पढ़ाया पाठ

अयोध्या कार्यालय।

**विश्व पृथ्वी दिवस**

**अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस पर जिले भर में जगह-जगह आयोजन हुए। विद्यालयों में बच्चों को पर्यावरण का पाठ पढ़ाते हुए उनसे पौध रोपण की अपील की गई।

लता चौक से प्रारम्भ होकर घाट क्षेत्र में जन सहयोग व निगम की ओर से सोमवार को पिकिंग-श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आमजन से अयोध्या को स्वच्छ व सुन्दर नगरी के स्वरूप में विकसित किये जाने के लिए सहयोग की अपील की गई। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि अयोध्या विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित हो रही है। स्वच्छता से हमारी सभ्यता की पहचान होती हैं। उन्होंने सभी से अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर और जन्मदिन पर एक-एक पौधा अवश्य लगाने और उसकी देखरेख करने की अपील की। जेबी अकादमी में प्रधानाचार्य वीके जोशी ने बच्चों से पौध रोपण की अपील करते हुए उन्हे वृक्षों से होने वाले लाभ पर प्रकाश डाला। बच्चों ने इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण की अनेक प्रस्तुतियां दीं। अमर पब्लिक स्कूल में विज्ञान शिक्षिका शिखा सिंह ने बच्चों को पृथ्वी के लिए हानिकारक तत्वों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने पर जोर दिया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए पृथ्वी संरक्षण पर प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रधानाचार्या आकांक्षा त्रिपाठी ने शहरीकरण और अंधाधुंध वृक्ष काटने से पृथ्वी पर होने वाली हानियों को बताया।

# टेनिसबॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में यूपी की बालिका टीम ने रचा इतिहास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** 31 वें फेडरेशन कप टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में उप्र बालिका टीम ने लगातार चौथी बार विजेता बन इतिहास रच दिया है। अमृतसर पंजाब के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में 19 अप्रैल से हुई प्रतियोगिता में देश की सीनियर नेशनल बेस्ट आठ टीमें प्रतिभाग करती हैं। टीम का इस उपलब्धि पर संयुक्त शिक्षा निदेशक सतीश सिंह, डीआइओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय क्रीड़ा समित के संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ अध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी, प्रदेश संघ के संयुक्त सचिव व प्रदेश टीम कोच रमेंद्र सिंह, जीजीआइसी प्रधानाचार्या कुसुम लता, जिला ओलम्पिक संघ के सचिव परमेंद्र सिंह, तलवार बाजी संघ सचिव बिजेंद्र सिंह, कैंब्रियन स्कूल के प्रधानाचार्य जयंत बोस आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।


फेडरेशन कप विजेता उप्र बालिका टेनिसबॉल क्रिकेट टीम कप के साथ।

- **लगातार चौथी बार जीता फेडरेशन कप, प्रदेश टीम में शामिल रहीं अयोध्या की 11 खिलाड़ी**

प्रतियोगिता के लीग में उप्र बालिका टीम ने जम्मू, मुंबई व राजस्थान को पराजित कर अंतिम चार में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में तमिलनाडु को 10 विकेट से पराजित कर खिताबी दौर में स्थान बनाया। फाइनल मुकाबले में उप्र टीम के 68 रन के जवाब में महाराष्ट्र टीम 50 रनों पर सिमट गई और खिताब उप्र टीम ने जीत लिया। टीम में ऋषिका तिवारी, मुस्कान जायसवाल, नीलम निषाद, विधि यादव, दिव्यानी सिंह, नेहा वर्मा, शालिनी सिंह, तृप्ति, मोहिनी निषाद, अंशिका सिंह, दिव्यांशी निगम (सभी अयोध्या), आयुषी सिंह (वाराणसी), शिवांगी व डॉली ( बरेली) शामिल रहीं।

## सार-संक्षेप

### विधानसभा स्तर पर होगा बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भाजपा के लोकसभा संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने बताया कि भाजपा ने बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को लेकर स्थान व समय निश्चित कर दिया है। लोकसभा क्षेत्र में 24 मंडल, 301 शक्ति केन्द्र, 2074 बूथ हैं। विधान सभा स्तर पर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें विधान सभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र के प्रभारी संयोजक, बूथ अध्यक्ष, एलओ-2 सहित विधान सभा के अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। मिल्कीपुर व बीकापुर विधानसभा क्षेत्र की बैठक 27 अप्रैल, रुदौली की 28 व अयोध्या की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की गई है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बूथ विजय अभियान के तहत बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। पिछली बार की तुलना में हर बूथ पर अधिक मत प्राप्त करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा हर बूथ पर विजय अभियान के साथ कमजोर बूथों पर अधिक सक्रियता को लेकर बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन किया जा रहा है।


बैठक में मौजूद लोकसभा संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी।

### बच्चों ने पृथ्वी बचाओ-भविष्य बनाओ जागरूकता रैली निकाली



विश्व पृथ्वी दिवस पर रैली निकालते स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** डीएन स्कूल चरेरा पूरा बाजार में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने पृथ्वी बचाओ-भविष्य बनाओ जागरूकता रैली निकालकर रोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न संदेशों जैसे पेड़ लगाओ, धरती को स्वर्ग बनाओ, धरती हमारी सबसे न्यारी इसमें बसती दुनिया सारी, सेव अर्थ सेव लाइफ आदि के माध्यम से सभी को पृथ्वी का महत्व एव पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी का आह्वान किया। रैली को प्रधानाचार्य शिखा श्रीवास्तव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रबंधक अरुणोदय सिंह ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पृथ्वी को हरा भरा रखने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।

### भाकियू नहीं करेगी किसी भी पार्टी का प्रचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शहीद उद्यान में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की जनपदीय मासिक पंचायत हुई। पंचायत में सर्वसम्मति से तय किया गया कि भारतीय किसान यूनियन लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी व प्रत्याशी का प्रचार नहीं करेगी। यूनियन ने निर्णय लिया कि संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। पंचायत में पांच मई को तहसील मिल्कीपुर के असकरनपुर चौराहा, 11 को तहसील बीकापुर के आदर्श इंटर कॉलेज रामपुर भगन और 12मई को तहसील सदर के सुभाष इंटर कॉलेज राजापुर सरैया में कार्यकर्ता सम्मेलन करने का भी निर्णय लिया गया। भाकियू के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की बिजली माफी की घोषणा पूरी तरह बेमानी है। मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा व जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने कहा कि भाकियू कार्यकर्ता व पदाधिकारी गांव-गांव चौपाल लगाकर व सदस्यता अभियान चला कर संगठन को मजबूत करेगा। पंचायत में देवी प्रसाद वर्मा, राजदेव यादव, गब्बर गोस्वामी, रंजीत कोरी, संतोष वर्मा, भागीरथी वर्मा, दशरथ सिंह, जितेंद्र कुमार, उर्मिला निषाद आदि मौजूद रहे।


भाकियू की जिला पंचायत में मौजूद पदाधिकारी।

**कवायद** फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम, बच्चों की भी होंगी प्रतियोगिताएं

# अद्भुत अयोध्या अभियान चलाएगा जिला प्रशासन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अदभुद अयोध्या अभियान चलाएगा। इसमें अच्छा काम करने वाले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच बीएलओ, एक सुपरवाइजर नायाब तहसीलदार, तहसीलदार व एसडीएम सम्मानित किए जाएंगे। लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों की निबंध प्रतियोगिता समेत अन्य प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार ने सोमवार को देते हुए बताया कि स्वीप के अंतर्गत ये मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वो लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गत चुनाव में जहां पर मतदान प्रतिशत कम था, उसका क्या कारण था इस पर भी विचार कर समाधान कराया जाएगा। बीएलओ भी डोर-टू-डोर सर्वे करेंगे। मतदाताओं के पास एपिक कार्ड है कि नहीं, नए मतदाताओं को एपिक कार्ड मिला है कि नहीं, इसका भी सर्वे होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना था कि अयोध्या अद्भुत है। यहां सब कुछ अद्भुत हो रहा है। इसलिए मतदान प्रतिशत भी अद्भुत होना चाहिए, ऐसा प्रयास रहेगा।


कलक्ट्रेट के सभागार में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार व मौजूद अफसर।

**विश्वास बने व्यय प्रेक्षक**

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 54-फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति किये गए हैं। विश्वास सोपानराव मुंडे को व्यय प्रेक्षक बनाया गया हैं। इनके साथ लेखाधिकारी नगर निगम नरेन्द्र प्रताप सिंह को लाइजनिंग ऑफिसर बनाया गया है। आशुलिपिक गणेश शंकर व कम्प्यूटर सहायक संतोष कुमार मौर्य की ड्यूटी लगायी गयी है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि लाइजनिंग ऑफिसर व्यय प्रेक्षक के आगमन से लेकर प्रस्थान तक सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करेंगे।

### अद्भुत अयोध्या स्वीप पुस्तिका का हुआ विमोचन

**अयोध्या।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के सम्बंध में मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल अधिकारी ऋषिराज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह सहित समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं बूथ लेबल आफिसर्स (बी0एल0ओ0), सुपर वाइजर आदि के साथ कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा अद्भुत अयोध्या स्वीप पुस्तिका का विमोचन किया गया।

# जहरीले पदार्थ के सेवन से विवाहिता की मौत

**तारुन अयोध्या। अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव निवासी एक विवाहिता रिंकी की सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। ससुराल और मायके पक्ष में हुई पंचायत के बाद चार माह पूर्व वह अपने ससुराल आई थी। उसे रविवार को उल्टियां होने पर सीएचसी तारुन से गंभीर हालात जिला अस्पातल रेफर किया गया था। जहां से दर्शननगर मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में विवाहिता की मौत हो गई। थाना प्रभारी ओमप्रकाश राय का कहना है कि विवाहिता के पिता अंबेडकरनगर निवासी सुरेश निषाद की शिकायत पर पुलिस ने रोहित, जेठ अंकित, सास अनारकली, ससुर राम औतार व ननद आदि के खिलाफ प्रताड़ना और दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। शव का पोस्टमार्टम और विवेचना कराई जा रही है।

- **तारुन थाना क्षेत्र की घटना, दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज**

**पहले भी लगा था मारकर गायब करने का आरोप :** विवाहिता रिंकी 6 जून 2023 को शौच के बहाने घर से निकली थी और फिर वापस नहीं लौटी थी। जिसके बाद मायकेवालों ने हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया था। बाद में विवाहिता अपने मायके पहुँच गई थी और दहेज प्रताड़ना को लेकर दोनों पक्षों बीच पंचायत हुई थी। सुलह-समझौते के बाद चार माह पहले वह स्वयं ससुराल चली आई थी।


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919



# 200 किसानों की गेहूं की फसल हुई राख

**परेशानी : 60 फीसदी से अधिक किसानों ने अपनी फसल का बीमा नहीं करा रखा था**

## 15 दिन में 500 बीघा से अधिक गेहूं की खड़ी फसलें अब तक हुई बर्बाद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तेज हवा और खेतों से गुजरते जर्जर बिजली के तार अन्नदाता के लिए काल सरीखे बन गए हैं। विद्युत शॉर्ट सर्किट से जिले में रोज 50 से 70 बीघा खेतों में खड़ी गेहूं की फसल आग की चपेट में आकर राख हो रही है। अब तक 15 दिनों में 200 से अधिक किसानों की 500 बीघा से अधिक फसल जलकर बर्बाद हो चुकी है।

इतना ही नहीं पीड़ित किसानों को मुआवजा देने के नाम पर सारी कवायद लेखपालों द्वारा मौके की रिपोर्ट भेजने तक ही सिमटी है। यह हाल तब है जब गेहूं खरीद के लिए क्रय केन्द्र खोल कर गांव - गांव किसानों को प्रेरित किया जा रहा है।

जिले के सभी 11 ब्लॉकों के गांवों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। इसे लेकर सोमवार को 'अमृत विचार' की ओर कराई गई

**पड़ताल**

पड़ताल में भयावह तस्वीर सामने आई है। पीड़ित किसान खेतों में खड़ी गेहूं की फसल राख होते देख बेहाल हैं, लेकिन सुनवाई कहीं नहीं हो रही है। बताया जाता है कि इनमें से 60 फीसदी से अधिक किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपनी फसल का बीमा नहीं करा रखा था। ऐसे में वह बड़ी आर्थिक चोट से भी लहुलुहान हैं।


बीकापुर में सरायखरगी में जली फसल के दौरान मौजूद किसान ( फाइल फोटो )।

**मुआवजे के नाम पर लेखपाल की रिपोर्ट तक ही सिमटी है कवायद**

### बीकापुर में सात दिनों में 150 बीघा गेहूं जला

बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्र में आग से एक सप्ताह में पाठक का पुरवा सराय खरगी, भैरौपुर टिकरा, बसंतपुर सहित दर्जनों गांवों में आग से करीब 150 बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जिसमें कई खेतों की फसल की कटाई हो चुकी थी। आग लगने से कई छप्पर और घर का समान भी जल गया। अलग-अलग ग्राम प्रधानों द्वारा बताया गया आगजनी में 50 किसानों की 150 बीघा से अधिक फसल का नुकसान हुआ है। बीकापुर फायर दस्ता के कार्यवाहक प्रभारी रामविलास ने बताया कि खेतों में कहीं-कहीं विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लगने से कई बीघा गेहूं जलकर राख हो गया है।

### पूराबाजार में अब तक जली 18 किसानों की 41 बीघा फसल

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : तेज हवा से हुए विद्युत शॉर्ट सर्किट व अज्ञात कारणों से हुए अग्निकांड से 18 किसानों के 41 बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो चुकी है। तहसील प्रशासन से किसी को कोई सहायता नहीं मिली है। एक अप्रैल को थाना पूराकलंदर के कर्मा डिहवा विद्युत की लाइन के तार आपस में टकराने से चार किसानों के छह बीघा गेहूं की फसल व एक किसान का दो बीघा गन्ने की फसल राख हो गई। थाना महाराजगंज के अंकवारा में अग्निकांड से दो किसानों का चार बीघा गेहूं की फसल जल गई। प्रधान प्रतिनिधि राजेश मौर्य ने बताया कि लेखपाल ने केवल नुकसान की लिस्ट भेजी है। रसूलाबाद खानपुर में 18 अप्रैल को आठ किसानों का 21 बीघा गेहूं की फसल राख हो गई। 19 अप्रैल को थाना महाराजगंज के ऐमीघाट जंगल में किनारे स्थित चार किसानों का 10 बीघा गेहूं की फसल जल गया।

## तीन दिनों में जली 40 बीघे गेहूं की फसल


सोहावल में जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : पिछले सप्ताह लगातार तीन दिनों में तेज हवा के बीच विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने चार गांव से जुड़ी करीब 40 बीघे से ज्यादा की खड़ी गेंहू की फसल जला कर राख कर दिया और 20 से ज्यादा किसान पीड़ित हुए। इसके बाद पावर कॉर्पोरेशन ने दिन में हवा तेज होते ही आपूर्ति ठप रखने का फैसला ले लिया है। शुरुआत बड़ागांव के सारंगपुर से हुई। जहां 12 किसानों की जुड़ी लगभग 20 बीघा खड़ी गेहूं की फसल को आग से स्वाहा कर दिया। 17 अप्रैल को नहर के किनारे करेरू गांव के पास 11000 वोल्ट की लाइन का तार टूटा और आग लगी तो 10 बीघा से ज्यादा फसल जल गई। इसके अगले दिन भी तेज हवा के बीच विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लगी तो साल्हे पुर निमैचा में एक किसान की दो बीघा और कटरौली पाठक पुरवा में दो किसानों की आठ बीघे से ज्यादा की फसल आग की भेंट चढ़ गई।

> शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार पीड़ित किसानों की फसल की क्षति का आंकलन करा लिया गया है। जल्द ही सहायता राशि का चेक बना कर वितरण किया जाएगा। - **विनोद चौधरी, तहसीलदार सोहावल**

### एक सप्ताह में 50 बीघा फसल जली

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली इलाके में एक सप्ताह के अंदर आग लगने की तीन घटनाएं हुईं। 16 अप्रैल को पुरौवा निवासी पंकज सिंह के खेत में आग लग गयी। 12 बीघा गेंहू जलकर खाक हो गया। 19 अप्रैल को अमसिन गांव के पंकज के खेत में हाईटेंशन तार के टकराव से निकली चिंगारी ने लगभग एक एकड़ गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। तहसीलदार सदर गौरीशंकर वर्मा का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार सभी अग्नि पीड़ितों के क्षति का आंकलन कराकर रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है।

> खेतों में आग लगने की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। जितनी क्षति रोकी जा सकती है रोकी जा रही है। जहां तक जर्जर तारों आदि का प्रश्न है पूर्व में ही पावर कॉर्पोरेशन को पत्र लिख दिया था। -**एमपी सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अयोध्या**

> आग लगने से जल रहीं गेहूं की फसल का आंकलन राजस्व विभाग कर रहा है। वह जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजेगा। इस संबंध में कोई दिशा-निर्देश आते हैं तो कारवाई की जाएगी। पीड़ित किसानों की मदद के लिए विभाग हर समय तैयार है। - **ओपी मिश्र, जिला कृषि अधिकारी**

> लगातार जल रही गेहूं की फसलों के कारण खरीद भी प्रभावित हो रही है। क्रय केन्द्रों पर किसान नहीं आ रहे हैं। विभाग गांव-गांव जाकर स्थिति देख रहा है। -**अजीत सिंह, डिप्टी आरएमओ**

# छठ उत्सव के साथ श्रीराम जन्मोत्सव संपन्न

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला का सोमवार को छठ उत्सव मनाए जाने के साथ ही मठ-मंदिरों में श्रीराम जन्मोत्सव का समापन हो गया। सुबह मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम होते ही भजन संध्या का आयोजन हुआ। जुग-जुग जियो कौशल्या जी के ललनवा, अवध में जन्मे श्रीराम आदि भजनों के आयोजन ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान तरह-तरह के व्यंजनों का भोग लगा। श्रीराम के अवतरित होने के बाद कनक भवन, श्रीराम बल्लभाकुंज, दशरथ महल, लक्ष्मण किला, हनुमत निवास, जानकी महल, रामलला सदनम, रंग महल सहित अन्य कई मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक आयोजन किया जा रहा था। सोमवार देर शाम श्रीराम हर्षण कुंज, जानकी महल, हनुमत हरिराम सदन, सियाराम किला छठ उत्सव मनाए जाने की विशेष परंपरा का आयोजन किया गया। भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया।


राम वल्लभा कुंज में रामलला को लगा छप्पन भोग।

### परिसर में प्रतीकात्मक रूप से मना जन्मोत्सव

राम जन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला के गर्भगृह में भी छठ उत्सव प्रतीकात्मक रूप से मनाया गया। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से कोई विशेष आयोजन नहीं किया गया। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की मानें तो प्रतिदिन की तरह रामलला की पूजा-अर्चना की गई। दोपहर में दाल, चावल, पूरी-सब्जी और तसमई का विशेष भोग लगाया गया।

# ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में लगी आग

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार।** कैंट थाना क्षेत्र के औद्यगिक क्षेत्र स्थित एक ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में सोमवार शाम आग लगने के बाद क्षेत्र में हलचल मच गई। हालांकि मौके पर पहुंचे फायर दस्ते ने आग पर काबू पा लिया और ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। वहीं गद्दोपुर गांव क्षेत्र में लगी आग में कई किसानों की लगभग 12 बीघे गेंहू की फसल जली है।

कैंट थाना क्षेत्र के गद्दोपुर स्थित औद्यगिक क्षेत्र में आनंद ट्रांसफार्मर फैक्ट्री से सोमवार शाम करीब चार बजे तेज धुंए का गुबार उठा तो क्षेत्र में हलचल मच गई। लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और सूचना पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी गई। कुछ ही देर में धुंए का गुबार आग की लपटों में तब्दील हो गया। ट्रांसफार्मर फैक्ट्री परिसर से सटी चावल मिल होने के चलते लोग बड़े हादसे की आशंका से हलकान रहे।


आग बुझाता फायर कर्मी।

कैंट पुलिस के साथ अग्निशमन अधिकारी दो फायर दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे। आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र द्विवेदी का कहना है कि ट्रांसफार्मर ऑयल फिल्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। फोम टेंडर की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है और क्षति का आंकलन कराया जा रहा है।

वहीं इसी थाना क्षेत्र के गद्दोपुर में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे जगदंबा सिंह के गेंहू के खेत में आग लग गई। मामले की जानकारी पर किसानों ने खेत में ट्रैक्टर की मदद से रोटावेटर चला आग को घेर दिया। देर से पहुंचे फायर दस्ते ने आग पर काबू पाया है। इस दौरान जगदंबा सिंह का चार बीघा, संतोष सिंह का साढ़े तीन बीघा और बड़का गद्दोपुर निवासी किसनों की कुल साढ़े चार बीघा गेंहू की फसल जल गई।

### मड़ाई के लिए रखा छह बीघा गेहूं जल कर राख

सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक नगर पंचायत खिरौनी के मजरे अहलाद पुरवा में सोमवार दोपहर लगी आग में मड़ाई के लिए रखा छह बीघे खेत का गेहूं जल गया। पीड़ित किसान राज किशोर वर्मा ने आगजनी का कारण खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी को बताया है। अग्नि शमन केंद्र प्रभारी कमलेश मिश्रा ने बताया आग पर काबू पा लिया गया है।

# युवक समेत तीन की मौत दो की नहीं हुई शिनाख्त

**अयोध्या, अमृत विचार।** जिला अस्पताल प्रशासन ने एक युवक समेत तीन को जिला अस्पताल लाए जाने पर मृत घोषित किया है। मृतकों में अभी दो की पहचान नहीं हो पाई है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के तेलियागढ़ का रहने वाला सचिन गुप्ता पुत्र संगमलाल अपने भाई शिवम गुप्ता को लेकर रविवार मध्य रात्रि के बाद 2.10 बजे जिला अस्पताल आया तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सचिन ने बताया कि उसका भाई दो दिन पहले बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान सहादतगंज क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गया था। वहीं फतेहगंज चौराहा निवासी विक्रम सिनी पुत्र राज कुमार ने रात दो बजे एक 30 वर्षीय युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। वो लालबाग रेलवे कॉसिंग के निकट गंभीर घायल पड़ा था। डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। जबकि एक 50 वर्षीय व्यक्ति को एंबुलेंस के ईएमटी शारदा प्रसाद ने मृत अवस्था में रविवार रात अस्पताल पहुंचाया है। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मेमो पुलिस को भेजवाया गया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि हादसे में मृत युवक का पीएम कराया गया है। अन्य की पहचान कराई जा रही है।


राम मंदिर में दर्शन के पश्चात सीढ़ियों पर बैठे प्रवासी रामभक्त। अमृत विचार

# रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के भक्त, जय श्रीराम का किया उद्घोष

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राममंदिर में 30 देश के 90 प्रवासी भारतीय और दिल्ली से आए करीब 400 लोगों ने सोमवार को रामलला के दर्शन किए। मंदिर की भव्यता-दिव्यता को देखकर सभी भाव-विभोर हो उठे। इस प्रतिनिधिमंडल में भूटान एंबेसडर और तिब्बत के स्पीकर भी शामिल रहे। दिल्ली के स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष विजय जॉली के नेतृत्व में आया यह प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह जन्मभूमि पर स्थित राम मंदिर ट्रस्ट के यात्री सुविधा केंद्र पर पहुंचा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल जी, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश कुनार ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद जत्थे में शामिल सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। समूह के सदस्यों का अलग-अलग भाषा शैली में जय श्रीराम का उद्घोष आकर्षण का केंद्र बन गया। यात्रा में प्रमुख रूप से भूटान राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य ( ताइवान ) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल के साथ प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य ( ताईवान ), तजाकिस्तान, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका से आये भक्त शामिल रहे।

### हिंदुज्म और बुद्धिज्म एक दूसरे के करीबः नांबियार

भूटान के एंबेसडर नांबियार ने कहा कि हिंदुज्म और बुद्धिज्म एक-दूसरे के बेहद करीब हैं। तिब्बत पार्लियामेंट्री बोर्ड के स्पीकर कैंबीशन ने कहा कि मैं रामलला के दर्शन कर बहुत उत्साहित हूं। वैश्विक भारत ब्रांड एंबेसडर अध्यक्ष दिल्ली स्ट्डी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. विजय जौली ने बताया कि यह रामराज की परिकल्पना है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे सिर्फ एक ही भाव है कि श्रीराम सबके ऊपर अपनी कृपा बरसाते रहें।

## सार-संक्षेप

### वाराणसी-लखनऊ स्पेशल ट्रेन का संचालन अब 21 मई तक

**अयोध्या, अमृत विचार :** वाराणसी से लखनऊ के बीच चलने वाली ट्रेन को समर स्पेशल ट्रेन का दर्जा देते हुए इसके संचालन की अवधि बढ़ा दी गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन का संचालन 21 मई तक के लिए बढ़ाया गया है। यह दोनों तरफ से अयोध्या, रुदौली व दरियाबाद स्टेशन पर रुकेगी।

### 84 कोसी परिक्रमा के लिए आज रवाना होंगे साधु-संत

**अयोध्या।** अयोध्या की सांस्कृतिक सीमा 84 कोसी परिक्रमा के लिए मंगलवार को हजारों की संख्या में संतों का जत्था विश्व हिंदू परिषद मुख्यालय कारसेवकपुरम से मखौड़ा धाम के लिए रवाना होगा। 24 अप्रैल को सुबह चार बजे विधि विधान पूर्वक अनुष्ठान पूजन के बाद प्रारंभ होगा। वैशाख शुक्ल सप्तमी 14 मई को यह यात्रा अयोध्या में रामकोट की परिक्रमा के साथ समाप्त होगी। हनुमान मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** राणी सती मंदिर मसौधा में तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। शिविर की शुरुआत 20 अप्रैल को हुई थी। श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान एवं अवध खेल एसोशिएसन द्वारा आयोजित शिविर में प्रशिक्षक नेहा रंजन द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा के लिए जुडो कराटे की ट्रेनिंग दी गई। संस्थान की प्रबंधक उर्मिला सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा।

### व्यक्तित्व विकास की सीख देने को तैयार होंगे प्रशिक्षक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कौशल विकास मिशन के तहत तकनीकी संस्थानों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ा उच्च कौशल व वर्तमान उद्योग की मांग के अनुरूप श्रम शक्ति की उपलब्धता में जुटी सरकार ने प्रशिक्षण से निकल रही श्रम शक्ति के व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। जिसके तहत चरणबद्ध ढंग से पहले मंडलीय स्तर पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा और फिर यह प्रशिक्षित शिक्षक जिलों में प्रशिक्षकों की फ़ौज तैयार करेंगे। जो विभिन्न स्तर पर तकनीकी शिक्षा हासिल कर रहे विद्यार्थियों को वर्तमान दौर की चुनौतियों से पार पाने का प्रशिक्षण देंगे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या के प्रधानाचार्य मयंक मणि शुक्ल ने बताया कि अपने मंडल में यह प्रशिक्षण चार व पांच मई को होगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या में होने वाले इस प्रशिक्षण के लिए राजकीय आईटीआई अयोध्या, राजकीय आईटीआई सोहावल और रुदौली से तीन-तीन अनुदेशकों को चुना गया है। प्रशिक्षण हासिल करने के बाद यह अनुदेशक अन्य अनुदेशकों को प्रशिक्षित करेंगे।

### डॉ. अनुराग सपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने


सपा कार्यालय पर मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने डॉ. अनुराग आनंद को सपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नामित किया है। उनको सोमवार को पार्टी कार्यालय पर मनोनयन पत्र प्रदान किया गया। उनकी नियुक्ति पर लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां, पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय आदि ने हर्ष जताया है।

**हालात** तरबूज, खरबूज और बेल की बढ़ गई मांग, गन्ने का रस भी बुझा रहा लोगों की प्यास

# 40 डिग्री पहुंच रहा पारा, गर्मी से आम जनमानस हारा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अप्रैल माह में ही पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। आम जनमानस गर्मी से परेशान है। गर्मी के चलते स्कूल-कॉलेजों में ही नहीं बल्कि सरकारी कार्यालयों में भी उपस्थिति कम दिख रही है। सड़कों पर निकलने वाले लोग भी कहीं रुकने पर छांव की ही तलाश में रहते हैं। मौसम की नजाकत को देखते हुए तरबूज, खरबूज और गन्ने की रस की मांग में इजाफा हो गया है। एसी और कूलर के बाजार में तेजी आ गई है। स्वास्थ्य विभाग भी हीट स्ट्रोक के खतरे को भांपते हुए जगह-जगह जागरुकता के बोर्ड लगवाने लगा है। साथ ही दवाओं के स्टॉक के अलावा बेड भी आरक्षित कराए जा रहे हैं।

'गर्मी में करें बचाव, याद रखें ये सुझाव' स्लोगन से शहर में 12 से भी अधिक जगहों पर बोर्ड लगाए गए हैं। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि सीएचसी व पीएचसी के पास भी ऐसे बोर्ड लगवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही सीएचसी पर बेड आरक्षित कराए जा रहे हैं। दवाओं के साथ ही ओआरएस घोल का भी स्टॉक रखवाया गया है।


बेल के शरबत के इंतजार में खड़े लोग। अमृत विचार


सिविल लाइन्स स्थित शोरूम में एसी की खरीदारी करते लोग।

### तहसील में भी पसरा सन्नाटा

सोहावल प्रतिनिधि के अनुसार लू और तेज गर्मी के बीच परवान चढ़ रहे लोक सभा चुनाव का असर सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर दिखाई पड़ने लगा है। तहसील परिसर हो या ब्लॉक मुख्यालय सभी जगह सन्नाटा छाने लगा है। स्टांप विक्रेता विनय सिंह ने बताया कि एक सप्ताह से बिक्री में गिरावट आ रही है। तहसीलदार विनोद चौधरी ने बताया कि चुनाव के कारण प्रशासन की सक्रियता और व्यस्तता बढ़ गई है। न्यायालय चला पाना असंभव होता जा रहा है।

### बच्चे हो रहे बीमार, स्कूलों में उपस्थिति घटी

**मिल्कीपुर अयोध्या। अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पेट दर्द, दस्त व बार-बार प्यास लगने जैसी दिक्कतें आ रही हैं। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू बुजुर्ग में सोमवार को नामांकित 100 बच्चों में से मात्र 24 बच्चों की उपस्थिति रही। दिन में बिजली सप्लाई न होने से गर्मी से बच्चों का बुरा हाल था। प्रधानाध्यापक वीरेंद्र दुबे ने बताया कि उनके स्कूल के छह बच्चे बीमार हैं। कई बच्चे विवाह में रिश्तेदारी में गए हैं। विद्यालय में लगा हैण्डपंप का पानी कुछ देर रखने के बाद मटमैले पीले रंग का हो जाता है। प्राथमिक विद्यालय घुरेहटा में नामांकित 66 बच्चों में से मात्र 33 बच्चे स्कूल आये थे। प्रधानाध्यापक रंजित यादव ने बताया कि स्कूल के पंखे और हैंडपंप ठीक हैं। दिन में बिजली सप्लाई बंद होने की वजह से बच्चों पर गर्मी का खासा असर दिखाई पड़ रहा है। बच्चे बार-बार पेट दर्द व दस्त की शिकायत कर रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय जाखा में नामांकित 62 बच्चों में से 38 बच्चे विद्यालय आये थे। प्रधानाध्यापक रवीन्द्र वर्मा ने बताया कि कई बच्चे बीमार हो गए हैं।

# सपा विधायक अभय सिंह के पिता और पत्नी भाजपा में शामिल

## अभय ने राज्यसभा चुनाव में किया था भाजपा के पक्ष में मतदान

▸▸ पूर्व सांसद व पूर्व विधायक समेत अन्य दलों के कई नेताओं को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिम उप्र में भाजपा को लेकर राजपूतों में पसरी नाराजगी के बीच सोमवार को कई बड़े क्षत्रिय नेताओं ने पार्टी का दामन थामा। इसमें सबसे खास गोसाईगंज से सपा के बागी विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बख्श सिंह और पत्नी सरिता सिंह का भाजपा में शामिल होना रहा। याद हो, बीते दिनों ही सपा विधायक अभय सिंह ने पार्टी लाइन से अलग जाकर राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया था।

कई पूर्व सांसद और पूर्व विधायक के अलावा अन्य दलों के कई नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ली है। सभी को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी की सदस्यता दिलवायी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित और प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे भी मौजूद रहे।

**तमाम जिलों के अलग-अलग संगठनों से बने सदस्य**

वहीं, सपा से जिला सचिव रमाकांत यादव (अयोध्या), सपा से भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमेन संजय सिंह राजू (अयोध्या), सपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मराज कोरी (अयोध्या), बसपा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजमणि वर्मा (सुल्तानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तथा पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन सरोज कुमार शुक्ला (लखनऊ), अधिवक्ता सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष सर्वेश चन्द्र कुलश्रेष्ठ (आगरा) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



भाजपा कार्यालय में विभिन्न दलों से आए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### कई दलों के पूर्व प्रत्याशी और पदाधिकारी भी शामिल

इसके अलावा सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी (गोण्डा), नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी (बहराइच), ब्लॉक प्रमुख प्रेम चन्देल (उन्नाव), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष बेलदार (संतकबीरनगर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी तथा सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुंवर चन्द्र वकील (आगरा), सर्व विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल राठौर (फिरोजाबाद), आम आदमी पार्टी से प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता (जौनपुर), अखिल विश्व भोजपुरी समाज विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाण्डेय (वाराणसी), सपा से युवजन सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश कुमार यादव (देवरिया), बसपा से पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी शरद श्रीवास्तव (फर्रूखाबाद), सपा से जिला पंचायत सदस्य राजमणि यादव (अयोध्या), सपा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य शम्भूनाथ सिंह (अयोध्या) ने भी भाजपा की सदस्यता ली है।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के पौत्र ने भी ली सदस्यता

सोमवार को भाजपा की सदस्यता लेने वाले सभी नेताओं में पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह (मथुरा), कांग्रेस के नेता व आजमगढ़ से पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी (वाराणसी), सपा से पूर्व विधायक पहलवान सिंह (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व पूर्व विधायक कुं. कुशलपाल सिंह (मथुरा), बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, बसपा से लखनऊ जोन को-आर्डिनेटर, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा बसपा के वरिष्ठ नेता रामजी गौतम के छोटे भाई प्रमोद चौधरी (लखीमपुर), बसपा के मंडल कोर्डिनेटर व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे करूणाकर पाण्डेय (अयोध्या), नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा (उन्नाव) शामिल रहे।

### अकबरपुर स्टेशन के पास पटरी से उतरा मालगाड़ी का डिब्बा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जनपद के अकबरपुर स्टेशन के पश्चिमी छोर पर टांडा कंक्रीट लेकर जा रही मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर जाने से अफरा-तफरी मच गई। बता दें कि टांडा कंक्रीट लेकर जा रही मालगाड़ी जैसे ही अकबरपुर स्टेशन के पश्चिमी छोर आउटर पर पहुंची तभी अचानक एक डिब्बा पटरी से उतर गया। सूचना पर पहुंची रेलवे की मैकेनिक टीम ने मालगाड़ी के डिब्बे को ठीक करने में जुट गई। हालांकि मालगाड़ी का डिब्बा उतरने से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम SABIR ALI था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SABIR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: SADIK ALI VILL- GULRA MAU RIAWAN MAHMUDABAD, SITAPUR**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपनी पुत्री रूचि श्रीवास्तव के आचरण, चाल-चलन, कृत्यों, गलत मंशा एवं झगड़ालू प्रवृत्ति से आहत होने के कारण उसे अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मैं अपनी उक्त पुत्री से कोई सम्बन्ध सरोकार नहीं रखना चाहता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है। **ओमकारनाथ श्रीवास्तव पुत्र शिव प्रसाद श्रीवास्तव निवासी ग्राम व थाना निगोहां, तहसील मोहनलालगंज, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शब्बीर से बदलकर शब्बीर अहमद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **शब्बीर अहमद पुत्र बिस्मिल्लाह ग्राम धरैची, पोस्ट शिकारगढ़, थाना कोल्हुई, जिला महराजगंज।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पुटु से बदलकर पुटु कुम्हार रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **पुटु कुम्हार पुत्र परिखन कुम्हार ग्राम बंगरी टोला, बरवा रतनपुर, थाना खड्डा, जिला कुशीनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पति नाम भूलवश Ziyaul Haque दर्ज हो गया है जबकि उनका सही नाम Ziyaul Haq है। अब उन्हें इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **रुकसाना खातून पत्नी जियाउल हक ग्राम पडरैन मडूरही, पोस्ट दुदही, थाना विशुनपुरा, जिला कुशीनगर 274302**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम आशा खातून से बदलकर सुखली खातून रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **सुखली खातून पत्नी फौजी हुसैन ग्राम परसौनी बुजुर्ग, पोस्ट तमकुहीराज, जनपद कुशीनगर 274407**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रामानन्द से बदलकर रामानन्द गुप्ता रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **रामानन्द गुप्ता पुत्र छठी राज गुप्ता ग्राम विशुनपुरा बाबू, पोस्ट गौनर, जिला गोरखपुर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल व इंटरमिडियट के अभिलेख में पिता का नाम त्रुटिवश अनिल तिवारी दर्ज है जबकि मेरे पिता का नाम अनिल कुमार तिवारी है जो सही है भविष्य में भी पिता को इसी नाम से जाना व पहचाना जाय- **अमर तिवारी पुत्र अनिल कुमार तिवारी निवासी- ग्रा. अकरौरा, तहसील - पयागपुर, बहराइच**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD NADEE AHMAD अंकित हो गया है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा वास्तविक नाम MOHD NADIM AHMED है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा वास्तविक नाम दर्ज किया जाय। **-मो0 नदीम अहमद, निवासी- ग्राम-भिटौरा, पो0-भिटौरा, थाना- रैनाही तहसील- सोहावल, जिला अयोध्या मोबाइल नं0--9198658643**

# नशीले पदार्थ युवाओं के कॅरिअर में बाधक



अवध विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

▸▸ अवध विश्वविद्यालय में हुई एक युद्ध, नशे के विरुद्ध पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभाग में सोमवार को 'एक युद्ध, नशे के विरुद्ध' अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विश्वविद्यालय के नार्को को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म सेन्टर के नोडल अधिकरी प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि नशा कॅरिअर में सबसे बड़ा बाधक है। छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थो के सेवन से युवाओं के मन मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इससे धीरे-धीरे सोचने समझने की क्षमता खत्म हो जायेगी। कहा कि नशीले पदार्थ आज युवा सशक्तिकरण में बाधक बन रहा है। मुख्य वक्ता बायोकमेस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. फर्रूख जमाल ने कहा कि नशीले पदार्थ हमारी सोच और दिमाग पर गहरा असर डाल रहे हैं। इससे दूरी बनाने की आवश्यकता है। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की संकल्प दिलाई। नशा मुक्त हो, युवा जगत से सम्बंधित पत्रिका छात्र-छात्राओं को वितरित की। स्वागत डॉ. शिवांश कुमार व संचालन रत्नेश यादव ने किया। प्रो. गंगाराम मिश्रा, प्रो. नीलम पाठक, विनीता पटेल, शालिनी पांडेय, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. प्रतिभा आदि शामिल रहे।

# विवाहिता की हत्या का मामला पति समेत चार पर दर्ज होगी रिपोर्ट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** दहेज में चार पहिया वाहन न मिलने पर विवाहिता की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश कोतवाली रुदौली के प्रभारी निरीक्षक को दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशु मालि पांडेय की अदालत से सोमवार को हुआ। अधिवक्ता कुंवर अजय व अनुराधा साहू ने बताया कि सुल्तानपुर के मुसाफिरखाना के रहने वाले योगेश चंद्र सोनी ने अपनी पुत्री साक्षी उर्फ कोमल की शादी रुदौली कोतवाली के सुजागंज गांव निवासी संदीप सोनी के साथ 14 जून 2020 को की थी। कोमल ने एक पुत्री को जन्म दिया। इसके बाद से ससुराल वाले दहेज में चार पहिया वाहन और सोने की चेन की मांग करने लगे। मायके वालों ने किसी तरह व्यवस्था करके सोने की चेन तो दे दी, लेकिन चार पहिया वाहन की व्यवस्था नहीं कर पाए। इसी से नाराज होकर ससुराल वालों ने विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू किया। 31 मार्च 2023 को साक्षी की मौत की सूचना मायके वालों को पुलिस ने मोबाइल के जरिए दी। मायके वाले पहुंचे तो शव को फंदे से उतारा गया। इसकी रिपोर्ट मृतका के पिता ने पति संदीप सोनी, ससुर अशोक सोनी, जेठ कुलदीप सोनी व जेठानी लक्ष्मी सोनी के खिलाफ दर्ज करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। थकहार मृतका के पिता ने न्याय की गुहार अदालत से की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में पति ससुर जेठ व जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है।

▸▸ न्यायालय ने रुदौली कोतवाली प्रभारी को निरीक्षक के दिए निर्देश

### साथ रहने के लिए राजी हुए जोड़े

**अंबेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें एक साथ रहने के लिए राजी किया गया।

# राजा रत्नाकर सिंह के अंतिम दर्शन को पहुंचे दिग्गज नेता

▸▸ जिले में छायी शोक की लहर, लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

रामनगर, बाराबंकी, कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले की रामनगर (धमेड़ी) स्टेट के राजा रत्नाकर सिंह का सोमवार को निधन हो गया। अपने बड़े दामाद के निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव प्रचार छोड़कर यहां आ गए। राजा रत्नाकर सिंह के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार रामनगर में ही किया गया। उनके अंतिम दर्शन करने के लिए विभिन्न दलों के दिग्गज नेता व क्षेत्रीय लोग पहुंचे। सभी ने उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

राजा रत्नाकर सिंह के निधन की खबर मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके अंतिम दर्शन के लिए रामनगर निवास पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार राजरानी रावत, गठबंधन उम्मीदवार तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व भाजपा विधायक शरद अवस्थी, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह और रामनगर चेयरमैन रामशरण पाठक पहुंचे। इसके साथ ही आम जनमानस की भीड़ उमड़ी और सभी ने अपने प्रिय राजा को नम आंखों से विदाई दी।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि राजा रत्नाकर सिंह का सरल स्वभाव था। वह गरीबों की मदद के लिए हर समय तैयार रहते थे। रामनगर में दशहरे से लेकर अनेक कार्यक्रमों में भाग लेते थे। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश सचिव रहकर गांव से लेकर देशहित में उन्होंने अनेक कार्य किये जिनकी प्रशंसा आज भी लोग करते हैं। रामनगर स्टेट के राजघराने का परिवार नगर पंचायत के निवासियों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। आज भी इन्हीं के परिवार द्वारा त बड़ी बाजार लगवाई जाती है। इस बाजार में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से भी काफी संख्या में लोग अपने सामान बेचने व खरीदारी करने आते हैं।



अंतिम संस्कार में पहुंचे कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह। अमृत विचार

> सादगी, सरलता की प्रतिमूर्ति, विनम्र व्यवहार के धनी लोकप्रिय रामनगर के राजा रत्नाकर सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन से जनपद में ऐसी अपूर्णनीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उनके आकस्मिक निधन पर हम कांग्रेस परिवार के साथ अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। **-तनुज पुनिया, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी**

> बड़े दामाद रामनगर के राजा रत्नाकर सिंह का दुखद देहांत हो गया। वह लगभग एक साल से कैंसर से पीड़ित थे। इस दुख की घड़ी में चुनाव प्रचार को विराम देकर मैं, अपनी बेटी मृणालिनी और परिवारवालों के साथ हूं। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। **-दिग्विजय सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

## वर्ग पहेली-48

**बाएं से दाएं**

2. एक प्रकार की बहुवर्षीय
4. 1. देहयष्टि, मानव शरीर 2. संख्या
5. 1. सेना, फ़ौज 2. युद्ध का मोर्चा, युद्ध का क्षेत्र
7. 1. इंद्र का हाथी, ऐरावत 2. उच्चैःश्रवा।
8. अयोध्या का प्राचीन नाम, उत्तर प्रदेश में सरयू नदी के किनारे स्थित एक हिंदू तीर्थ स्थान, अयोध्या।
9. 1. मनहूस होने की अवस्था या भाव, मनहूसी, मनहूसियत 2. उदासीनता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जिससे पुराना परिचय हो, बहुत गहरी जान-पहचानवाला 2. जाना-पहचाना हुआ।
3. 1. चलन, रीति, रस्म, प्रथा 2. द्विरागमन, गौना।
6. 1. गांव का मुखिया 2. सरदार, महतो।
7. 1. यहूदियों का बादशाह 2. यहूदियों के राजा दाऊद का बेटा 3. यहूदियों का तीसरा बादशाह जिसने यरूशलम नगर का निर्माण कराया और वह पैगंबर माना जाता है 4. पश्चिमी पाकिस्तान में अवस्थित एक पर्वत।



### वर्ग पहेली -47 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पी | 2 प | ■ | 3 कु | ■ | 4 खी | ■ |
| ■ | र | ■ | 5 सु | म | र | नी |
| 6 रो | क | था | म | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ना | ■ | 7 चा | 8 ल | बा | ज़ी |
| 9 न | ■ | 10 चौ | प | दा | ■ | ■ |
| जू | ■ | ■ | ■ | ई | ■ | ■ |
| 11 म | ख़ | लू | क | ■ | 12 खो | या |

## सुडोकू -127

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 4 | | 5 | | |
| | 5 | | | 6 | 1 | | | |
| | | 9 | | | 3 | | | |
| | 6 | 3 | | 7 | | 2 | | |
| | 8 | | 3 | | 9 | | 4 | |
| | | 2 | | | 6 | 8 | 9 | |
| | | | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 2 | 3 | | | | |
| | | 5 | | 9 | | 1 | | |

### सुडोकू -126 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 05.18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**आज का पंचांग**





दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 22.32 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** आज आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आयेगा। घर और कार्यक्षेत्र में खुशियों का माहौल रहने वाला है। आपकी दिनचर्या काफी सन्तुलित रहेगी। संतान को लेकर परेशानी दूर होगी। बड़े-बुजुर्ग आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृष** आज मनमौजी स्वभाव के लोगों से थोड़ी दूरी बनाकर रखें। लोगों की आर्थिक मदद के लिए आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ सकती है। यदि आपने किसी से उधार लिया है तो उसे आज चुका दें। व्यस्तता के बावजूद घर को पर्याप्त समय देंगे।

**मिथुन** आज प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। विशिष्ट और रचनात्मक प्रकृति की विधाओं में आप रुचि लेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में आपका मान बढ़ेगा। आज संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। गुप्त शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने की चेष्टा कर सकते हैं।

**कर्क** आज आप अपने काम के बजाय दूसरों पर ज्यादा ध्यान दे सकते हैं। हालांकि, इससे आपकी कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अपनी जिम्मेदारियों को समझें और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। माता की सलाह लेना हितकर होगा।

**सिंह** आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। भाग्य पूरी तरह से आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी आपकी मदद करेंगे। नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन बहुत ही खुशहाल रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**कन्या** आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। धन की कमी दूर होगी। कुटुम्ब जनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। घर में बच्चों के साथ मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। सरकारी कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी के प्रति व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला** आज अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र की बाधा दूर होगी। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। विरोधी आपके सामने काफी कमजोर होते प्रतीत हो रहे हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक** आज आपका पूरा दिन कल्पनाओं में बर्बाद हो सकता है। काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। परिवार में थोड़ी खींचतान हो सकती है। अपने जल्दबाजी वाले स्वभाव पर नियंत्रण लाएं। वरना व्यवसाय में बड़ा नुकसान हो सकता है।

**धनु** आज आपके द्वारा लिए गए निर्णय सटीक सिद्ध होंगे। किसी महत्वपूर्ण योजना को बनाने के लिए आज का दिन बेहद शुभ है। गृह कलह से छुटकारा मिलेगा। जीवनसाथी के साथ सुकून भरा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशन्सा होगी।

**मकर** आज प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। आपको अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस होगी। परिवार में सब आपकी प्रशन्सा करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित होना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है।

**कुंभ** आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कई दिनों से काम का तनाव आज दूर होगा। आप लोगों को अपने अनुकूल करने में सफल रहेंगे। लेकिन किसी भी स्थिति में अपने सिद्धान्तों से समझौता न करें। आज आपको नई जानकारियां मिलेंगी।

**मीन** आज का दिन बिल्कुल भी सही नहीं है। लोग आपको सही सलाह भी नहीं दे रहे हैं। इसीलिए इस समय शान्त होकर परिस्थितियों का स्वतः मूल्याङ्कन करना चाहिए। परिवार के विवाह योग्य सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
गंगा तेरे देश में
सुबह : 08.15
शादी में जरूर आना
शाम : 06.16

&pictures
हाथी मेरा साथी
सुबह : 08.17
बंगाल टाइगर
शाम : 05.23

SONY PIX
पैसिफ़िक रिम
सुबह : 08.20
द डार्क नाईट राइसेस
रात : 06.41

ZEE CINEMA
ये तो कमाल हो गया
सुबह : 09.00
मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी
रात : 08.40

colors CINEPLEX
टार्जन
सुबह : 10.34
और प्यार हो गया
रात : 08.49

**आज की सुपरहिट फिल्म**





जी सिनेमा पर रात :08.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शादी की 10वीं सालगिरह पर पत्नी पति के सीने से लग के बोली
सुनिए जी, अगर मुझे कोई भगा के ले जाए तो आप क्या करेंगे?
पति- हट पगली, कैसे सवाल पूछती है?
पत्नी- बताओ ना जानू...
पति- मैं बोलूंगा भाई भगा के क्यों ले जा रहे हो, आराम से ले जाओ,
मैं रोक थोड़ी रहा हूं! फिर पति देव की हुई जोरदार कुटाई...

कोयल ने कौवे से पूछा - तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला - बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

# ट्रेनर संवेदनशीलता और गंभीरता से दें अधिकारियों को प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण के तीसरे दिन 28 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम रहे अनुपस्थित


पीठासीन अधिकारियों को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।


राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी बोले- प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित होने पर दर्ज होगी एफआईआर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए हो रहे पीठासीन अधिकारियों और अन्य मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदान अधिकारी, पीठासीन अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण लें, जिससे मतदान के समय कोई दिक्कत न हो।

ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दो पालियों में हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी परपत्रों को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी कहा गया कि सभी अधिकारी गंभीरता से प्रशिक्षण ले, यदि उनके मन में किसी प्रकार का प्रश्न है तो वह निरूसंकोच होकर मास्टर ट्रेनों से पूछे। प्रशिक्षण के तृतीय दिन 28 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित पाए गए। जिसमें पहली पाली में 13 कार्मिक और दूसरे पाली 15 कार्मिक कुल 28 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्मिक अपना प्रशिक्षण प्राप्त करें। अनुपस्थिति पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम और संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### समय से उपस्थित हों अधिकारी

प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। कार्मिकों को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल को भी दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान ड्यूटी में लगे कार्मिकों को पुष्प वर्षा, पुष्प देकर स्वागत किया गया। इसका उद्देश्य कार्मिकों का मनोबल बढ़ाना था और वह उत्साह के माहौल में अपना कार्य भी कर सके। विलंब से आने वाले कार्मिकों पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। अनुपस्थित रिप्लेस वाले कार्मिकों को 23 अप्रैल को प्रथम पाली में प्रशिक्षित किया जाएगा।

# समय से वाहन न उपलब्ध कराने पर दर्ज होगा मुकदमा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

▸▸ डीएम ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने सोमवार को निर्वाचन कार्यालय परिसर व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य के लिए वाहनों को अधिग्रहण करने के लिए सभी कार्यवाही पूरी कर ली जाए और सभी वाहन स्वामियों को वाहन अधिग्रहण संबंधित पत्र तामीला करा दिया जाए। यदि किसी वाहन स्वामी द्वारा दिए गए समय के अंतर्गत वाहन उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराया जाए। इसके अतिरिक्त वहां उपस्थित अधिकारियों से वाहन अधिग्रहण के संबंध में जानकारी ली गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक की तैयारियो के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत जनपद में 25 मई को मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार जायसवाल, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।


सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में जिम्मेदारों से जानकारी लेते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### चुनाव को लेकर सभी व्यवस्थाएं जल्द की जाएं पूर्ण : डीएम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव कराने के लिए नामांकन कक्ष स्थापित करने के लिए जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, निर्वाचन कार्यालय परिसर, जिलाधिकारी परिसर, अपर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर का जायजा लिया। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, बैरी केटिंग और अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिया गया। जिससे नामांकन के समय आने वाले प्रत्याशियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### इमरान रजा ने क्षेत्र में नाम किया रोशन


मेधावी मोहम्मद इमरान रजा।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर के जाफराबाद मोहल्ला निवासी गुलाम रजा के पुत्र मोहम्मद इमरान रजा ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 91.16 फीसद अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। मसऊद अख्तर इंटर कालेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि इसका श्रेय कालेज के अध्यापकों व प्रबंधक व पिता को जा रहा है। मोहम्मद इमरान ने प्राथमिक शिक्षा मकतब जाफरिया से हासिल किया है। पिता पेशे से प्राथमिक विद्यालय आसीपुर में सहायक के पद पर कार्यरत हैं। छात्र मोहम्मद इमरान ने कहा कि इंटर की पढ़ाई और अच्छे ढंग से कर ऊंचा मुकाम हासिल करेगा। छात्र के अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने पर जमीरूल हसन, अजादार हुसैन साजिद, मौलाना मीसम रजा, मोहम्मद सुहैल अख्तर, मोहम्मद फैजी रजा आदि ने खुशी जताई है।

### पुलिस ने असलहे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर थाना कोतवाली जलालपुर पुलिस टीम द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को मुखबिर की सूचना पर आर्म्स एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त मो. जाबिर पुत्र नजमुल हसन निवासी मो. पश्चिम तरफ सहरुइया कस्बा जलालपुर थाना जलालपुर को कस्बा जलालपुर में पक्का पुल के उत्तरी किनारे बसखारी रोड से एक अवैध तमन्चा 12 बोर और एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक दुर्योधन लाल वर्मा, हेड कांस्टेबल रामकिशोर सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक सिह, कांस्टेबल रामप्रवेश शामिल रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना जहांगीरगंज पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमों पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त इरफान खान पुत्र इकबाल खान निवासी मिर्जापुर थाना जहांगीरगंज उम्र करीब 32 वर्ष को बिड़हर तिराहे के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक हरिकेश बहादुर यादव, कांस्टेबल सुधीर सिंह, कांस्टेबल घनश्याम चैहान, महिला कांस्टेबल पूजा सोलंकी शामिल रहे। उधर, थाना कटका क्षेत्र में पुलिस ने विभिनन मुकदमों व डीपी एक्ट से संबन्धित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कटका पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी अभियुक्त रामनरायन निषाद पुत्र जगरोपन निषाद निवासी ग्राम गौरीबड़ाह नवानगर थाना कटका को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अरविन्द सिंह, कांस्टेबल प्रवीण कुमार यादव, हेड कांस्टेबल सुरेश यादव शामिल रहे।

### पुलिस ने तीन शातिरों को दबोचा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचवार।** थाना अहिरौली पुलिस टीम ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना अहिरौली पुलिस टीम ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारंट से संबन्धित तीन वारंटियों रामापति पुत्र रंजीत निवासी जैनपुर थाना अहिरौली उम्र करीब 55 वर्ष, शिव कुमार पुत्र रंजीत निवासी जैनपुर थाना अहिरौली उम्र करीब 59 वर्ष और धर्मेन्द्र तिवारी पुत्र देननारायण निवासी तिवारीपुर थाना अहिरौली उम्र करीब 52 वर्ष को पुलिस ने दबिश देकर अभियुक्तों के घर से उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राम सुमेर यादव, उप निरीक्षक अशोक कुमार यादव, हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव, हेड कांस्टेबल मो. इमरान कांस्टेबल प्रदीप यादव शामिल रहे।


मेधावियों के साथ प्रबंधक उग्रसेन यादव और प्रधानाचार्य आलोक कुमार व शिक्षक।

## मेधावियों को किया गया सम्मानित

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** यूपी बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा फल में शिवजी कुशलावती इंटर कॉलेज पलई कल्याणपुर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल की परीक्षा में शिवांगी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और चौधरी हर्ष सिंह, अंजलि को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इंटरमीडिएट की परीक्षा में सोनाली यादव को प्रथम क्रमशः मंजेश और राजवीर को दूसरा तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। हाईस्कूल की परीक्षा में ज्यादा अंक लाने वाले अन्य छात्रों में साक्षी, शिवशांत, आंचल मौर्य, सेजल श्रीवास्तव, दिव्यांशी यादव और इंटर में स्नेहा गुड़िया, राजवीर यादव, प्रमोद कुमार, अखिलेश यादव, अभिनीश प्रमुख रहे। विद्यालय परिवार द्वारा समारोह पूर्वक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। प्रबंधक उग्रसेन यादव और प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मुख्य रूप से राहुल श्रीवास्तव, विजय बहादुर यादव, रामकिशोर, सुजीत जायसवाल, प्रियांशु यादव, आजाद, संगीता यादव, शांति यादव, उमा, रानी श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त लोग उपस्थित रहे।

# चोरों ने लाखों रुपए का सामान किया पार

▸▸ क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे हैं सवाल

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।


चोरी की घटना के बाद पीड़ित के घर जांच-पड़ताल करते पुलिसकर्मी।

**अमृत विचार।** बीती रात छत के रास्ते घर में घुसकर चोरों ने आभूषण और नगदी समेत लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घर के अंदर रखा सूटकेस टूटा हुआ और सामान बाहर बिखरा पड़ा मिला। इससे पुलिस के रात्रि गस्त पर सवालिया निशान लग गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार सम्मनपुर थाना क्षेत्र के मजीसा के मजरे हिलालपुर में ओंकार तिवारी के यहां शनिवार को रामनगर लखनडीह से बारात आई थी। लड़की का गौना आगामी 24 अप्रैल को है। शादी में शामिल होने आए रिश्तेदार दो दिन बाद गौना होने के चलते रुके हुए थे। रविवार की रात्रि में भोजन करने के उपरांत सभी लोग सोने चले गए। रात्रि में किसी समय चोर टेंट हाउस के दो पाइप के सहारे छत पर चढ़ गए और घर के अंदर उतरकर पूरा घर खंगाल दिया। वैवाहिक कार्यक्रम में देर रात तक जागने के कारण लोग गहरी नींद सो रहे थे। इसी से किसी को भनक तक नहीं लगी। घर में रखा सूटकेस और बैग घर के बाहर पशुशाला के पास टूटा पड़ा मिला और सामान बिखरे पड़े थे। परिवार वालों ने बताया कि चोर एक बैग में रखा दुल्हन के आभूषण और नगदी व रिश्तेदारों के नगदी व आभूषण अपने साथ उठा ले गए। चोरों ने वहां रखी मोबाइल को हाथ तक नहीं लगाया। घर वालों को चोरी की जानकारी सुबह हुई। घटना के बाद परिवार सदमे में है। क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। इस घटना से पूरे परिवार में बेचैनी फैला हुआ है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि चोरी के खुलासे के लिए टीमें लगी है। जांच-पड़ताल की जा रही है।

# दो पक्षों में मारपीट के मामले में केस

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

▸▸ जांच में जुटी पुलिस, दुकान पर काम कराने को लेकर हुआ विवाद

**अमृत विचार।** फूलमाला की दुकान पर काम करवाने के लिए हुए विवाद के दौरान की गई मारपीट में चार लोगों को चोटे आई हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घसियारी टोला निवासी ऋषि कुमार का है। ऋषि कुमार फूलमाला की दुकान चलाते हैं, जिस पर अंकित नामक युवक मजदूरी करता है।

बीते शनिवार को पीड़ित ऋषि कुमार के पड़ोसी और फूलमाला की ही दुकान चलाने वाले राजकुमार द्वारा दुकान पर काम करने वाले अंकित को बहला-फुसला और धमका कर अपने दुकान पर कार्य करने के लिए बाध्य किया गया।

अगले दिन रविवार को पुनः जब अंकित कार्य करने के लिए दुकान पर आया तो राजकुमार, बबलू, रणजीत और सुजीत पुत्र राजेंद्र प्रसाद और रमेश कुमार पुत्र राम प्रसाद आदि लोगों द्वारा दुकान में घुसकर अंकित को जबरन ले जाने का प्रयास किया गया। जब ऋषि कुमार द्वारा इसका विरोध किया गया तो उक्त आरोपियों द्वारा दुकान में ही लात घूसों व डंडे से मारपीट शुरू कर दी गई।

बीच बचाव के लिए दौड़े ऋषि कुमार के पुत्रों अभिनव, सूरज व सौरभ तथा पुत्री सोनम को भी उक्त लोगों द्वारा लाठी-डंडे व लोहे के सरिए से मारा पीटा गया। जिससे पुत्र अभिनव का सर फट गया और सौरभ के पेट में सरिया लगने से लगातार उल्टियां हो रही है। अन्य पुत्र व पुत्री को भी इस दौरान काफी चोटे लगी। पड़ोसियों के इस कृत्य से भयभीत दुकानदार द्वारा कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई जिस पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

### गैंगेस्टर के दो अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बसखारी पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमों और गैंगेस्टर एक्ट से संबन्धित दो वांछित अभियुक्त सुशील तिवारी पुत्र रामआसरे तिवारी ग्राम पंथीपुर थाना जलालपुर और राकेश वर्मा पुत्र बाबूराम निवासी रुकुनपुर कासिमपुर थाना जलालपुर को बसखारी पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के गोलपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संतकुमार सिंह, उप निरीक्षक बलवन्त सिंह, कांस्टेबल रणधीर सिंह, कांस्टेबल कृष्णकान्त ठाकुर, कांस्टेबल रामबली यादव शामिल रहे।


मतदाता जागरूकता अभियान में नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी।

### ईओ ने रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद टांडा द्वारा ईओ डॉ. आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। जागरूकता अभियान चलाया गया। रैली निकालकर अधिकारियों और कर्मचारियों ने नगर क्षेत्र की सड़कों पर पैदल मार्च कर आम मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। यह पैदल मार्च जुबैर चैराहा से शुरू होकर आंबेडकर पार्क ताज टाकीज, सिटी सेंटर, छोटी बाजार होते हुए घसयारी टोला स्थित नगर पालिका कार्यालय में पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने नगर वासियों से मतदान के दिन हर हाल में मतदान करने की अपील किया। ईओ डॉ. आशीष ने कहा कि पहले मतदान, तब जलपान कीजिए। उक्त मौके पर टीएस शमसाद जुबैर, आरआई व प्रभारी सफाई निरीक्षक राकेश कुमार गौरव, आरआई सलमान खान, सफाई नायक मोहम्मद अहमद, सुहैल अहमद, मो. हुसैन आदि मौजूद रहे।

अभियान | महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के बारे में जानकारी देकर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से कराया अवगत

# पुलिस कर्मियों ने चौपाल लगाकर पढ़ाया जागरूकता का पाठ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


महिलाओं और छात्राओं को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के नेतृत्व में और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के चतुर्थ चरण के तहत सोमवार को जनपद के थानों पर पुलिस की पाठशाला, चैपाल लगाकर महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की एंटीरोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चैराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, चाय स्टाल, पान की दुकान, बीट क्षेत्र, ग्राम पंचायत, वार्ड, मोहल्लों, स्कूल, कालेज आदि के आस-पास गश्त चेकिंग करते हुए महिलाओं और बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिए जागरुक किया गया।

महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108-एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे पुलिस की पाठशाला व चैपाल लगाकर जागरूक किया गया। अभियान के तहत थाना कोतवाली अकबरपुर से महिला उपनिरीक्षक मीनू, महिला उप निरीक्षक वर्षा यादव, महिला कांस्टेबल गीता यादव, महिला कांस्टेबल रचना द्वारा स्थान शिव बाबा में व थाना राजेसुल्तानपुर से हेड कांस्टेबल कुमार सिंह, महिला कांस्टेबल पूजा, महिला कांस्टेबल योगिता द्वारा कंपोजिट विद्यालय में व महिला थाना से महिला उप निरीक्षक सुषमा मौर्या, महिला कांस्टेबल फराना, महिला कांस्टेबल गीता यादव द्वारा आरएनआर पब्लिक स्कूल याकूबपुर कटारिया में और थाना जैतपुर से महिला आरक्षी अनु, महिला आरक्षी रीना, आरक्षी राम कृपाल द्वारा प्राइमरी पाठशाला मुस्कुराई में व थाना बसखारी से महिला उप निरीक्षक प्रियंका मिश्रा, महिला उप निरीक्षक वंदना मौर्या, महिला कांस्टेबल अर्चना द्वारा हीरालाल जयसवाल इंटर कॉलेज कीछौछा में महिलाओं, बालिकाओं को शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया।

### 290 वाहनों का चेक कर 10 का काटा चालान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** सघन चेकिंग अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों तथा प्रमुख चैराहों पर विशेष चेकिंग की गई। बैंक के आसपास बिना किसी कारण घूमने वालों को कार्यवाही की चेतावनी देकर उन्हें छोड़ दिया गया। वहीं किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चैराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर यातायात नियमों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 290 वाहनों को चेक कर 10 वाहनों का चालान काटा गया।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### अग्निकांड पीड़ित परिवारों की सहायता की

**परसपुर, अमृत विचार :** परसपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खरगू चांदपुर के बढ़ईन पुरवा में वृहस्पतिवार को अग्नि पीड़ित परिवारों को नाई समाज कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा सहायता प्रदान करते हुए कुशल क्षेम की जानकारी प्राप्त की गयी। समिति के सचिव अनिल ठाकुर ने बताया कि शनिवार को खरगू चांदपुर के बढईन पुरवा के अग्निपीड़ित अशोक कुमार व रामायण शर्मा से भेंट कर गेहूं, राशनकिट व अंगवस्त्र तथा आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर प्रवेश प्रताप शर्मा, मनोज ठाकुर, जगन्नाथ शर्मा, विजयचंद्र, आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी से सहायता दिलाए जाने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** दो दिन पहले कौड़िया के कोचवा में हुए अग्निकांड में पीड़ित गांव निवासी रसीद व मुकीम को श्री रग्घु बाबा सेवा आरोग्य संस्थान घुचुआपुर के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने जिलाधिकारी से सभी को सहायता दिलाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड में उनका घर व 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई साथ ही दो भैंस जलकर मर गई। ऐसी स्थिति में सभी लोगों को सहायता दिलाए जाने की आवश्यकता है।

### रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पार्वती देवी इंटर कॉलेज, स्वामी दयाल सरस्वती इंटर कॉलेज तथा श्रीराम कुमारी इंटर कॉलेज आर्य नगर के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने कस्बे में गोंडा बहराइच मार्ग पर रैली निकाली। इस रैली के दौरान सभी लोगों ने आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान में अधिक से अधिक मतदाताओं को भाग लेने के लिए जागरूक किया। इस रैली में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, जिला पंचायत सदस्य श्रवण कुमार शुक्ल, प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी व पंकज कुमार पाठक भी शामिल रहे।

### साफ-सफाई न होने से बढ़ा मच्छरों का आतंक

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की जल निकासी व्यवस्था चौपट है। नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। आने जाने वाले लोगों को समस्या हो रही है। मोहल्ला वासी से बार-बार नगर पालिका के कर्मचारियों को समस्या से अवगत करा रहे हैं लेकिन स्थाई समाधान नहीं मिल पा रहा है। रानी बाजार के सोनार गली में साफ सफाई व्यवस्था चौपट है। नाली का पानी जमा होने से पूरे मोहल्ले में मच्छरों का आतंक है। मोहल्ले के रहने वाले रजत, शुभम, पंकज, आशीष, मयंक, गोली, उमेश, महेश, शिवा, ओम प्रकाश, सुनिता आदि लोगों ने जल भरा उसे मुक्ति की मांग की है। फिलहाल नाली का पानी से गंदगी आने से से मोहल्ले वासियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

# ऑक्सीजन डोनेशन का दिया संदेश

## विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम, नीम का रोपा गया पौधा



विश्व पृथ्वी दिवस पर नीम का पौधा रोपते शिक्षक व बच्चे। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्र कला, निबंध लेखन व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर यूनिसेफ ऐक्शन एड की ब्लाक समन्वयक नूरजहां शाह द्वारा नीम का पौध लाकर स्कूल में रोपित किया। इस अवसर पर शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया, शताब्दी वर्मा, देवेंद्र प्रताप, सुरेश कुमार, अनुराधा मिश्रा व पूनम यादव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में सूरज कुमार, राज कुमार, अंशिका मौर्य, मालती, साविरा, अजीत, माधुरी, अंकित मौर्य, साविर अली, मंजीत, अर्चना, साक़िरा, सेजल, आकाश, वृजमोहन आदि बच्चों के कार्य सराहनीय रहे।

### पृथ्वी दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** गोण्डा शहर के निकट राजापुर के एक स्कूल में नेचर क्लब फाउंडेशन के द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन करके गांव से जुड़ी पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधानों पर विस्तार से चर्चा किया गया। नेचर क्लब के अभिषेक दुबे ने बताया कि गांव के युवा साथ मिलकर अपने प्रयासों से गांव के पर्यावरण व प्राणियों को कैसे बचाएं, इस विषय पर विस्तार से उन्हें समझाया व प्रेरित किया गया। जिस पर विद्यार्थियों ने भी उत्साह के साथ मिलकर कार्य करने का वादा किया। कार्यक्रम में विनाशकारी बन चुके मानव के विकास कार्यों को समझा गया और स्वयं को एक बुद्धिमान प्रजाति सिद्ध करने के लिए अपनी ही हवा, पानी, मिट्टी को प्रदूषित व बर्बाद करने वाली गतिविधियों से दूरी बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने संकल्प लिया कि आने वाले मानसून में वे अपने गांव में खूब फलदार पेड़ लगाकर गांव को हराभरा करेंगे, साथ मिलकर गांव के तालाबों को प्रदूषण से बचाएंगे, पशु पक्षियों के ऊपर क्रूरता को रोकेंगे और उनकी मदद करेंगे, पशु उत्पादों को छोड़कर उसकी जगह ज्यादा फल, सब्जियां और दालें खाएंगे।

# अग्निकांड के पीड़ितों का जाना हाल

संवाददाता, बभनजोत



अग्निकांड में जले गांव का जायजा लेते गौरा विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गौरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत केशवनगर ग्रांट पश्चिमी (कौआगढ़) में शनिवार को भीषण आग लगने से कई घर जलकर राख होने की सूचना पर सोमवार को गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाक़ात कर कुशलक्षेम लिया। प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष वार्ता कर शीघ्रता से सरकारी मदद मुहैया कराने को निर्देशित किया। मालूम हो कि उक्त गांव में अज्ञात कारणों से आग की चिन्गारी भड़क उठी थी। जब तक लोग कुछ समझ पाते करीब एक दर्जन से ज्यादा छप्पर व घास फूस के मकान धूधूकर कर जलने लगे थे। इस दौरान इसमे रखा घर गृहस्थी का सारा समान जलकर भी राख हो गया था। आगजनी की चपेट में आने से एक भैस की जलकर मौके पर मौत हो गई तथा दूसरी गंभीर रूप से घायल है। यही नहीं इस आगजनी में तीन बकरियों की जलने से मौत हो गयी है। आग की चपेट दुर्गा प्रसाद, जोखन, रवींद्र, कमला देवी, शोभावती, त्रिभुवन प्रसाद, जरीना खातून, जगदीश, पुरबहा, मन्जू देवी, अमेरिका, राम भजन तथा सरजू का मकान, पशुशेड, नगदी व पशुओ का चारा सहित लाखो का सामान जलकर राख हो गया था।

# सड़क हादसों में युवक की गई जान, दो लोग घायल

## गोंडा-डेहरास मार्ग पर सोमवार की सुबह हुई दुर्घटना

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सोमवार की सुबह हुई अलग अलग दो घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कोतवाली देहात क्षेत्र के गोंडा डेहरास मार्ग पर कटहा घाट मंडफ पेट्रोल पंप के निकट सोमवार की सुबह कार चालक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार सर्वेश गोस्वामी (28) की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक डेहरास थाना परसपुर का रहने वाला था।

दूसरी घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के गोंडा बेलसर मार्ग की है। रविवार की देर रात कार और बोलेरो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें कार चालक समेत दो लोग घायल हो गए है। बेलसर गोंडा मार्ग पर चांदपुर के निकट बोलेरो व कार की आमने सामने टक्कर में कार चालक समेत दो लोग घायल हो गए हैं।



गोंडा-बेलसर मार्ग पर क्षतिग्रस्त जीप।

चौकी प्रभारी रगड़गंज सुनील तिवारी ने बताया कि रविवार रात करीब बारह बजे बाराबंकी से कुछ बाराती बेलसर क्षेत्र से बारात लेकर वापस गोंडा की तरफ जा रहे थे। चांदपुर के पास तिवारी फिलिग सेंटर के थोड़ी दूर पर गोंडा की तरफ से आ रही कार से आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमे कार चालक बेलसर निवासी नानकुन्ने पांडेय व उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो सवार बारातियों के घायल होने की भी सूचना मिल रही है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचने पर सभी लोग दूसरी गाड़ी से जा चुके थे। दोनो गाडियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। अभी तक किसी भी तरफ से तहरीर नहीं मिली है।

### युवक की अयोध्या में इलाज के दौरान मौत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** गोंडा के परसपुर थाना क्षेत्र के सुसुंडा पूरे पीताम्बर निवासी हनुमंत लाल (18) पुत्र कृपा राम पांडेय की अयोध्या में इलाज के दौरान मौत हो गई है। बताया जाता है कि हनुमंत लाल अयोध्या में अपने अपने मौसी के घर से दर्शन नगर बारात गया था। जहां पर देर रात खाना खाकर बारात की तरफ पैदल जा रहा था। अज्ञान वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया जहां पर इलाज के दौरान आज सुबह चार बजे मौत हो गई। हनुमंत लाल के पिता कृपाराम एक निजी विद्यालय में शिक्षक हैं। हनुमंत तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

## विनियमन शुल्क जमा न करने पर 80 हजार कच्ची ईंट की नष्ट

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर खनन विभाग, राजस्व विभाग व थाना तरबगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर विनियमन शुल्क जमा न करने पर कार्रवाई की है। टीम ने कई भट्ठों पर पहुंच पथाई कर पकाने के लिए रखी गई 80 हजार कच्ची ईंटों को नष्ट कर दिया। बेलसर तरबगंज मार्ग पर ग्राम ढोढेपुर तहसील तरबगंज में स्थित ईंट भट्ठा अनुपम बिक फील्ड, विजयपाल शुक्ल ग्राम परसदा, अमन बिक फील्ड के मालिक कृपाशंकर तिवारी निवासी ग्राम चौबे पुरवा ढोढेपुर के प्रतिनिधि आनन्द पाल शुक्ल द्वारा वर्तमान में भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। दोनों भट्ठों का निरीक्षण किया गया। कार्यालय अभिलेखानुसार इन दोनों ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा बकाया विनियमन शुल्क जमा नहीं किया गया है। ईंट भट्ठा सत्र-2023-24 के लिए निर्गत शासनादेश के अनुसार ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क अग्रिम रूप से जमा कराये जाने के उपरान्त ही ईंट भट्ठों का संचालन किये जाने का प्राविधान है। मौके पर ईट भट्ठा स्वामियों द्वारा काफी मात्रा में ईंट मिट्टी का भण्डारण करके ईंटों की पथाई की जा रही है। मौके पर चिमनी से धुआं निकल रहा है, जिससे स्पष्ट है कि ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा शासनादेश में उल्लेखित प्रावधानों, उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली-2021 के नियम-3, 58, 72 व खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 का उल्लंघन एवं राजस्व की चोरी किया जा रहा है। मौके पर पथाई की गयी लगभग 80,000 कच्ची ईंटों पर जेसीबी व ट्रैक्टर चलवाकर नष्ट कर दिया गया।

# कहीं पनीर व दूध के उत्पाद बिगाड़ न दें सेहत

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सहालग का दौर चल रहा है। दूध से बनी चीजें बाजार में खूब आ रही हैं। ऐसे में दूध से बने पनीर दही मिठाई आदि सामानों में मिलावट की आशंका का बढ़ जाती है।

वैवाहिक व मांगलिक कार्यक्रमों में यदि पनीर की सब्जी व दूध के समान ना बने तो खाना ही अपूर्ण माना जाने लगा है। ऐसे में मिलावट वाले सामान की बिक्री भी जोरों पर है। खाद्य विभाग द्वारा लगातार छापेमारी भी की जा रही है नमूने भी लिए जा रहे हैं। गड़बड़ी की आशंका में पनीर को नष्ट भी कराया जा रहा है। डॉक्टरों की माने तो कई तरीके की बीमारियां इन मिलावटी सामानों से होती हैं। पशुपालक व दूध व्यवसाय से जुड़े छोटे लाल यादव बताते हैं कि बरसात में तो गाय भैंस दूध खूब देते हैं लेकिन जैसे-जैसे गर्मी की शुरुआत होती है। दूध कम देना शुरू कर देते हैं। होटल व मिठाई दुकानों पर आपको हर तरीके की मिठाई मिल जाएगी। लेकिन आपकी सेहत खराब ना हो इसका भी ध्यान रखना होगा। जिला मुख्यालय पर दूध के कारोबारी इस समय मिलावट कर दूध लोगों को पिला रहे हैं।



पेड़ की छांव में दूधिए। अमृत विचार

कुछ दूध के व्यापारी दूध से मलाई निकलवा कर फिर पानी आदि का मिश्रण कर उपभोक्ताओं को देते हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग दूध का कई नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज चुका है। दूध के कारोबारी सुबह ड्रम में भरकर दूध लाते हैं। दोपहर में कई जगहों पर इकट्ठा होकर दूध की अदला बदली भी करते हैं, जिसमें मिलावट होने की भी आशंका रहती है। स्टेशन रोड, सेमरा चौकी रेलवे कॉलोनी, चौक बाजार, मनकापुर बस स्टॉप, समेत कई जगहों पर दोपहर में दूधिया मिल जाते हैं। सरे राह खड़े होकर यह लोग पानी तो मिलाते ही हैं कुछ लोग इसको गाढ़ा करने के लिए केमिकल का भी प्रयोग करते हैं। अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में दूध के कारोबारी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। रोडवेज बस स्टॉप मिलावटी खोए व दूध से बने सामान का हब बना हुआ है। यहां से कई बार मिलावट वाले सामान की बरामदगी भी हुई है। जिनको विभाग ने नष्ट कर दिया था। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर राकेश तिवारी का कहना है कि यदि दूध व पनीर में मिलावट होगी केमिकल का प्रयोग किया गया होगा तो सेहत के लिए यह काफी नुकसान होता हैं इससे पेट में गड़बड़ी हो सकती है। लीवर भी खराब हो सकता है।

### बच्चों के विवाद में घर में घुस कर महिलाओं को पीटा

**खरगूपुर, अमृत विचार :** बच्चों के विवाद में घर में घुसकर लात घूंसों से पिटाई कर दी गई। जिससे दो महिलाओं सहित चार लोगों को चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के जुड़ाई डिहवा का है। यहां के राम सुहेल पुत्र लोधे ने थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि रविवार की रात को पड़ोसी राम सुमेर के नाती का तिलक समारोह था। उसमें पीड़ित का नाती सोनू कोल्ड्रिंक पिला रहा था। तिलक चढ़ाने आये टेकई पुरवा बनगाई थाना कौड़िया निवासी राकेश व राजेश पुत्रगण ननके और सोनू से विवाद हो गया। उसी को लेकर दोनों पीड़ित के घर में घुस आये। लड़के रामकुमार को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अपात्र होते हुए भी हर माह ले रहे खाद्यान्न

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** चार पहिया वाहन, पक्का मकान तथा दुकान संचालित हो रही है। अपात्र होते हुए भी पात्र गृहस्थी का कार्ड बनाकर हर माह खाद्यान्न लिया जा रहा है। अपात्र होने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत की है। मामला परसपुर नगर पंचायत से जुड़ा है। यही के रहने वाले रमाशंकर की ओर से जिला पूर्ति अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत के रहने वाले संतोष का पात्र गृहस्थी राशन कार्ड पूर्ति विभाग की ओर से जारी किया गया है। जिस पर वह प्रत्येक माह खाद्यान्न के उठान कर रहे हैं। आरोप है कि संतोष के पास चार पहिया वाहन, पक्का मकान तथा दुकान है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि क्षेत्रीय इंस्पेक्टर को कई बार इस मामले से अवगत कराया गया लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि आरोपी प्रत्येक माह खाद्यान्न का उठान कर रहा है। डीएसओ कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा अपात्र होते हुए भी राशनकार्ड बनवाए जाने की शिकायत मिली है। जांच के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

### पैसे भी वापस नहीं किए और पिटाई भी कर दी

**खरगूपुर, अमृत विचार :** गेंहू मड़ाई को लेकर हुए विवाद में अनुसूचित जाति के दो लोगों की लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। पुलिस ने एक व्यक्ति और उसके लड़कों के विरुद्ध मारपीट करने, जान से मारने की धमकी और अनुसूचित जाति नृशंसता निवारण अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज की है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असिधा के गोहन्ना निवासी नरायन पासवान पुत्र लुटावन ने थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि उसने ऐलहवा परसपुर निवासी सैय्यद अली को गेहूं मड़ाई के लिए कुछ रुपये पहले दे रखा था। आरोप है कि वह अपने गांव के राधेश्याम पुत्र फूलचंद्र के साथ उसे बुलाने जा रहा था। रास्ते में सैय्यद अली से मुलाकात हुई तो उन्होंने गेहूं मड़ाई करने से मना कर दिया। जब दोनों ने अपना पैसा मांगा तो आरोपी ने अपने तीन लड़कों के साथ मिलकर लाठी डंडे से हमला कर दिया और जातिसूचक गाली दी।

# जेल में निरुद्ध बंदी भी कर रहे शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। सोमवार को एक अनूठी पहल शुरू की गई है। इसके तहत, जिला कारागार गोंडा में निरुद्ध बंदीगण भी अब उनके मुलाकात करने आने वाले परिजनों से 20 मई को मतदान अवश्य करने की अपील कर रहे हैं। मुलाकातियों के हाथों पर जेल में प्रवेश से पहले "मेरा गोण्डा मेरी शान, 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान" की मोहर लगाई जा रही है। जनपद में लोकसभा चुनाव पांचवें चरण यानी 20 मई को होना है। गोण्डा में 25.30 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 13.50 लाख पुरुष, 11.82 लाख महिलाएं और 94 ट्रांसजेंडर हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में, इस चुनाव क्षेत्र में 52.2 प्रतिशत मतदान रहा था, जो कि राज्य औसत 59.21 प्रतिशत से कम था। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जेल अधीक्षक गोंडा प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि जेल के अंदर बंदीगणों से मिलने आने वाले परिजनों के हाथ पर एक मोहर लगाने की व्यवस्था है। इससे पहला होता है कि मुलाकाती हैं। जिला कारागार गोंडा में सोमवार को शुरू किया गया। यह अभियान मतदान के दिन तक संचालित किया जाएगा। निरुद्ध बंदीगणों से मुलाकात करने आए उनके परिजनों को अपना मताधिकार प्रयोग करने व अन्य परिजनों व मित्रों को मताधिकार प्रयोग करने हेतु जागरूक करने की अपील की जाएगी।



# किशोर की हत्या में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**इटियाथोक, अमृत विचार:** मनीष हत्याकांड के आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई है। कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की गई है। पुलिस ने हत्या के आरोपी राजकुमार यादव के घर के शौचालय के पीछे बांका हंसिया व एक गमछा बरामद किया है। हत्या के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मृतक मनीष के बड़े भाई धर्मेंद्र यादव ने बताया कि उनके गांव के राम जियावन वर्मा के लड़के का तिलक समारोह था। जिसमें उनका भाई मनीष यादव गया था। रात 10:30 बजे उसके भाई को परवेश यादव अपने बांस के बाग की ओर बुलाकर ले गए और वहां पहले से मौजूद राजकुमार यादव पुत्र तुलसीराम, मुकेश यादव पुत्र राजकुमार यादव व अन्य लोग घात लगाए बैठे थे। सभी ने मिलकर उनके भाई मनीष यादव की बांके से चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। भाई मनीष की हत्या कर शव उनके गेहूं के खेत में फेंक कर सभी फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी प्रवेश यादव, राजकुमार यादव, मुकेश यादव, संजय प्रताप यादव सहित अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट हत्या व साजिश रचने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, मसकनवा

**अमृत विचार:** आदर्श जनता इंटर कॉलेज पायरखास के प्रबंधक अवधेश मिश्र और प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने मेधावियों को सम्मानित किया।

बोर्ड परीक्षा 2024 के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में अधिक अंक पाने वाले मेधावियों को फूल माला पहनाकर और पुरस्कार दे कर रिया वर्मा, आंचल सैनी, चंदन वर्मा, रिशु पांडेय, आशीष यादव, लक्ष्मी गौतम, विपिन कुमार, अंशिका सिंह, सचिन पांडे, पारुल द्विवेदी, रोशनी द्विवेदी, इंटरमीडिएट की आर्या द्विवेदी, निशा पांडेय, अमन विश्वकर्मा, सौभाग्या द्विवेदी, प्रखरमणि त्रिपाठी, अरविंद द्विवेदी, लक्ष्मीकांत सम्मानित किया गया।



मेधावियों के साथ कॉलेज के शिक्षक। अमृत विचार

प्रबंधक मिश्र ने कहा कि मेहनत का फल मीठा होता है। बच्चे आगे चलकर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। मिठाई बांटी गयी। प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, राजेश पाठक, जगदीश पाठक, विजय गुप्ता, मनोज गुप्ता, बृजेश गुप्ता, शशिबाला सिंह, राजेंद्र वर्मा, राम शंकर मौर्य, शांति भूषण द्विवेदी रहे।

**जागरूकता** मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में बच्चों ने बनाई मानव शृंखला, आमजन को शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करने के लिए किया प्रेरित

# मिनी मैराथन और मानव शृंखला के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**करनैलगंज, अमृत विचार :** पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत करनैलगंज में संचालित बिभिन्न कालेजों के बच्चों ने मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में बच्चों ने रैली, मिनी मैराथन व मानव शृंखला बनाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

सोमवार की सुबह नगर के कन्हैयालाल इंटर कॉलेज से सीडीओ एम अरुन्मौली के निर्देशन में दयानंद बाल मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक बालिका विद्यालय, पूर्व माध्यमिक बालिका विद्यालय (कप्तान) समेत अन्य विद्यालयों के सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जो स्टेशन रोड, सर्वामाई थान, चौक घंटाघर, कसगरान, लारी रोड होते हुए बस स्टॉप स्थित श्री राम लीला मैदान पहुंची। यहां करीब एक हजार की संख्या में बच्चों ने मिनी मैराथन, मानव शृंखला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। सीडीओ ने सभी से 20 मई को सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान करने की अपील की। कहा कि आओ हम सब मिलकर 20 को मतदान करें लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बच्चे हाथ में स्लोगन लिखी तख्ती लिए थे। उधर श्री चित्र गुप्त इंटर कालेज व जेपीओपी के बच्चों ने गोंडा लखनऊ मार्ग पर मौर्य नगर चौराहा से बस स्टॉप तक माोनव शृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया। पीएस मेमोरियल इंटर कॉलेज के बच्चों ने परसपुर रोड से बस स्टॉप तक मानव शृंखला बनाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारत भार्गव, मनीष कुमार, जेएन राव, नूतन जायसवाल, अरविंद श्रीवास्तव, निर्भय नारायण सिंह, राजाराम, वीके श्रीवास्तव, कमल किशोर कसेरा, डीपी सिंह, जीके श्रीवास्तव, प्रवेश मिश्रा, उत्तम गुप्ता, डॉ आरडी सिंह, संजय यादव आदि मौजूद रहे।



करनैलगंज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार




मानव शृंखला बनाते लोग। अमृत विचार

### मतदाता जागरूकता के लिए बनाई मानव शृंखला

**बेलसर, अमृत विचार :** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मानव शृंखला वोट फॉर गोंडा बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला एवं मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। आज के समय में जलवायु परिवर्तन एवं प्रदूषण जैसी बड़ी समस्या हमारे सामने खड़ी है हमें संकल्प लेना होगा कि हम अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं। इस दौरान प्रधानाचार्य अजीत सिंह छात्राओं को दिए जाने वाले बोनस अंक पर भी चर्चा किया और कहा कि जो छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ मतदान जागरूकता के लिए सेल्फी पोस्ट करेंगे उन्हें आंतरिक मूल्यांकन में बोनस अंक भी प्रदान किया जाएगा। तदुपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के साथ एनसीसी कैडेट्स, स्काउट और गाइड्स तथा छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता हेतु रगड़गंज बाजार में मानव शृंखला बनाया एवं आसपास से गुजरने वाले राहगीरों से आगामी 20 में को होने वाले मतदान शत प्रतिशत मतदान का अपील किया। इस दौरान छात्राओं ने मेरा गोंडा मेरी शान-20 मई को करें मतदान, पहले मतदान-फिर जलपान आदि इस स्लोगन के तथ्यों के साथ उनके नारे भी लगाए। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता क्लब के नोडल चंद्रशेखर, आनंद कुमार पांडेय राजेश चंद्र पांडेय, सुग्रीव प्रसाद, राकेश कुमार शुक्ला, मजहरूल हक अंसारी, डॉ पदम नाथ पांडेय, सतपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह, शशि कुमार सिंह, अशोक कुमार, उमेश चंद्र गुप्ता, रंजीत कुमार, अमित वर्मा, पवन गुप्ता, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, विशाल वर्मा, सुजीत श्रीवास्तव, रघुनाथ द्विवेदी, रामेश्वर प्रताप सिंह, कुंवर भगवती सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश वर्मा के साथ साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान, अफसरों के खिलाफ आक्रोश

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** बिजली के लो वोल्टेज से मोहल्लेवासी परेशान हैं। बार-बार बिजली विभाग का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं दे रही है। विकास खंड झंझरी के अंतर्गत रानीजोत के रहने वाले रमेश, सलीम, अनमोल, दद्दन, मुन्ना पांडे, गुड्डू, विजय, महेश, सियाराम ओम, विष्णु रिंकू आदि लोगों ने बताया कि गर्मी तेज हो रही है घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। वोल्टेज का यह हाल है कि बड़ी मुश्किल से पंखा चल रहा है। वोल्टेज कम आने से मोटर नहीं चल पाता है। जिससे पानी की भी असुविधा होती जा रही है। यहां के रहने वाले लोगों ने लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### धलोनी जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** भवानी सहाय पुरवा से धलोनी को जाने वाली सड़क अत्यंत खराब हो गई है। इससे आवा गमन में लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क को सही करने की मांग की है। विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत त्रिमुहानी पुल से उतरौला धानेपुर मार्ग को जोड़ने वाले नहर की पटरी पर बनी सड़क जर्जर हो गई है। आए दिन वाहन पलट जा रहे हैं। कई बाइक सवार चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने जर्जर सड़क को सही कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस मामले को लेकर उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई गई लेकिन किसी ने भी इस समस्या की ओर कोई ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। अब वे आंदोलन का मन बना रहे हैं। ग्रामीणों में राजू, संतोष, रोज अली, भोला, मुकेश, मिंटू, राकेश, अनिल राम कैलाश, अंकित, विकास, विमलेश आदि लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है यदि सड़क सही नहीं होगी तो लोग आंदोलन करेंगे।

# आग से आठ घर जले, दो बच्चे झुलसे

## छपिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गड़हा के मजरा ककरहिया की घटना

संवाददाता, मसकनवा

**अमृत विचार:** अज्ञात कारण से आग लगने से आठ घर जाकर राख हो गये। छपिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गड़हा के मजरा ककरहिया में सोमवार को दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेजी से बढ़ीं की आठ घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की चपेट में आने से राजाराम, राजेश, उमेश, जग प्रसाद, ओम प्रकाश, प्रजाराम, श्री प्रसाद, अज्ञाराम के घर में रखी नकदी समेत पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से दो बच्चे आशीष व प्रिया झुलस कर घायल हो गए। दोनों घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार होने के बाद मेडिकल कालेज दर्शन नगर अयोध्या रेफर कर दिया गया है।


आग से गृहस्थी का सामान जलने के बाद उदास बैठा गृह स्वामी। अमृत विचार

हल्का लेखपाल स्वामी नाथ शुक्ला ने बताया कि अज्ञात कारणों से आग लगने से आठ घर जल गए हैं। मुआवजा दिलाने के लिए रिपोर्ट तैयार कर तहसील प्रशासन को भेज दिया गया है।

**आग से कर्मडीह के किसानों की चार बीघे फसल जली:इटियाथोक:** सोमवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लगने से गेहूं व सरसों की फसल जल गई। बलरामपुर मार्ग पर बेलवा कर्मडीह गांव के किसान, सुशील, रक्षाराम, राकेश, राम रंग के गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। आग लगने से करीब चार बीघे गेहूं की फसल जल गई। वहीं राम अभिलाख का पंपिंग सेट भी जल गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई।

# बेतहाशा गर्मी से बच्चे हो रहे परेशान तापमान पहुंचा 40 डिग्री के करीब

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** अप्रैल महीने में भीषण गर्मी से आमजन से लेकर विद्यालय के छात्र छात्राएं भी परेशान हैं। सोमवार को तापमान 40 डिग्री पहुंचने के बाद तपती धूप में स्कूल के बच्चे धूप से बचने के लिए अपने सिर पर किताबों से भरा बैग लेकर निकले।

पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन तापमान में वृद्धि हो रही है। दिन का पारा 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है। दिन भर लू लपट का दौर जारी है। जिससे सड़क पर सन्नाटा पसरा रहता है। इसके बावजूद सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में शिक्षक शिक्षकाएं स्कूल में कक्षाएं लगा रहीं हैं। ऐसे में बच्चों को स्कूल जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़े से बच्चों का हाल बेहाल है। स्कूल के बच्चों का कहना है कि विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। हम लोग भीषण गर्मी से बेहाल हैं।


धूप से बचने के लिए सिर पर बैग रखकर घर जाते बच्चे। अमृत विचार

# स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचार:** विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोगिया के फत्तेपुर स्थित राष्ट्रीय इंटर कालेज में दिव्य ज्योति व उजास आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट मुम्बई के तत्वाधान में किशोरियों के स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्टेट ट्रेनर शिवा पॉल ने बताया कि आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट मुंबई से प्राप्त फ्लिपचार्ट तथा सेनेटरी पैड के माध्यम से किशोरियों को डेमो दिखाते हुए जानकारी दी गयी व महिलाओं तथा किशोरियों को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में हार्मोनल चेंज से होने वाले शारीरिक परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी गयी। किशोरियों के सवालों के जबाब देते हुए प्रश्न पत्र देकर उनके सुझाव व उत्तर लिए गए वहीं माहवारी के समय में आने वाली समस्याएं एवं उपाय व उससे जुड़ी भ्रांतियों व भय के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने किशोरावस्था के दौरान आने वाले बदलाव जैसे शारीरिक परिवर्तन, तर्क कौशल, तर्कसंगत विचार और नैतिक निर्णय के विकास के साथ सामाजिक और मनोवैज्ञानिक परिवर्तन आदि के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर सालिकराम, पंकज कुमार, बीके उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, सुरेंद्र उपाध्याय, अनिल शर्मा रहे।


शिविर में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

# बैंकों व एटीएम की सुरक्षा को चला अभियान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बैंक, एटीएम के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे जिले में चेकिंग अभियान चलाया गया। संबंधित क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी व निरीक्षक तथा चौकी इंचार्ज ने बैंकों तथा एटीएम पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सभी पुलिसकर्मियों ने बैंक में पहुंचकर बैंक मैनेजर व ग्राहकों से बातचीत भी की, इसके साथ ही एटीएम पर गार्ड की स्थिति देखी। पुलिस के अधिकारियों ने बैंक मैनेजर से कहा कि अनावश्यक रूप से बैंक परिसर में भीड़ न लगने दे। यदि कोई व्यक्ति परिसर में अनावश्यक रूप से घूमता है तो उसके बारे में जानकारी करें यदि वह कोई समुचित जवाब नहीं देता है तत्काल पुलिस को सूचना दी जाए। अधिकारियों ने कहा कि जो नियमित ग्राहक है उनके सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही न बरती जाए। पुलिस के अधिकारियों ने एटीएम पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड से बातचीत करते होने आवश्यक दिशा निर्देश दिया और कहा कि कोई अभद्र व्यवहार करता है या किसी व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दे दी जाए। ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जाय। चेकिंग के दौरान बैंक, एटीएम ग्राहक सेवा केन्द्रों व अन्य वित्तीय संस्थानों के आस-पास संदिग्ध अनावश्यक खड़े व्यक्ति की चेकिंग की गयी।


बैंक में सुरक्षा की जानकारी लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# फेफड़े से निकाला दो लीटर पस

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** डॉक्टर को यूं ही धरती का भगवान नहीं कहा जानता है जब किसी को जीवन दान देते हैं तो लोग चिकित्सक को भगवान का दर्जा दे देते हैं। ऐसा ही कुछ एक मामला मेडिकल कॉलेज से जुड़ा है। मेडिकल कॉलेज में तैनात चिकित्सक डॉक्टर अखिलेश सिंह ने एक मरीज को नई जिंदगी दी जिससे मरीज के परिजन डॉक्टर अखिलेश को भगवान मानने लगे। बलरामपुर जिले के उतरौला त्रिलोकपुर, मुडिला गांव के रहने वाले राम निवास के बेटे तरुण कुमार की तबीयत0 काफी समय से खराब चल रही थी। तरुण को बुखार आ रहा था भूख नहीं लग रही थी। वजन भी धीरे-धीरे कम हो रहा था।



रामनिवास ने तरुण को कई अस्पताल में दिखया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बलरामपुर के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज में दिखाने की राय दी जिस पर तरुण को लेकर उसके पिता मेडिकल कॉलेज आए। यहां पर उनको डॉक्टर अखिलेश मिले और दवा शुरू की गई। जांच पड़ताल में सामने आया कि तरुण को प्योथोरैक्स नाम की बीमारी है। इस बीमारी में मरीज के फेफड़ों में समस्या होती है। डॉ अखिलेश ने तत्काल ऑपरेशन की बात कही। लेकिन तरुण के परिजन इसको लेकर तैयार नहीं थे, देर करने पर फेफड़ा पूरी तरीके से खराब हो सकता था। ऐसे में डॉक्टर अखिलेश ने सुई के माध्यम से फेफड़ों में जमा मवाद निकलने की सोची। कड़ी मशक्कत के बाद डॉक्टर ने तरुण के फेफड़ों से दो लीटर से अधिक पस निकाला तब जाकर मरीज को दर्द से निजात मिल सका। तरुण के परिजनों के मुताबिक को आप बिल्कुल ठीक है धीरे-धीरे सुधार हो रहा है फिलहाल डॉक्टर अखिलेश ने तरुण को तो नया जीवनदान दे ही दिया।

डॉक्टर अखिलेश सिंह बताते हैं कि यदि फेफड़े से पस बाहर नहीं निकाला जाता तो गंभीर स्थिति हो सकती थी, बाद में पूरे फेफड़ों को खोलकर ऑपरेशन करना होता जो गंभीर स्थिति होती है।

# युवती से छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**परसपुर, अमृत विचार:** वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रही एक दलित युवती के साथ छेड़छाड़ मामले में युवती के परिजनों एवं आरोपियों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों की तरफ से आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। परसपुर थाना क्षेत्र के नया पुरवा बसंतपुर निवासी बबलू पासवान ने पुलिस को सूचना दी है कि उसकी बहन रविवार को गांव के रहने वाले बजरंग बली के घर शादी समारोह में शामिल होने गई थी। शादी समारोह के समाप्त होने के बाद घर आते समय लगभग रात 11 बजे रास्ते में उनके गांव निवासी भल्लू कश्यप पुत्र रमेश कश्यप बहन का बुरी नियत से हाथ पकड़कर खींचने लगे। बहन के हल्ला गोहार करने पर मौके पर पहुंचा तो भल्लू कश्यप व उनके भाई लालू कश्यप उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देते हुए मुक्का थप्पड़ से मारने लगे। कुछ देर बाद गांव के कुछ लोग मौके पर आकर बीच बचाव किये। दूसरे पक्ष के अतुल कश्यप का कहना है कि बबलू पासवान, सुनील, गुड्डू पासवान तथा एक अज्ञात ब्यक्ति घर चंढकर आए और उनको अनायास भददी- भददी गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारने लगे।

# कैंप में बच्चों का किया गया पंजीकरण

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचार:** सोमवार को कस्बे के मोहल्ला गायत्री नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्मजात कटे होंठ व कटे तालू से संबंधित समस्या वाले मरीजों के इलाज के लिए निःशुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ एस एन सिंह ने बताया कि निःशुल्क पंजीकरण शिविर में 26 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। पूर्ण रूप से स्वस्थ बच्चे की मुस्कान ही उसका आत्म विश्वास जगाती है। इसी आत्माविश्वास को वापस लाने में अमेरिका की स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डॉ वैभव खन्ना एवं डॉ आदर्श कुमार हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल सार्थक भूमिका निभा रहें है। पंजीकृत मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं सम्पूर्ण इलाज लखनऊ हेल्थ सिटी अस्पताल में किया जायेगा। इस निःशुल्क परीक्षण एवं पंजीकरण शिविर को सफल बनाने में डी ई आई सी प्रबंधक उमाशंकर वर्मा, डॉ किरन कसौधन, डॉ सलमान, कमलेश, वंदना पाण्डेय, रेनू देवी, गिरधारी एवं समस्त राष्ट्रीय बाल स्वास्थय कार्यक्रम की टीमें, कार्यरत मोबाइल हेल्थ टीमें, आशा/आगनबाड़ी कार्यकत्री, एच बी एन सी, ग्राम प्रधान आदि रहे।


कटे होंठ व तालू से संबंधित मरीजों का पंजीकरण करते डॉक्टर। अमृत विचार


नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते बच्चे। अमृत विचार

### नाटक के माध्यम से अंधविश्वास से दूर रहने का दिया संदेश

**करनैलगंज, अमृत विचार :** समाज में अंधविश्वास के मकड़जाल पर चोट करती कहानी बुढ़िया का सपना का नाट्य रूपांतरण करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा में किया गया। देहरादून के हिमालयी विश्वविद्यालय में परफॉर्मिंग आर्ट्स से पीजी कर रही छात्रा निशु सिंह ने पढ़ाई के प्रोजेक्ट के तौर पर बच्चों के साथ इस नाटक का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कराया। निशु सिंह ने बताया कि इस नाटक के तहत लखनऊ में कई कार्यक्रम किए गए हैं। यह नाटक वरिष्ठ रंगकर्मी ललित सिंह पोखरिया द्वारा लिखित बुढ़िया का सपना है। उन्होंने बताया की बुढ़िया का सपना कहानी पर आधारित नाटक अंधविश्वास के मकड़जाल पर चोट करती है और बच्चों को संदेश देती है की पढ़ाई लिखाई कितनी जरूरी है और पढ़ाई के माध्यम से ही जीवन में तमाम सफलता हासिल की जा सकती हैं। इस नाट्य रूपांतरण का मुख्य उद्देश्य रचनात्मक अभिव्यक्ति और प्रदर्शन कर बच्चों के व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास करना और उन्हें प्रेरित करना है।

# ड्रोन कैमरों से रखेंगे मतदान केंद्रों पर नजर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जिले में पांचवे चरण 20 मई को प्रस्तावित निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने के के लिए थाना नगर क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों, बूथो की समुचित मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। मतदान केन्द्रों, बूथों के आस-पास की एरिया का ड्रोन कैमरे से निगरानी करवायी गयी। पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर आस-पास की हो रही गतिविधियों के विषय में जानकारी हासिल की। मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता को चिन्हित किया गया।


नगर क्षेत्र के मतदान केंद्र की जांच करते एसपी। अमृत विचार

थाना प्रभारी कोतवाली नगर राजेश सिंह ने बताया कि संवेदनशील इलाकों के सभी संभावित ट्रबल मेकर्स को चिन्हित कर उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित संभ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर चुनाव में गड़बड़ी करने वाले अराजक तत्वों के विषय में विस्तार से जानकारी की। कहा कि लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है तथा चुनाव में गड़बड़ करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है तथा ऐसे लोगो पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नामांकन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा, क्षेत्राधिकारी मनकापुर राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर कोतवाल राजेश कुमार सिंह, परसपुर प्रदीप शुक्ला, महिला थाना अनीता यादव, थानाध्यक्ष खरगूपुर दिनेश सिंह, थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रतिभा सिंह तथा 6 निरीक्षक सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस तथा पीएससी की ड्यूटी लगाई गई है।


लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष भाजपा की सदस्यता लेतीं सुशीला।

### सपा की नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला भाजपा में शामिल

**बेलसर, अमृत विचार :** सोमवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सुशीला देवी को भाजपा में शामिल कर लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर बमबम की प्रेरणा से सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील देवी ने भाजपा के सदस्यता ग्रहण की है। सुशीला ने नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी थीं और भाजपा उम्मीदवार को हराकर चुनाव जीती थीं। सुशीला ने सपा छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है।

# युवक की हत्या कर शव जलाने का आरोपी गिरफ्तार

**मनकापुर, अमृत विचार:** सड़क किनारे गड्ढे में युवक की हत्या कर शव जला देने के मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर साथ में काम करने वाले मजदूर पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

रविवार को बसवारी गांव के पास अधजला शव मिला था जिसकी शिनाख्त सीतापुर के थाना थानगांव के ग्राम ग्वारी निवासी कोइली के रूप में हुयी थी। मृतक के भाई रामकिशुन ने तहरीर में कहा कि वह अपने बड़े भाई कोइली, जीजा राजेन्द्र व गांव के ही प्रेमचंद्र व अमित के साथ धुसवा खास के चौकनिया गांव निवासी सूरज सिंह के यहां मजदूरी कर रहे थे। शनिवार को पैसा मिलने के बाद अमित साइकिल से बड़े भाई कोइली को लेकर खरीदारी करने जिगना गया था। रात लगभग 12 बजे नशे में अमित के वापस आने पर कोइली के बारे में पूछा तो उसने बताया कि रंजिश को लेकर कोइली की हत्या कर शव को जला दिए हैं। नशे में होने के कारण उसकी बातों पर विश्वाश न करके सभी लोग सो गए। रविवार सुबह नौ बजे सड़क के किनारे अधजले शव के मिलने की जानकारी मिलने पर मौके पर जाकर देखा तो सड़क किनारे गड्ढे में भाई कोयली का अधजला शव पड़ा था। वहीं आरोपी अमित को पुलिस ने आईटीआई तिराहे से सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि घटना के एक दिन पूर्व मृतक कोइली से 300 रुपया उधारी को लेकर कहासुनी व गाली गलौज हुआ था। इसी रंजिश को लेकर उसने मृतक को शनिवार रात्रि में योजनाबद्ध तरीके से शराब पिलाकर नशे में कर दिया तथा सुनसान इलाके में गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी तथा शव को सड़क के किनारे गड्ढे में डालकर पहचान छिपाने के लिए सरसो का डंठल व खरपतवार डाल कर जला दिया।


बेलसर चौराहे पर लगा जाम। अमृत विचार

### जाम की समस्या से यातायात व्यवस्था चरमराई

**बेलसर, अमृत विचार :** रगड़गंज बाजार में जाम की समस्या से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई है। सोमवार को चार बजे से गोंडा, उमरी बेगमगंज, तरबगंज, परसपुर मार्ग पर लंबा जाम लगा रहा। जाम को हटवाने में पुलिस कर्मी जूझ रहे थे, लेकिन जाम की लाइन बढ़ती जा रही थी। चौकी प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि सहालग के चलते जाम लग रहा है। पुलिस कर्मियों को जाम हटवाने के लिए लगाया गया है।

# बालश्रम रोकने को प्रतिष्ठानों पर चेकिंग

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शासन निर्देश के क्रम में पूरे जिले में बाल श्रम को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम दुकानों पर जाकर लोगों को बाल श्रम न करने को कह रही है, साथ ही बाल श्रम को लेकर जागरूक भी कर रही है। बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत थाना एएचटीयू टीम, चाइल्ड हेल्पलाइन ने थाना तरबगंज क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा एवं बाजार में संचालित दुकानों और होटलों की चेकिंग की गयी। अभियान के दौरान चाइल्ड लाइन से नीतू त्रिपाठी ने बाल श्रम रोकथाम के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही नीतियों के बारे मे दुकानदारों को अवगत कराया। हिदायत दी गई की भविष्य में किसी भी प्रकार के बच्चों से बाल श्रम ना कराये यदि बाल श्रम करते पकड़े जाते हैं तो थाना एएचटीप्रभारी के द्वारा विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में अभियान के दौरान महिला एवं बच्चों को जागरूक किया गया। महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर थाना एएचटीयू प्रभारी अरुण कुमार, उप निरीक्षक राम किशोर प्रसाद, महिला आरक्षी मीनू, महिला आरक्षी अमिता आदि मौजूद रही।


एक दुकान पर जांच करती टीम। अमृत विचार

## एक नजर

### चलती बस से कूदे नेपाली युवक की दबकर मौत

**जरवा /बलरामपुर, अमृत विचार।** कोइलाबास नेपाल निवासी इंद्रजीत कोहार ने बताया कि उनका भाई मृतक गुड्डू कहार पुत्र हरिराम (37) जो बैदौली बासीं सिद्धार्थनगर बस से बारात गया था। सोमवार को वापस लौटते समय अचानक बस से कूद गया ।बस के पिछले टायर के नीचे आ जाने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंच शव व बस को कब्जे में ले लिया है। उप निरीक्षक चंद्र भान पासवान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है ।अन्य विधिक कारवाही की जा रही है ।

### एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एसपी ने तुलसीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। एसपी ने लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थाना तुलसीपुर क्षेत्र में आने वाले मतदान केन्द्र कस्तूरबा आर्य बालिका इण्टर कालेज, स्वतन्त्र भारत इण्टर कालेज, बसन्त लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय तुलसीपुर का निरीक्षण किया ।एसपी केशव कुमार ने कहा कि सकुशल मतदान कराने के लिए पुलिस तैयार है ।निष्पक्ष चुनाव के लिए थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

### विद्यार्थी करेंगे राप्ती व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण

**बलरामपुर अमृत विचार।** एमएलके स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलरामपुर के एमए द्वितीय सेमेस्टर भूगोल के छात्र-छात्राओं का समूह तीन दिवसीय सर्वेक्षण शिविर के लिए रवाना हुआ। शिविर के माध्यम से विद्यार्थी राप्ती नदी के सिसई, कोड़री घाट व सिद्धार्थनगर जनपद के श्रृंगारजोत घाट का सर्वेक्षण करेंगे। प्राचार्य प्रो . जेपी पांडेय ने बताया कि सर्वेक्षण शिविर में छात्र-छात्राएं राप्ती नदी को आपस में एक दूसरे से अलग करने वाली उच्च भूमि और ऊंची भू-आकृतियों के द्वारा जल विभाजकों का अध्ययन करेंगे। साथ ही जल जमाव, उच्चावच एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी अध्ययन किया जाएगा। सर्वे कैंप में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एसएन सिंह, प्रोफेसर रेखा विश्वकर्मा एवं डा. अनुज सिंह के निर्देशन में विभिन्न यंत्रों जैसे प्लेन टेबल, प्रिजमेटिक कम्पास, डम्पी लेवल एवं थियोडोलाइट द्वारा विभिन्न उच्चावचों का सर्वेक्षण किया जाएगा।

### टॉपर को किया सम्मानित

**सीतापुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में कक्षा दस में प्रथम स्थान हासिल करने वाली प्राची निगम को बधाइयां देने वाले तथा सम्मानित करने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमन सिंह चैहान, जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा ने प्राची के निवास स्थान पर पहुंच कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भू माफिया विधायक की मदद करने वाला लेखपाल गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सादुल्लाह नगर थाने की जमीन के कागजात में हेरा फेरी कर भू माफिया पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी की मदद करने वाले रिटायर्ड लेखपाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताते चलें कि वर्ष 2013 में आरिफ अनवर हाशमी उतरौला विधानसभा क्षेत्र से सपा के विधायक थे। इसी दौरान उन्होंने सादुल्लाह नगर थाने की कुल 2.16 एकड़ जमीन में से 18 डिसमिल जमीन अभिलेखों में हेरा फेरी करा कर एक मजार के नाम दर्ज करा दिया था ।यही नहीं पूर्व विधायक ने मजार प्रबंधन कमेटी बनाकर अपने भाई मारूफ अनवर हाशमी को कमेटी का मुतवल्ली भी बनवा दिया था ।वर्ष 2024 में पुलिस तथा जिला प्रशासन की मदद से थाने की जमीन में किया गया फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। एसडीएम उतरौला ने मजार की जमीन को थाने के नाम दर्ज कराते हुए पूर्व विधायक ,उनके भाई तथा तत्कालीन लेखपाल मोहम्मद सईद समेत अन्य के खिलाफ 1 अप्रैल 2024 को धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था ।पुलिस ने पूर्व विधायक के भाई मारूफ अनवर हाशमी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार को कागजों में कूट रचना करने वाले तत्कालीन लेखपाल जो कि अब सेवानिवृत हो चुके हैं मोहम्मद सईद को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## अवकाश के दिनों में भी गेहूं क्रय केंद्र होंगे संचालित : डीएम

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत लक्ष्य की पूर्ति एवं कृषको को उनके उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के लिए रविवार व अन्य अवकाश के दिनों में भी गेहूँ क्रय केन्द्र संचालित होगें । भारतीय खाद्य निगम में गेहूँ की डिलीवरी भी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। गेहूं खरीद मे शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।किसानों से खरीदे गए गेहूं मूल्य का भुगतान भी 48 घंटे में सुनिश्चित किया जाए।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर छात्रों ने उकेरी कलाकृति

**बलरामपुर, अमृत दिवस।** विश्व पृथ्वी दिवस पर स्कूलों वा विभिन्न स्थानों द्वारा कार्यक्रम किया गया। आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल भवनियापुर में विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम के साथ चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को विभिन्न जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की संयोजिका पूनम शर्मा के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में बताया गया कि यह क्यों मनाया जाता है तथा इसकी शुरुआत कब हुई। बच्चों को देश तथा क्षेत्र के विभिन्न भौगोलिक व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी गई ।चित्रकला प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किये छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य मनोज यादव ,उमानाथ पांडे, प्राची सिंह, काजल मिश्रा, हेमलता सिंह तथा सभी शिक्षक मौजूद रहे।



विश्व धरती दिवस पर अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन करते विद्यार्थी। अमृत विचार

# चुनाव में प्राकृतिक संपदा के संरक्षण की गारंटी चाहती है जनता

### वन संपदा के क्षरण व दोहन से लोगों में है आक्रोश, शीघ्र निवारण की अपेक्षा

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** देश में लोकसभा चुनाव का जबरदस्त उत्साह है ।सभी राजनैतिक पार्टियां चुनाव प्रचार में व्यस्त है। जीत की गुणा गणित लगाने में राजनीतिक विश्लेषक जुटे हुए है। इन सबके बीच एक ऐसी सीट जो आज भी अपने आपको उपेक्षित महसूस करती है। वजह है यहां के सम्पदाओं का संरक्षण न करना। हर चुनाव में नेताओ के पास भुनाने को बहुत से मुद्दे होते है लेकिन असल मुद्दे को कभी अमल में नही लाते।

हम बात कर रहे है सोहेलवा वन्य जीव अभ्यारण का। भारत नेपाल सीमा बसे बलरामपुर और श्रावस्ती के पास एक ऐसी प्राकृतिक संपदा है जो न सिर्फ पूरे बलरामपुर-श्रावस्ती क्षेत्र को बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक बहुत बड़े राजस्व का निर्माण कर सकती है। सोहेलवा वन्य जीव अभ्यारण बलरामपुर जनपद की आर्थिक सामाजिक तस्वीर बदलने में अकेले सक्षम है। इसलिए यहां के लोगो ने बलरामपुर फर्स्ट ग्रुप बनाकर सोहेलवा के महत्व को समझते हुए यहां के लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति से जोड़कर क्षेत्र को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव,नगर निकाय,विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव हो। हर चुनाव में प्रत्याशियों के पास सड़क, बिजली, पानी जैसे तमाम मुद्दे भुनाने को होंगे लेकिन एक ऐसी संपदा जिससे उत्तरप्रदेश ही नहीं पूरे देश दुनिया के मानचित्र में अपना प्रमुख स्थान बना सकती है ऐसे मुद्दे प्रत्याशियों या उनके पार्टियो के घोषणा पत्रों से गायब रहते है।

सोहेलवा वन्य जीव अभ्यारण जो इस क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है ।इस पर स्थानीय लोगों की राय ली गयी। सोहेलवा को प्रोजेक्ट टाइगर रिज़र्व घोषित करने,वन्य क्षेत्र को सुरक्षित और संरक्षित करने के दिशा में कार्य करने वाले बलरामपुर फर्स्ट के सर्वेश सिंह ने कहा कि इस बार सभी सियासी दलों के प्रत्याशियों से यह मांग की जाएगी कि और उन्हें यहां की जनता से वादा करना होगा कि सोहेलवा वन्यजीव अभ्यारण्य के विकास,इसके संरक्षण की दिशा में कार्य करेंगे।



सोहेलवा सैंक्चुरी का मनोरम दृश्य। अमृत विचार



सर्वेश सिंह



सचिन



विपुल। अमृत विचार

सचिन सिंह ने कहा कि यहां की वनस्पतियां, यहां के वन्य जीव, यहां रहने वाली जनजातियां सब अद्भुत हैं और दुनिया इसे देखने की इच्छा रखती है ।लेकिन बीती सरकारों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इस बार के चुनाव में जो नेता सच मे प्राकृतिक संपदाओं को बचाने और सोहेलवा के विकास की बात करेगा। क्षेत्र की जनता उसके साथ खड़ी रहेगी।

विपुल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार चाहे केंद्र व प्रदेश की रही हो किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया। सोहेलवा वन्यजीव अभ्यारण्य में ईको टूरिज्म की अपार संभावनाएं है। यहां से क्षेत्र का विकास तो होगा ही बल्कि आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, सामरिक रूप से पूरे बलरामपुर-श्रावस्ती क्षेत्र का ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का विकास होगा।

## श्रावस्ती के युवक की मुंबई में हत्या

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** ग्राम घोरमा परसिया निवासी एक युवक की मंगलवार को मुबई में हत्या हो गई। मृतक की पत्नी ने गांव के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। को मुंबई से आई पुलिस टीम ने गांव के एक आरोपी को पकड़कर मुबई गई।

गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम घोरमा परसिया निवासी पंकज कश्यप पुत्र मोती मुंबई के कुड़वा थाना क्षेत्र में काफी समय से रहकर मजदूरी करता था। दो माह पहले वह गांव आया था और अपनी पत्नी मीरा देवी को भी साथ ले गया था। गांव के संजय, सुरेश, व मनोज भी साथ में रहते थे। मीरा ने दिए तहरीर में बताया कि पैसे के लेन देन को लेकर गांव के लोगों से विवाद हो ग था। 16 अप्रैल को जब पंकज काम पर जा रहा था तो उसके साथियों ने उसका पीछा किया था। और रात में ही उसकी कर दिया। घटना के बाद सुरेश पुत्र मनीराम गांव भाग आया था। इससे मीरा ने सुरेश सहित अन्य साथियों पर सदेह होने पुलिस को तहरीर दिया। सुरेश की तलाश में मुंबई से पुलिस टीम घोरमा परसिया पहुंची और सुरेश को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। जबकि मुबई में रह रहे गांव के साथियों को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

## अलग-अलग दुर्घटनाओं में छह लोग हुए घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले में हुई अलग अलग घटनाओं में छह लोग घायल हो गए। गिलौला क्षेत्र में तीन, सिरसिया क्षेत्र में दो व भिनगा क्षेत्र में एक दुर्घटना हुई है। घायलों का इलाज किया जा रहा है।

गिलौला थाना क्षेत्र में रविवार की रात में चंदईपुर गाव निवासी बीरेन्द्र पुत्र राधेश्याम मोटरसाइकिल से खुटेहना जा रहा था। खुटेहना की ओर से से आ रहे अज्ञात वाहन ने कलाम गांव के पास मोटरसाइकिल में ठोकर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। पयागपुर थाना क्षेत्र के रामदीन पुरवा निवासी मनोज पुत्र रामचन्दर को गिलौला के पास किसी वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। इसी तरह से बहराइच जिले के मटेरा निवासी राजबीर पुत्र मुन्ना सिंह रिस्तेदारी में जा रहे थे। तभी मलावा गांव के पास मवेशी से टकरा कर घायल हो गए। सभी घायलों को गिलौला सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसी कम में सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा बैरियाकुडी के पास हुए मार्ग दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल हो गए। सोमवार को बुधौड़ा की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने सेमरा वैरियाकुडी की ओर से जा रहे बाइक सवार को ठोकर मार दी। जिससे दोनो मोटरसाइकिल सवार गिर गए और घायल हो गए। एंबुलेश से आसपास के लोगों ने घायल सत्येन्द्र कुमार ओझा को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां से उसका इलाज करके घर भेज दिया गया। जबकि दूसरा घायल गांव में ही एक डाक्टर से इलाज कराकर चला गया। वहीं भिनगा कोतवाली क्षेत्र के मोजेपुरवा गाव में चारा काटने वाली मशीन से एक व्यक्ति के हाथ की उंगलिया कट गई। परिजनों ने घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है।

## अयोध्या से देवीपाटन तक बस की मांग

**उतरौला/बलरामपुर, अमृत विचार।** उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने उतरौला से देवीपाटन तुलसीपुर के लिए परिवहन निगम की बस चलाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राप्ती नदी के पिपरा घाट पर पक्का पुल बन जाने के कई वर्ष बाद भी परिवहन निगम द्वारा उतरौला से देवी पाटन तुलसीपुर के लिए अभी तक कोई सीधी बस सेवा ना चलाए जाने से यात्रियों तथा भक्तगणों में मायूसी है। उतरौला से देवीपाटन तुलसीपुर के लिए रोडवेज बस न होने के कारण लोगों को तुलसीपुर जाने तथा श्रद्धालुओं को देवीपाटन का दर्शन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस मार्ग से उतरौला, मनकापुर, फैजाबाद, अयोध्या, डुमरियागंज समेत कई अन्य जनपदों के श्रद्धालु देवीपाटन मंदिर दर्शन करने के लिए आते जाते हैं। सरकारी बस न होने के कारण प्राइवेट टैक्सी एवं निजी वाहन का ही सहारा रहता है। इस रोड पर चलने वाले टैक्सी व प्राइवेट बस चालक मनमाना किराया वसूलते हैं। पूर्व में राप्ती नदी के पिपरा घाट पर पक्का पुल ना होने के कारण यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को मजबूरन जिला मुख्यालय होकर तुलसीपुर जाना पड़ता था। पिछले कई वर्षों से समाजसेवी महफूज आदिल हुसैन, चौधरी इरशाद गद्दी परिवहन निगम से उतरौला से अयोध्या और अयोध्या से देवीपाटन तुलसीपुर के लिए रोडवेज बस का संचालन कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

## पौधे लगाकर बचाएं पर्यावरण

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** भूमि संरक्षण कार्यालय में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को पर्यावरण सरक्षण व जल संचयन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यकम के बाद पौधरोपण कर सभी से पौधे लगाने की अपील की गई। जिले के भूमि संरक्षण, सिंचाई व जल संसाधन विभाग की ओर से सोमवार को 55वा पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भूमि सरक्षण अधिकारी रचित कुमार ने मौजूद लोगों को बताया कि दिन ब दिन बढ़ते विभिन्न प्रकार के प्रदूशण पृथ्वी की सेहत विगाड़ रहे हैं। जिला विछड़ा व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खडायत ने कहा कि हम सभी को प्रति वर्श कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए। वनों के दोहन से निरंतर धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है। जिला क्रीडाधिकारी शिव कुमार यादव ने कहा कि लगातार बढ़ रहा तापमान इस बात का संकेत है कि पृथ्वी पर वन क्षेत्र की कमी हो रही है। इस दौरान उत्तम, आशीश, घनश्याम रस्तोगी, शशिकांत तिवारी, विशुननाथ जायसवाल, शेख, गोवर्धन, विनीत सिंह, इकबाल, संजय सिह यादव मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

## सहायकों एवं परिचारकों को दिया गया सुरक्षा का प्रशिक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सुरक्षा को प्राथमिकता देने और प्रयोगशाला वातावरण के भीतर सर्वोत्तम प्रथाओं को स्थापित करने के एक ठोस प्रयास में, एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर ने प्रयोगशाला सहायकों और परिचारकों के लिए प्रयोगशाला सुरक्षा और अच्छी प्रथाओं पर एक गहन प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो जेपी पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ ।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. बी. एल. गुप्ता ने एक सुरक्षित और प्रभावी प्रयोगशाला वातावरण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण व्यापक ज्ञान और आवश्यक कौशल के साथ प्रशासनिक कर कमियों को प्रस्तुत करने के अपने लक्ष्य पर जोर दिया।

**एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

विशेषज्ञों के साथ सहयोग करते हुए, प्रतिभागियों ने प्रयोगशाला सुरक्षा प्रोटोकॉल, जोखिम प्रबंधन रणनीतियों और नियामक अनुपालन मानकों के विभिन्न पहलुओं में तल्लीन किया।

मंजीता यादव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उपस्थित लोगों को विशेष रूप से प्रयोगशाला सेटिंग्स के अनुरूप मौलिक सुरक्षा प्रोटोकॉल में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी। इसमें सुरक्षित रासायनिक हैंडलिंग, उपकरण संचालन, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) के उचित उपयोग जैसे क्षेत्र शामिल होगें।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रयोगशाला सहायक, परिचारक व अन्य। अमृत विचार

डॉ. सुनील कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम और केस स्टडीज की इंटरैक्टिव प्रकृति पर विस्तार से बताया ।प्रतिभागियों को संभावित खतरों की पहचान करने, जोखिमों का मूल्यांकन करने और कर्मियों और सुविधाओं दोनों की सुरक्षा के लिए प्रभावी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने में उनकी भूमिका पर जोर दिया।

डॉ. मो. अकमल ने प्रयोगशाला सुरक्षा को नियंत्रित करने वाले प्रासंगिक नियमों और मानकों के व्यापक अवलोकन के कार्यक्रम के प्रावधान पर जोर दिया। इसमें OSHA दिशानिर्देशों, EPA नियमों और स्थानीय नियामक आवश्यकताओं में अंतर्दृष्टि शामिल थी ।सभी का उद्देश्य अनुपालन और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देना था।

प्रो. अशोक कुमार ने प्रतिभागियों द्वारा अपने अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के महत्व को रेखांकित किया। सुरक्षा प्रोटोकॉल में निरंतर सुधार और नवाचार के उद्देश्य से इस सहयोगी सीखने के माहौल को हाथों पर प्रदर्शनों और सिमुलेशन द्वारा पूरक किया गया था, व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है और सैद्धांतिक ज्ञान को मजबूत करता है।

**सक्रियता** जिला निर्वाचन अधिकारी ने अनापत्ति प्रमाणपत्र की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करने का दिया निर्देश

## इंडो-नेपाल योजनान्तर्गत निर्मित मार्ग का किया निरीक्षण



मार्ग का निरीक्षण करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत इंडो-नेपाल योजनान्तर्गत निर्मित ककरदरी तुरसमा भरथा गुज्जरगौरी मार्ग तथा वर्तमान में प्रस्तावित सोहेलवा वन्यजीव वन क्षेत्र में बॉर्डर रोड का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देशित किया।

उन्होंने यह भी निर्देशित कि बार्डर पर दोनों देशों के बीच सामान्य

**सीमा पर होने वाली प्रत्येक गतिविधियों पर व्यापक निगरानी रखने के निर्देश**

आवागमन है। इसलिए सीमा पर होने वाली प्रत्येक गतिविधियों पर व्यापक निगरानी रखी जाए, जिससे आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता इंडो नेपाल बार्डर मनीष कुमार यादव, सहायक अभियंता शौर्य सिंह, अवर अभियंता रामसागर कुशवाहा एवं सम्मी अली, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कई दिनों से बंद पड़ा है एकमात्र सिनेमा हॉल

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले के एक मात्र टीटू सिनेमा हाल का लाइसेंस नवीनीकरण न होने से 20 दिनों से बंद है। सिनेमा हाल बंद होने से फिल्म के शौकीन लोग मायूस हैं। सिनेमा हाल कर्मी लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी कर 30 मार्च तक मनोरंजन अधिकारी कार्यालय में जमा कर दिया था। इसके बाद से रोज कार्यालय का चक्कर लगा रहे है, लेकिन अब तक पत्रावली वापस नहीं मिली है।

सिनेमा हाल मालिक सलिल सिंह टीटू ने बताया कि हर साल मार्च में नवीनीकरण की पत्रावली पूरी करके मनोरंजन अधिकारी कार्यालय पहुंचा दी जाती है। नियमों के तहत लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी करके एक अप्रैल को पत्रावली लौटा दी जाती थी। यह प्रक्रिया करीब 24 वर्ष से चल रही है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नियमित प्रक्रिया है। इस बार ही नवीनीकरण प्रमाण पत्र न मिलने के कारण सिनेमा हाल बंद है। दूसरी तरफ मनोरंजन निरीक्षक शुभम मिश्र का कहना है कि लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया चल रही है।



बलरामपुर में बंद पड़ा टीटू सिनेमा हॉल। अमृत विचार

**लाइसेंस नवीनीकरण न होने से फंसा है पेच**

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने किया नामांकन

▸▸ आवाम पार्टी के प्रत्याशी ने भी भरा पर्चा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया। इसके बाद उन्होंने प्रेस वार्ता कर संविधान और पिछड़ों के हक को बचाने की अपील की। उधर राष्ट्रीय आवाम पार्टी के प्रत्याशी ने भी नामांकन किया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन चल रहा है। कलेक्ट्रेट में स्थित नामांकन के पांचवे दिन 56-बहराइच सुरक्षित सीट से गठबंधन के प्रत्याशी रमेश कुमार गौतम अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। उन्होंने अपने पांच प्रस्तावकों के साथ नामांकन स्थल पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी को नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन करने करने के बाद सपा प्रत्याशी रमेश गौतम ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने और पिछड़ों को हक दिलाने के लिए है। ऐसे में मतदाता ही सबकुछ हैं। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह, सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, सपा नेता अब्दुल मन्नान, जफर उल्ला ख़ां बंटी समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे। उधर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भारतीय अवाम पार्टी (राष्ट्रीय) से अरविन्द कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया है।


जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र देते गठबंधन प्रत्याशी।

### लग्जरी वाहनों और जेवरातों के शौकीन हैं सपा प्रत्याशी

बहराइच, अमृत विचार। सपा और गठबंधन के प्रत्याशी रमेश गौतम लग्जरी वाहनों के शौकीन है उन्होंने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करते हुए अपने शपथ पत्र में इसकी जानकारी दी। उनके विरुद्ध समाचार प्रति को जलाने के मामले में केस भी गोंडा में दर्ज है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रमेश कुमार गौतम ने अपने प्रस्ताव को के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सपा प्रत्याशी की ओर से शपथ पत्र जिला निर्वाचन कार्यालय को दिया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय को दिए गए शपथ पत्र में सभा प्रत्याशी रमेश गौतम के विरुद्ध गोंडा के कोतवाली नगर में एक समाचार पत्र की प्रतियां जलाने के मामले में केस दर्ज है वह कैसे अभी चल रहा है। उन्होंने यह अपराध मुख्यमंत्री के विरुद्ध छापे गए खबर को लेकर किया था। वहीं सपा प्रत्याशी लग्जरी वाहनों के भी शौकीन है, उनके पास इस समय तीन वेशकीमती कार है। इसके अलावा विभिन्न बैंक खातों में 49 लाख 61000 रुपये जमा है। साढ़े सात लाख रुपये नगद मौजूद है। उनके पास 110 ग्राम सोने की चेन भी है। वह जेवरात के भी शौकीन हैं। इसके अलावा सपा प्रत्याशी के पास 15 एकड़ से अधिक जमीन भी है।

# माइक्रो आब्जर्वर की होगी तैनाती

बहराइच

**अमृत विचार :** शहर के किसान डिग्री कॉलेज में चल रहे माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण सोमवार को समाप्त हो गया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिले के क्रिटिकल एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर माइक्रोआर्ब्ज़वर्स की तैनाती की जाएगी। मतदान केन्द्रों पर तैनात होने वाले माइक्रोआब्ज़र्वर्स के लिए किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे माइक्रोआब्जर्वर्स से ईडीसी सहित विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिया कि आम लोग भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अध्ययन अपने उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/सीडीओ रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सीके वर्मा, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।


किसान डिग्री कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण को संबोधित करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी।

## एक नजर

### आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच,अमृत विचार :** विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय बहराइच के उपखण्ड अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 23 अप्रैल को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र-सिविल लाइन पर क्षमता वृद्धि हेतु पॉवर परिवर्तक (5 एमवीए से 10 एमवीए) बदलने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण 33/11 केवी सिविल लाइन उपकेन्द्र के समस्त फीडर प्रात: सात बजे से रात्रि 11 बजे तक बन्द रहेंगे। इस दौरान पंचवटी, माधवरेती, वीआईपी, फायर स्टेशन, नवोदय, दिवानी कचेहरी एवं टेलीफोन फीडर से सम्बन्धित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति से प्रभावित रहेगी। श्री कुमार विद्युत उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि तद्नुसार पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर लें।

### गोलवा घाट पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर से सटे सरयू नदी के गोलवाघाट पुल के नीचे मिले शव की शिनाख्त हो गई है। रविवार को शव मिलने के बाद इसे सुरक्षित रखा गया था। देहात कोतवाली के बहराइच लखनऊ हाईवे के मरी माता मंदिर गोलवाघाट के पास रविवार शाम को लोगों ने युवक की लाश नदी में उतराती देखी। । पुलिस ने तैराक बुलाकर शव निकलवाया। शव की पहचान के प्रयास विफल होने पर फोटो व वीडियो ग्राफी कराकर मार्च्युरी मे रखवाया गया। इसी दौरान नगर कोतवाली के काजीपुरा निवासी लोगों ने रविवार शाम मार्च्युरी पहुंच कर शव की पहचान काजीपुरा निवासी गुड्डु पुत्र जमील के रूप में की। कोतवाल बृजेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### गिले शिकवे भूल 5 परिवार साथ रहने को हुए राजी

**बहराइच,अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र' द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 05 परिवारो में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया गया। पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में एसपी वृंदा शुक्ला द्वारा प्रेषित किए गए पत्रों पर सोमवार को सुनवाई हुई। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव, महिला सिपाही छाया द्विवेदी, गिरजावती यादव, अनन्या सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया। दोनों पक्षों को समझाया गया। जिसके परिणाणस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी।

# बिना अग्निशमन यंत्र के धड़ल्ले से दौड़ रहीं रोडवेज बसें

## अचानक आग लगने पर दूसरे के यंत्र का लेते हैं सहारा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज बस अड्डे से दूसरे जनपदों को रोडवेज बसों का संचालन होता है। कभी-कभी आग लगने से बड़ा हादसा हो जाता है। लेकिन बसों में अग्निशमन यंत्र के प्रयुक्त संसाधन न होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बहराइच रोडवेज बस अड्डे से 95 रोडवेज बसों का संचालन विभिन्न मार्गो पर होता है। बस अड्डे से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश को भी बसें जाती हैं। इन बसों में देखने के लिए प्रथम चिकित्सा उपकरण और अग्निशमन यंत्र स्थापित रहता है। लेकिन कभी भी अगर इनकी जरूरत हुई तो रोडवेज बस के चालक और परिचालक एक दूसरे की तरफ चेहरा झांकते नजर आते हैं। रोडवेज बस में सिर्फ शोपीस के लिए अग्निशमन सिलेंडर लगा रहता है लेकिन जरूरत के समय यह सभी धोखा दे जाते हैं क्योंकि इसमें कार्बन डाइऑक्साइड ही नहीं रहता है। ऐसे में अग्निकांड की घटनाएं होने पर कैसे आग बुझाया जाए, यह सोचनीय सवाल है। क्योंकि गर्मी में वाहनों के संचालन में अचानक घर्षण होने पर कभी-कभी अग्निकांड की घटनाएं स्वयं ही हो जाती हैं।


बस में लगी आग के बाद पेट्रोल पंप के अग्निशमन यंत्र से आग बुझाते कर्मी।

### पेट्रोल पंप के सिलेंडर से बुझायी आग

लखनऊ बहराइच मार्ग पर फखरपुर में गुरुवार को लखनऊ से बहराइच आ रही रोडवेज बस में बीड़ी की चिंगारी से आग लग गई थी। लेकिन बस में खराब संसाधन के चलते पेट्रोल पंप से अग्निशमन सिलेंडर से आग बुझाया गया।

### सभी बसों में उपलब्ध हैं संसाधन

रोडवेज बसों में अग्निकांड की घटनाएं कभी-कभार होती हैं, वह भी यात्रियों की शिथिलता के चलते। बृहस्पतिवार को एक बुजुर्ग यात्री ने बीड़ी पीकर फेंका, जिसकी चिंगारी से आग लगी। सभी रोडवेज बसों में अग्निशमन सिलेंडर मौजूद हैं यदि किसी में कार्बन डाइऑक्साइड उपलब्ध नहीं है तो इसकी जांच कर उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

**-प्रेम कुमार, एआरएम**

# कार में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चालक समेत 6 घायल

बहराइच

**अमृत विचार :** नानपारा बहराइच मार्ग पर सोहरवा गांव के पास देर रात को कार में अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मरी दी। जिसमें दंपत्ति और मासूम बेटे समेत छह लोग घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया है।

श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के पटपरगंज निवासी हाशिम गांव के अन्य लोगों के साथ मुंबई में रहकर कैटरिंग का काम करते हैं। वहीं पर बच्चे पढ़ाई करते हैं। इस समय गर्मी की छुट्टी होने के चलते हाशिम अन्य परिवार के लोगों के साथ मुंबई से ट्रेन द्वारा लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन रविवार शाम को सात बजे उतरे। इसके बाद एक वाहन की बुकिंग कराई। वाहन में परिवार के इस्माइल पुत्र सूबेदार, मीना पत्नी हाशिम, हाकिम पुत्र इस्माइल, आफरीन पत्नी हाकिम, मोहम्मद अजान (8 माह) पुत्र हाकिम और तीन बच्चे सभी श्रावस्ती जनपद के मल्हीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटपरगंज के लिए रवाना हुए। नानपारा बहराइच मार्ग पर राम गांव थाना क्षेत्र के सोहरवा गांव के पास कार में दूसरे चार पहिया अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें चालक समेत अन्य लोग घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें चार लोगों को अधिक चोट आई है। कार चालक का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर शहर के स्टेशन रोड पर देर रात को अज्ञात वाहन ने चार पहिया वाहन में टक्कर मार दी। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कोई घायल नहीं हुआ। पूर्व ग्राम प्रधान ने बुलवाया एंबुलेंस सोहरवा गांव में सड़क हादसे के बाद रात 11 बजे सभी घायल तड़फ रहे थे। तभी एक कार्यक्रम में शामिल होकर रिसिया थाना क्षेत्र के गोकुलपुर के पूर्व ग्राम प्रधान मेराज अहमद किसी कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। उन्होंने घायलों को देख वाहन रुकवाया। 108 एंबुलेंस को फोन कर सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल महिला।

## सार-संक्षेप

### विहिप ने निकाली श्रीराम जन्मोत्सव धर्म जागरण शोभायात्रा


शोभा यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

**मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** मिहींपुरवा नगर पंचायत में स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की ओर से श्री राम जन्मोत्सव धर्म जागरण शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर क्षेत्र में भ्रमण करके पुन: मंदिर पहुंची जहां पर यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे लगाए गए। यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह के नेतृत्व में हुआ। श्री राम जन्मोत्सव धर्म जागरण शोभा यात्रा में मुख्य वक्त स्वामी विष्णु देवाचार्य ने समस्त हिंदुओं को एकता के सूत्र में बांधने का आह्वान करते हुए एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर मिहींपुरवा नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मिहींपुरवा प्रखंड अध्यक्ष दिलीप मोदनवाल बल्ले भैया, बलहा प्रखंड अध्यक्ष मदन सोनी, प्रखंड कार्य अध्यक्ष बृजेश निषाद, प्रखंड उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह उर्फ पप्पू, धर्म प्रसार प्रमुख सुरेश राठौर, बिक्कू सिंह, राम सिंह, कृष्णा पांडे, रामगोपाल गुप्ता, अंकित बजरंगी, बाबूलाल शर्मा, सुरेश कुमार वर्मा, योगेन्द्र मौर्य पिन्टू मौर्य, स्वयं सेवक अमित वर्मा आदि रामभक्त उपस्थित रहे।

### गर्मी ने बढ़ाई तपिश, लू से परेशान रहे लोग

**बहराइच, अमृत विचार :** गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि सुबह आठ बजे से ही तेज धूप निकला रही है। जो 38 डिग्री के पारे के बाद समाप्त हो रही है। तराई के बहराइच जिले में गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह छह बजे ही सूरज निकल रही है। लेकिन यह सूरज धीरे धीरे तेज धूप में तब्दील हो रही है। आलम यह है कि सुबह ही 18 डिग्री सेल्सियस से हो रही है। इसके बाद पारा दोपहर से लेकर शाम चार बजे तक 38 डिग्री रह रहा है। वहीं तेज धूप के बीच चल रही तेज हवाएं लू को बढ़ावा दे रही हैं। जिसके चलते आम लोगों का जन जीवन प्रभावित है। वहीं सूखे तालाब और नदी मवेशियों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। उन्हें पानी नहीं मिल रहा है। जिसके चलते सभी पानी के लिए आबादी में रुख कर रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि जब तक बारिश नहीं होगी। तब तक इसी प्रकार मौसम रहेगा। ऐसे में सभी लोग अपने को बचाते हुए दिनचर्या का काम करें।


धूप से बचने का प्रयास करतीं छात्राएं।

### वाहन की टक्कर से हिरण घायल

**बहराइच, अमृत विचा :** फखरपुर थाना के रूकनापुर बाजार में एक हिरण सोमवार को पानी की तलाश में भटकते हुए आ गया। हिरण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी आम लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। आम लोगों के साथ वन्य जीवों को भी परेशान कर रही है। बहराइच वन प्रभाग के कैसरगंज अंतर्गत रूकनापुर बाजार में सोमवार दोपहर में एक हिरण पानी की तलाश में भटकता हुआ आ गया। सड़क पार करते समय हिरण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने हिरण को कब्जे में लेकर उसे पानी पिलाया। हिरण के मुंह पर गंभीर चोट आई है। वन विभाग की ओर से हिरण को कब्जे में रेंज कार्यालय में इलाज किया जा रहा है।


घायल हिरण।

### चाहे नर हो या हो नारी,मतदान है सबकी जिम्मेदारी

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगापुर,ककरहा कुट्टी व प्राथमिक विद्यालय राधानगर के बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।पयागपुर विकास खंड में सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगापुर व प्राथमिक विद्यालय राधानगर और परना में अध्ययनरत बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। मतदान के महत्व सम्बन्धी स्लोगन लिखे होर्डिंग्स और चार्ट हाथों में लेकर"लोकतंत्र का संम्मान करेंगे,निर्भय होकर मतदान करेंगे" चाहे नर हो या हो नारी,मतदान है सबकी जिम्मेदारी,पहले मतदान,फिर जलपान" जैसे नारों का घोष करते हुये रैली गांव के विभिन्न मजरों से होकर विद्यालय पहुंचीं। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका पूर्णिमा देवी ,व अरूणिमा शुक्ला ने अभिभावकों को मतदान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एआरपी पवन शुक्ला,विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष गीता देवी,शिक्षिका रजनी जायसवाल, भानु प्रताप यादव,अर्जित शर्मा सहित विद्यालय की रसोइयां व तमाम अभिभावक गण मौजूद रहे।



मतदाता जागरूकता रैली निकालते छात्र।

### बिछिया निवासी युवक की रोहतक में मौत

**मिहींपुरवा, बहराइच :** जिले के बिछिया निवासी युवक रोहतक में नौकरी करता था। सोमवार सुबह सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया।सुजौली थाना क्षेत्र के बिछिया बाजार निवासी संतोष शर्मा उर्फ पहाड़ी (36) हरियाणा के रोहतक में नौकरी करता था। सोमवार को वह ड्यूटी के लिए जा रहा था। तभी उसे वाहन ने टक्कर मार दिया। मौके पर ही संतोष की मौत हो गई। साथ के लोगों ने हादसे की जानकारी घर के लोगों को दी। मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों के मुताबिक शव घर के लिए रवाना हो गया है। देर रात तक शव घर आने की उम्मीद है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** एक युवती की रविवार रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। युवती का पति मुम्बई में रहकर मजदूरी कर रहा है। ससुर की सूचना पर पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में लाश को कब्जे में लेकर सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है । खैरीघाट थाने के बसंतापुर टेपरा निवासनी 24 वर्षीय कलीकुन पत्नी मोहम्मद हुसैन की रविवार रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका पति मुम्बई में रहकर मजदूरी कर रहा है। जबकि ससुराल दिलदार व अन्य परिजन खेत पर गए थे। जब वह घर आए तो उन्हे इस घटना की भनक लगी। तो घर में हाहाकार मच गया। महज तीन वर्ष पूर्व युवती की शादी हुई थी। इसकी सूचना थाने में दी गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर तहकीकात शुरू की। उन्होंने बताया कि युवती के शरीर पर चोट आदि नही पाई गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट का इंतजार है।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज

**हुजूरपुर, बहराइच:** हुजूरपुर विकासखंड के हुजूरपुर में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सुंदरकांड और हवन का आयोजन होगा। भजन गायक रमन, रामशंकर प्यासा, राहुल पाण्डेय के द्वारा भजन प्रस्तुत किया जायेगा।इसके अलावा झांकी प्रतुस्त की जायेगी।

# सरकारी डॉक्टर ने नर्सिंग होम में किया वृद्ध का आपरेशन, मौत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** शहर के डिगिहा मोहल्ले में स्थित अस्पताल के बच्चों के डॉक्टर ने मरीज का आपरेशन कर दिया। हालत बिगड़ने पर मरीज की रविवार को मौत हो गई। इस पर परिवार के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सीएमओ ने जांच के लिए टीम गठित की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जनपद के सरकारी डॉक्टर डॉ अतुल मिश्रा शहर में ही एके हॉस्पिटल के नाम से अस्पताल संचालित कर रहे है। डॉक्टर अतुल मिश्रा बाल रोग विशेषज्ञ हैं। वे सर्जन नही हैं फिर भी एक मरीज का पथरी का ऑपरेशन कर दिया। इस पर मरीज की हालत खराब हुई तो मरीज के तीमारदारो ने डॉक्टर से बात की तो डॉक्टर साहब कहते हैं "कि हम ये सब ऑपरेशन खुद करते हैं इसमें कोई बड़ी बात नहीं। मरीज की छोटा सा पथरी का ऑपरेशन कराने वाला मरीज आईसीयू में भर्ती किया गया। रविवार को मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते दो माह पूर्व कृपाराम यादव नाम के 60 वर्षीय वृद्ध का पथरी का ऑपरेशन डॉक्टर साहब ने स्वतः ही कर दिया था। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ने लगी टाको से यूरिन स्राव होने लगा और इंफेक्शन फैल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मरीज की मौत को लेकर लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पाकर दरगाह और कोतवाली नगर की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में सीएमओ डॉ राजेश कुमार ने बताया कि दो सदस्यीय टीम गठित की गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मरीज की मौत के बाद अस्पताल के कर्मचारियों से पूछताछ करते थानाध्यक्ष।

### पहले भी हो चुका है विवाद

एके हॉस्पिटल का विवादों से पुराना नाता है। एक वर्ष पूर्व भी इलाज में लापरवाही को लेकर पयागपुर क्षेत्र के मरीज की मौत पर हंगामा हुआ था। जिस पर अस्पताल सीज कर दिया गया था। लेकिन ऊंची पहुंच के चलते अस्पताल का संचालन पुन: शुरू हो गया।

### दांत से कान काटने के मामले में तीन पर केस दर्ज

बहराइच, अमृत विचार। मुंडन संस्कार मे भोज कार्यक्रम में आमंत्रित गांव के युवक के साथ तीन हमलावरों ने मारपीट की। यही नही हमलावरों ने युवक के कान को दांत से काट खाया। इस मामले में पुलिस ने मेडिकल के आधार पर संज्ञेय धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।मोतीपुर थाने के हंसुलिया महबूव नगर निवासी जीतेन्द्र वर्मा पुत्र बुद्धी लाल 19 अप्रैल की रात दस बजे गांव के ही संजय गुप्ता के यहां मुंडन संस्कार मे आयोजित भोज मे गए थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर मेजबान संजय गुप्ता व जीतेन्द्र में कहासुनी होने लगी। अचानक संजय, उसके भाई दुर्गेश व एक अन्य दीपक ने हमला कर बेरहमी से जीतेन्द्र की धुनाई कर दी। घायल को थाने लाए जाने पर पुलिस ने मोतीपुर सीएचसी भेजा। एसएचओ दद्दन सिंह ने बताया कि संज्ञेय धाराओं में तीन को नामजद कर केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**ली शपथ** | राम रहीम इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने व्यक्त किये अपने विचार

# पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

महसी, बहराइच

**अमृत विचार :** महाराजगंज गांव में पृथ्वी दिवस के अवसर पर अभिलाशा लोक कल्याण संस्थान राम रहीम इंटर कॉलेज में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव और विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनार्दन पटेल, सदस्य लोकनाथ त्रिवेदी, अयोध्या प्रसाद शर्मा संयुक्त रूप से रहे।

खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्रा ने नैंसी बाजपेई ,नज्मू शहर एवं रीना बेगम, माही गुप्ता ,श्रेया और नव्या ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का अध्यक्ष जनार्दन पटेल ने माल्यार्पण करके अंग वस्त्र प्रदान कर भव्य स्वागत किया। विद्यालय की छात्रा नैंसी वाजपेई ने में पृथ्वी हूं मेरी पुकार सुनो के संबोधन के साथ पृथ्वी की प्रदूषण के कारण दुर्दशा को व्यक्त किया। छात्रा नज्मू शहर ने धरती को स्वच्छ रखने के उपाय भी बताया तथा प्रदूषण न करने का संकल्प दिलाया। खंड विकास अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में काम से कम 100 पेड़ लगाने और उनकी सुरक्षा करने के लिए कहा। इसके साथ-साथ लोकतंत्र के महापर्व पर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाठक ने छात्र-छात्राओं को सिंगल उसे प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा उसके स्थान पर जूतियां कपड़े के थैलियों को प्रयोग करने के लिए कहा और शपथ दिलाई। अयोध्या प्रसाद शर्मा द्वारा कविता के माध्यम से पृथ्वी बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया गया। अध्यक्ष द्वारा प्रतिभाग करने वाले सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र मेडल, कॉपी और कलम पुरस्कार दिया। इस दौरान राकेश कुमार शर्मा, संदीप त्रिवेदी, विद्यालय के प्रबंधक रमेश चंद्र पाठक, प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाठक, कमलेश पाठक, मनोज तिवारी, मोहम्मद ताहिर, अशोक शुक्ल, रमेश चंद्र वर्मा, कुमारी वंदना यज्ञ सैनी , मुस्कान गुप्ता, फोजिया खातून, रजिया खातून, शिव शंकर जायसवाल ,मंजू पाठक आराधना पाठक एवं प्रिय पाठक, ओंकार, कमला देवी समेत अन्य मौजूद रहे।



पृथ्वी दिवस पर इंटर कॉलेज में शपथ लेते पदाधिकारी। अमृत विचार

# दोपहर में ही बैंक बन्द कर चले गए कर्मी

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** निर्वाचन कार्य मे ड्यूटी लगने की नोटिस टांगकर बैंक कर्मियों ने दोपहर में ही बैंक बन्द कर दिया।बैंक में ताला लटकता देखकर खाताधारक मायूस होकर वापस लौटे। इसकी जानकारी होने पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने दूसरे बैंक से कर्मियों को भेजकर शाम चार बजे से संचालन शुरू करवाया।

पयागपुर नगर पंचायत के भूपगंज बाजार स्थित सेंट्रल बैंक की शाखा को सोमवार दोपहर 12:30 बजे ही बन्द कर बैंक कर्मी चले गए। बैंक के गेट पर लटक रहे नोटिस से पता चला कि बैंक कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में गये हुये है। अपने भाई के खाते में पैसे जमा करने आये अमदापुर के विवेक पाण्डेय ने बताया कि उन्हें पैसे भेजने की सख्त आवश्यकता थी। बिना पूर्व सूचना के बैंक बन्द होने से उनका कार्य प्रभावित हो गया। पैतौरा की माया देवी,राजापुर के साबिर पयागपुर के विवेक मिश्रा आदि के साथ शाखा पर पहुंचने वाले खाताधारक लटक रहे ताले को देख हतप्रभ रहे। इस सम्बंध में आरएम अयोध्या ऋषि सारस्वत ने बताया कि सभी कर्मियों की ड्यूटी नहीं लगी होगी, बैंक बन्द क्यो किया गया इसकी जांच कराई जाएगी।



बैंक बंद कर लगाया गया नोटिस।


उपभोक्ता विवेक मिश्रा और विवेक पांडेय।

### आरएम के निर्देश पर 4:30 बजे फिर खुला बैंक

खाताधारकों के जमावड़े और मीडिया के द्वारा जानकारी मिलने पर आरएम ऋषि सारस्वत ने बैंक कर्मी निधि व पड़ोसी ब्रांच उधरना सरहदी के शाखा प्रबंधक ज्ञानेंद्र सिंह को बैंक खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने 4 :30 पर आकर पुन: बैंक खोला,जिससे खाताधारको को जमा निकासी की सुविधा मुहैया हो सकी। आरएम ने बैंक बंद होने की जांच करवाने की बात कही।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नरा : पण्डितबुद्धय : ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# मालदीव में मुइज्जू

हिंद महासागर में स्थित रणनीतिक रूप से अहम देश मालदीव के संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी की जीत को चीन समर्थक नेता के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण करार दिया जा सकता है। चीन और भारत के साथ मालदीव का नाजुक संतुलन लंबे समय से इसकी राजनीति में एक केंद्रीय विषय रहा है। हिंद महासागर में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन और भारत दोनों ने ही मालदीव में निवेश किया है। बीते साल राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। वह मालदीव के कई बड़े प्रोजेक्ट चीन की कंपनियों को दे चुके हैं। संसद में उनकी पार्टी गठबंधन में थी परंतु उनके पास बहुमत नहीं था। मालदीव की संसद मजलिस में एमडीपी का बहुमत होने की वजह से राष्ट्रपति मुइज्जू की कई नीतियां लागू नहीं हो सकी थीं। अब संसदीय चुनाव में बंपर जीत के बाद उनकी ये भी परेशानी दूर हो गई है। नतीजों से साफ है कि मुइज्जू की ताकत बढ़ेगी। सरकार में चीन का दबदबा बढ़ सकता है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि चीन मालदीव के साथ अपनी परंपरागत दोस्ती को बनाए रखने के लिए काम करने का इच्छुक है। वह मालदीव के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार का इच्छुक है तथा रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करना चाहता है। समझा जा सकता है कि मालदीव में चीन की सक्रियता बढ़ना भारत के हित में नहीं है। यानी मोहम्मद मुइज्जू की जीत भारत के लिए चेतावनी है। 1965 में मालदीव एक स्वतंत्र देश बना।

भारत इस द्वीपीय राष्ट्र को मान्यता देने वाला पहला देश था। 1972 में भारत ने मालदीव में अपना पहला उच्चायोग स्थापित किया, जबकि 2004 में मालदीव ने नई दिल्ली में अपना पहला पूर्ण राजनयिक मिशन खोला था। ठीक से देखा जाए तो भारत ने दो दशकों में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले कूटनीतिक संबंध बनाए रखे। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी। विशेषज्ञ भारत को मालदीव के साथ रिश्तों में बदलाव की नसीहत दे रहे हैं। बता दें कि भारत के साथ मालदीव के रिश्ते तब और तनावपूर्ण हो गए जब भारतीय सोशल मीडिया पर लोगों ने मालदीव पर्यटन का बहिष्कार अभियान शुरू किया था। यह मालदीव के तीन उपमंत्रियों द्वारा लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के विचार को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपमानजनक बयान देने के खिलाफ था। कुल मिलाकर मोहम्मद मुइज्जू की जीत का असर भारत के साथ मालदीव के रिश्तों पर भी पड़ सकता है। आशंका है कि भारत और मालदीव के रिश्ते अभी और खराब हो सकते हैं।

# धधकती आग से जंगल हो रहे खाक



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी- बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है।

उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। इन दिनों पहाड़ के अनेक स्थानों में जंगल आग की चपेट में हैं। अप्रैल महीने के तीसरे सप्ताह तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की सैकड़ों घटनाएं घट चुकी हैं। बहुमूल्य वन संपदा इस आग की भेंट चढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ दावाग्नि का दायरा भी बढ़ता जा रहा है।

कुमाऊं मंडल के नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों के अनेक जंगल आग में धधक रहे हैं। नैनीताल जिले के ओखलकांडा, बेतालघाट, भवाली और भीमताल आदि क्षेत्रों के जंगल दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। इस वर्ष अल्मोड़ा जिले के जंगलों में आग लगने की करीब दो दर्जन वारदातें हो चुकी हैं। पिथौरागढ़ जिले के अस्कोट क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। डीडीहाट के कई क्षेत्रों में हफ्ते भर से जंगल जल रहे हैं। चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में भी जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। टनकपुर क्षेत्र के जंगल भी आग की तपिश से महफ़ूज नहीं हैं। मीडिया में छपी खबरों के अनुसार पिछले साल नवंबर से इस वर्ष अप्रैल महीने के तीसरे हफ्ते तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की करीब पौने चार सौ घटनाएं घट चुकी हैं। जिसमें करीब सवा चार सौ हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र की वन संपदा को क्षति पहुंची है। इस अवधि में कुमाऊं मंडल के जंगलों में करीब पौने दो सौ आग लगने की वारदातें हो गई हैं। जिसमें करीब डेढ़ सौ हेक्टेयर वन क्षेत्र के प्रभावित होने का अनुमान है।

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी-बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है। जंगल का बिछावन एकदम सूखा हुआ है। कभी-कभार तेज हवाएं चल रहीं हैं। इस वजह से आग का दायरा और मारक क्षमता बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। जंगल बारूद की ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं।

पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या है। जंगलों में हर साल आग लगती है। वनाग्नि में बेशकीमती वन संपदा स्वाहा हो जाती है। पेड़-पौधों, अनेक प्रजाति के जीव-जंतुओं और विभिन्न प्रजातियों की वनस्पति को अपूर्णीय क्षति पहुंचती है। वनों में शाखाओं, लताओं और झाड़ियों के जल जाने से पानी के प्राकृतिक जल स्रोतों के सूखने, भू-कटाव में बृद्धि और वृक्षों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जैव विविधता प्रभावित होती है। जंगल की अदृश्य दुनिया का वजूद ख़त्म हो जाता है, जिसे नुकसान में शामिल नहीं किया जाता है।

जंगल के सतह पर पत्तियों, टहनियों, गिरी हुई शाखाओं का बिछौना होता है। पहली नज़र में यह अकारण सड़ रहा मृतप्रायः ढ़ेर-सा लगता है। असल में यह जंगल की मिट्टी के भीतर अदृश्य दुनिया की छत के समान होता है। सबसे अधिक जीवन इन ढेरों के नीचे ही छिपा होता है। वनाग्नि में इन सूक्ष्म जीवों का विनाश हो जाता है।

उत्तराखंड के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का करीब सत्तर प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है। प्रदेश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा उत्तराखंड की वनोपज से आता है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वनों की आमदनी का एक छोटा-सा हिस्सा ही वनों की सुरक्षा में खर्चा जाता है। वन महकमे के हिस्से में आने वाली रक़म का बड़ा हिस्सा विभाग के अफसरों और दूसरे कारिंदों की तनख्वाह वग़ैरह में खर्च हो जाता है। वनों की हिफाज़त और पौध रोपण के काम में नाममात्र की धनराशि खर्ची जाती है। हर साल पहाड़ के जंगलों में आग लगती है। पर जंगल की आग को आर्थिक और पारिस्थतिकी की दृष्टि से नहीं देखा जाता है।

वनों को आग से बचाने की बुनियादी जिम्मेदारी वन विभाग की है लेकिन जंगलात के पास वनाग्नि के प्रबंध की तकनीकी प्रशिक्षण की पुख़्ता व्यवस्था नहीं है। वन महकमा वनों को आग से महफ़ूज रखने के लिए पूर्व से बनी विभागीय कार्ययोजना की बात करने से कतराता रहा है। जंगलात महकमे की कार्ययोजना में वनाग्नि से निपटने के लिए सभी कारगर उपाय तय किए होते हैं। इस वास्ते प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व तय हैं। इसके लिए बाकायदा बजट का प्रावधान होता है लेकिन वन विभाग यथासमय कार्ययोजना पर अमल नहीं करता है।

उत्तराखंड के वन महकमे में आला अफसरों की भरमार है। अविभाजित उत्तर प्रदेश में जहां एक प्रमुख वन संरक्षक पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी संभालते थे। अलग राज्य बनने के बाद इस छोटे से प्रदेश में प्रमुख एवं मुख्य वन संरक्षक स्तर के करीब ढाई दर्जन आला अफसर तैनात हैं। इसके उलट जमीनी स्तर पर कर्मचारियों की कमी है। आला अफसरों के अनुपात में फील्ड स्टाफ में बढ़ोतरी नहीं हुई है। परिणामस्वरूप साल भर वन संपदा का अवैध दोहन होते रहता है। गर्मियों के मौसम में दावाग्नि अवैध दोहन के सबूत नष्ट कर देती है।

1985 में कुमाऊं मंडल में विदेशी आर्थिक सहायता से 'मॉर्डन फायर प्रोजेक्ट' शुरू हुआ था। करोड़ों रुपये की इस 'वन अग्नि शमन परियोजना' में रामनगर, नैनीताल, हल्द्वानी आदि सात डिविजन शामिल किए गए थे। परियोजना के अंतर्गत एक हेलीकॉप्टर, दर्जनों अग्नि शमन गाड़ियां, टैंकर आदि तमाम आधुनिक उपकरण खरीदे गए। वॉच टॉवर बने। वन विभाग के वन संरक्षक स्तर के एक अधिकारी को परियोजना निदेशक बनाया गया। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर को अग्नि शमन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया था। कई वनाधिकारी जंगल की आग में काबू पाने के गुर सीखने अमेरिका भेजे गए। 56 लोगों का 'अग्नि संगठित दल' बनाया गया। इन्हें वनाग्नि से निपटने के लिए बाकायदा छह महीने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दरम्यान वनाधिकारियों ने जमकर हवाई उड़ानें भरी। खूब सेमिनार हुए। यह योजना दस साल में ही दम तोड़ गई। वन विभाग के अधिकारी वापस मूल विभाग में लौट गए। परियोजना से जुड़े दूसरे कर्मचारियों को भी वन विभाग में समायोजित कर लिया गया।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के जंगलों में ब्रिटिश राज में बने ज्यादातर वन मार्ग और वन सीमा स्तंभों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है। इस रिश्ते को बहाल करने के लिए सरकार और खुद वन महकमे को जंगलों के प्रति संवेदनशील दिखने और होने की आवश्यकता है। फिलवक्त इसके आसार नज़र नहीं आते हैं।

## व्यंग्य

# बच्चों के हक में हो शिक्षा

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है।

दिखावे और चकाचौंध के मौजूदा दौर में पारिवारिक और सामाजिक सिद्धांतों के बोझ तले बच्चों के जीवन की स्वाभाविकता लुप्त हो रही है। उनके कोमल मस्तिष्क में गलत सिद्धांतों का जहर भरकर और उन्हें अंधविश्वास की राह दिखा कर हम उनकी सामाजिक प्रकृति को प्रदूषित कर रहे हैं। घर में ही नहीं बल्कि विद्यालयों में भी अक्सर बच्चों को धर्म, जाति और संप्रदाय की दूरियों का एहसास कराया जाता है। इस तरह हम उनकी समझ को तोड़ मरोड़ देते हैं।

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है। शिक्षक को एक आदर्श स्थापित करना चाहिए क्योंकि छात्र और शिक्षक का संबंध पतंग और डोर की तरह होता है। यदि डोर कमजोर हो गई तो पतंग किन राहों में भटक जाएगी, कहना मुश्किल है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

हम आज भी यह मानते हैं कि प्रत्येक बच्चा एक प्रयोग है, पर बच्चा किसके लिए है? माता-पिता के लिए शिक्षक के लिए या अपने आप के लिए। इसी प्रश्न के उत्तर में शिक्षण की समस्या समाई हुई है। पहले यह माना जाता था कि बच्चा माता-पिता के लिए है लेकिन अब ऐसा नहीं है। समाजशास्त्री यह मानते हैं कि बच्चा अपने आप में एक पूर्ण व्यक्तित्व है। हालांकि संस्कार और परंपराओं में अटका एक तबका आज भी ऊहापोह की स्थिति में है। इस कारण सदैव खींचतान की स्थिति बनी रहती है और इसका शिकार होते हैं बच्चे। शिक्षण प्रक्रिया भी इससे प्रभावित होती है जिसके कारण ना उसकी सही दिशा बन पा रही है और ना ही पद्धति।

व्यापक रूप से बच्चा आज अपने अभिभावकों, शिक्षकों व समाज की शुभकामनाओं का पात्र बनकर रह गया है। चाहे परिवार हो या विद्यालय सभी जगह बड़ों का बच्चों के प्रति अधिकारवादी रुख रहता है। बच्चा हमारी मर्जी से चले, हम जो कहें या करें उसी का पालन करें, हमारी बात मानें। ऐसी सोच आज भी जिंदा है। शिक्षकों में भी बच्चों के प्रति मैं ही ठीक हूं तथा आदेश का व्यवहार अधिक हावी रहता है। यह अधिकार वाद का रुख बच्चों में दबाव की स्थिति पैदा कर उनमें कुंठा की भावना और उनके व्यक्तित्व को कमजोर कर देता है।

दरअसल आज भी हमारी शिक्षण व्यवस्था चंद नियमों के तहत चलती है जिसमें आदेश और उपदेश की प्रधानता है। कौशल और विवेक की शक्ति पर भरोसा कम है। भले ही नई तकनीक और बदलाव की बात बार-बार कही जाती है, पर असल में धरातल पुरानी परंपराओं का ही पोषक है। स्कूलों में पुस्तकों का बोझ है, परीक्षाएं हैं और देखा जाए तो शिक्षण मात्र नौकरी पाने की चाह है। हमारा शिक्षण चिंतन इसी में उलझ कर रह जाता है की कितनी कक्षाएं हो,कितने पीरियड हो, कौन सा विषय पढ़ाया जाए, कौन सी पुस्तक पढ़ी जाए और कब कब परीक्षाएं ली जाएं। परीक्षा में पास फेल का दबाव बच्चों पर बना हुआ है तात्पर्य है। ऐसी शिक्षण व्यवस्था किस काम की जो केवल पुस्तकीय ज्ञान तक ही सीमित हो।

पहले ज्ञान की परिधि का दायरा बहुत सीमित था, अनुभव भी सीमित था। लेकिन समय के साथ-साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी की प्रगति के कारण ज्ञान का जो विस्फोट हुआ है उसमें पहले का ज्ञान नई पीढ़ी के लिए काम का नहीं रह गया है। आज शिक्षक को भी ऑलराउंडर बनने की जरूरत है। विषय से इतर ज्ञान ही आपको एक सफल शिक्षक बन सकता है क्योंकि ज्ञान के पथ पर बैसाखी के सहारे नहीं चला जा सकता। जाहिर है रटने रटाने की प्रवृत्ति से हटकर परिवर्तन लाना होगा पर यह परिवर्तन बच्चों की इच्छानुसार ही होना चाहिए। साथ ही हमें उस पढाई का ढांचा भी बदलना होगा जहां भारी बस्ती का बोझ ढोते-ढोते बच्चों की कमर झुक गई है।

हमें यह समझ लेना होगा की हर बच्चे में एक विशिष्टता है, इसलिए प्रत्येक बच्चा महत्वपूर्ण है। शिक्षा बच्चों को दिशाहीन और दिगभ्रमित करने वाली नहीं होनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत और सामाजिक संबंध जोड़ने की जो क्षमता बच्चों में होती है वह दूसरों में नहीं। इसमें शिक्षा और शिक्षक अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों की क्षमता को सही दिशा में बढ़ाएं और उनके जीवन में समृद्धि तथा इस स्थिरता लाए। हमें हमें यह भी समझना होगा की बच्चों की देखभाल करना विज्ञान ही नहीं कला भी है।

# मतदान - महायज्ञ



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए?

आदिम काल में कोई देवी, देवता की परिकल्पना नहीं थी। मनुष्य प्रकृति के कौतुक से डर कर उन्हें देवता मान कर उनका आदर व पूजन किया करता था। जैसे प्रतिदिन सूर्य का ताप व प्रकाश देखकर उन्हें देव मान लिया गया। उसी तरह चंद्रमा, वायु, जल, अग्नि आदि से डर कर या उनकी आवश्यकता देख उन्हें देव माना गया। ज्यों-ज्यों मनुष्य विकास करता गया, अपनी आवश्यकताओं तथा कल्पनाओं से नए-नए देव को गढ़ता गया। वैदिक काल में देवों की बढ़ी संख्या को देखकर वैदिक ऋषियों को यज्ञ में हविष्यान्न देने में कठिनाई होने लगी और वे पूछने लगे कि किस देवता को हम हविष्यान्न प्रदान करें (कस्मै देवाय हविषा विधेयम)। समय के साथ देवताओं की संख्या कम होने लगी और बहुदेव वाद से चल कर हम एक देव वाद होते हुए अद्वैतवाद तक पहुंचे।

आज हम प्रजातंत्र के युग में जी रहे हैं और इसमें मतदान सबसे बड़ा यज्ञ है। लोक के मत से हम आधुनिक देवों का निर्माण करते हैं। लोकसभा महायज्ञ का चुनाव सन्निकट होने के कारण देव पद पर चयनित किए जाने हेतु बहुत लोग मैदान में ताल ठोंक रहे हैं तथा मतदाता दिग्भ्रमित है। धर्म, जाति, परिवार, बाहुबल, धनबल के तीर से सभी इस युद्ध में विजय का वरण करना चाहते हैं। राजनैतिक दल उक्त पैमाने पर टिकट बांट चुके हैं और उम्मीदवार जनता के दरवाजे पर सर झुकाए घड़ियाली आंसू बहा कर मत मांग रहा है और जनता को लुभाने के लिए बढ़ चढ़ कर वायदे कर आकाश कुसुम खिला रहा है।

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए? एक संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने जिसे टिकट दिया वह कांग्रेस के पूर्व मंत्री रहे हैं और उन पर कुछ माह पूर्व भाजपा ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर ईडी, सीबीआई की जांच की मांग कर रही थी। अब वह भाजपा में सम्मिलित होकर निष्कलंक होकर पुराने भाजपाइयों को पीछे ढकेल कर टिकट लेने में सफल हो गए हैं। सपा ने बसपा सरकार में रहे एक ऐसे पूर्व मंत्री को मैदान में उतारा है जो दूसरे जिले के हैं तथा एनआरएचएम में हुए अरबों के महा घोटाले में अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंबे समय तक जेल में निरुद्ध भी रहे हैं। बसपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष को मैदान में उतारा है जो स्वयं तो बेदाग हैं लेकिन उनके पति की गणना पूर्वांचल के बाहुबलियों में है और वर्तमान में एक मुकदमें में दोषसिद्धि के पश्चात जेल में है। अभी यहां नामांकन प्रारंभ नहीं हुआ है, देखते हैं अन्य छोटे दलों या निर्दल प्रत्यासियों में कौन महाबली,धनबली इस सीट पर ताल ठोकता है। प्रदेश की अन्य बहुत सी सीटों पर धोषित उम्मीदवारों की छवि कमोवेश ऐसी ही है। मतदाताओं को स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को ढूढना कठिन हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में अभी पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ है। इस चरण में शांति व्यवस्था की कोई गंभीर समस्या तो नहीं आई लेकिन पहले चरण में देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीट पर हुए मतदान का प्रतिशत 62.37 रहा जो वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हुए 67.40 प्रतिशत तथा वर्ष 2014 के 66,44 प्रतिशत मतदान से कम है। चुनाव आयोग के अथक प्रयास,देश में बढ़ी साक्षरता एवं जागरूकता के बाद भी 37 प्रतिशत मतदाताओं का मतकेंद्र पर न आना गंभीर बात है। राजनैतिक दलों के खोखले आश्वासनों पर मतदाता का विश्वास घट रहा है। उम्मीदवारों का चाल, चरित्र, चेहरा मतदाता से छिपा नहीं है। चुनाव जीतने के बाद सांसद का मतदाताओं से किनारा कर लेने के कारण ' को नृप होइ हमहिं का हानी, वाले नजरिए से मतदाता मायूस और उदासीन होता जा रहा है। अच्छे उम्मीदवारों के अभाव में मतदाता के सामने पुनः वही प्रश्न उपस्थित है 'कस्मै उम्मीदवाराय मत विधेयम्'।

देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल-मई माह में होने वाली प्रचंड गर्मी और लू भी मतदाता को मतदान केंद्र से दूर रखती है। अभी हमारे आसपास के जनपदों में 43-44 डिग्री सेल्सियस की गर्मी पड़ रही है जो क्रमशः बढ़ती ही जाएगी। ऐसी प्रचंड गर्मी में मतदाता दोपहर को घर से बाहर निकलना नहीं चाहते। चुनाव यदि फरवरी से 15 मार्च तक समाप्त हो जाएं तो मतदाताओं को गर्मी से राहत रहेगी और मत प्रतिशत भी बढ़ेगा। 15 मार्च से हाई स्कूल, इंटर की परीक्षा भी हो सकती है।

## सोशल फोरम

# मर्यादावादी बनाम स्वच्छंदतावादी

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है । मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं।

पूरी पृथ्वी पर और विशेषतः भारतीय परंपरा में प्रेम की दो धाराएं रही हैं- मर्यादावादी और स्वच्छंदतावादी। मर्यादावादी धारा का प्रतिनिधित्व राम करते हैं और स्वच्छंदतावादी का कृष्ण। भारत ने कृष्ण को राम से अधिक महत्व दिया है। कृष्ण को पूर्णावतार और राम को अंशावतार बताया है। कृष्ण बहुआयामी हैं। वे गीता का ज्ञान भी दे सकते हैं। युद्ध के मैदान में सुदर्शन चक्र भी धारण कर सकते हैं। बांसुरी बजा सकते हैं और गोपियों के साथ रास भी रचा सकते हैं। राम युद्ध तो कर सकते हैं, लेकिन न बांसुरी बजा सकते हैं और न रास रचा सकते हैं। इसलिए अधूरे हैं। राम और कृष्ण आपस में कभी लड़ नहीं सकते, क्योंकि वे दोनों किसी तरह के अभाव में नहीं हैं। अपने-अपने स्वभाव के अनुसार चल रहे हैं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है। मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं, वे स्वच्छंदतावादी की निंदा अवश्य करेंगे, क्योंकि उसे भीतर ही भीतर यह सालता रहता है कि साला स्वच्छंदतावादी मौज कर रहा है और मैं वंचित हूं। अभाव, दुख और पीड़ा में जीने वाला हमलावर हो ही जाता है। स्वच्छंदतावादी अपने को बांधकर नहीं रखते, इसलिए उसके जीवन में अभाव नहीं के बराबर रहता है। जब अभाव नहीं, तो दुख भी नहीं और जब दुख नहीं, तो मर्यादावादी पर हमला करने की जरूरत भी नहीं। इसलिए आप देखेंगे स्वच्छंदतावादी कभी भी मर्यादावादी की आलोचना नहीं करते। उन्हें सुख भोगने से फुर्सत ही नहीं तो कौन, कब किस पर और क्यों हमला करे!

-फेसबुक वॉल से

# प्रेम, परिवार और पितृसत्ता

प्रेम करो तो जरुरी नहीं है कि प्रेमिका या प्रेमी का प्रेम में पितृसत्तात्मक व्यवहार न हो। प्रेमी ने बहुत सोच-विचार और वैचारिक मंथन के बाद तय किया कि शादी करेंगे। सोचा नए क़िस्म का परिवार बनाएंगें। लेकिन यह सपना बहुत जल्द टूट गया। प्रेमिका शादी के बाद पुंसवादी तेवर के साथ आचरण करने लगी, उसे लगा कि घर के सारे कामकाज करना तो मर्द का काम है, उसका काम तो सिर्फ़ पढ़ना है। वह खाती और घूमती, प्रेमी जो अब पति बन चुका था वह मातहत की भूमिका निभाने लगा, समानता का नारा अचानक कहीं गुम हो गया। कुछ महीने बाद प्रेमिका के शहर में प्रेमी की नौकरी लगी, प्रेमी ने घर न मिलने तक ससुराल में रहने का फैसला किया, लेकिन उसके बाद वह सास-ससुर की क़ैद से निकल नहीं पाया। उस पर प्रेमिका दवाब बनाने लगी कि घर जमाई होकर रहो। सास-ससुर की सेवा करो, उनके सब खर्चे उठाओ और घर का भाड़ा भी दो। प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि हम दोनों ने स्वतंत्र होकर घर बसाने का निर्णय लेकर ही शादी की थी और तुमने सहमति भी दी थी फिर अचानक तुम पलट क्यों रही हो? उसने कहा मेरे साथ शादी की है तो घर जमाई होकर रहना होगा। इसके बाद प्रेमी के स्वतंत्र परिवार बनाने, गैर-पुंसवादी परिवार बनाने की हत्या हो गई। संक्षेप में यह कहानी है एक शिक्षित महिला की।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

एक अन्य शिक्षित लड़की की राय जाने गैर शादी तय कर दी गई और सारे परिवार के कामकाज, देखभाल आदि का बोझा उसके ऊपर डाल दिया गया। वह पढ़ी लिखी होने के बावजूद अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पाई। तीसरे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित नहीं है लेकिन परिवार को सौंप दी गई हैं, उनकी शादी ऐसे परिवार में कर दी गई है जो खाते-पीते संपन्न परिवार हैं, इस तरह की लड़कियों के लिए परिवार ही धर्म है। चौथे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित हैं, पति भी शिक्षित है, और परिवार में वे पति की तरह ही कमाई करके लाती हैं, लेकिन मातहत की तरह रहती हैं। नौकरी करती हैं और घर के सभी दायित्व भी निभाती हैं। इन चारों क़िस्म की लड़कियों की धुरी है परिवार और सिर्फ़ परिवार। सवाल यह है क्या परिवार की संरचना में स्वतंत्रता, समानता और संप्रभु व्यक्तित्व के लिए कोई जगह है ? क्या परिवार का ढांचा व्यक्ति को स्वतंत्र यूनिट के रुप में देखता है ? क्या परिवार में लोकतंत्र, समानता और मित्रता के जीवन मूल्यों के लिए कोई नई जगह भारतीय समाज बना पाया है? हक़ीक़त यह है इन सभी सवालों के उत्तर हमारे पास नहीं हैं। क्योंकि परिवार को हम परम पवित्र मानकर चल रहे हैं। परिवार के बारे में सवाल खड़े करना गुनाह माना जाता है। अविवेकवाद के कारण ही परिवार के अंदर देखने, यथार्थ को देखने, स्त्री को देखने और सरकार को देखने के हमारे नज़रिए में विवेकवाद दाखिल नहीं होता। बिखरा और सड़ा परिवार हमारे राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या नहीं है। स्त्री उत्पीड़न भी प्रमुख समस्या नहीं है, लोकतांत्रिक हक़ों पर हो रहे हमले भी समस्या नहीं हैं।

हमारे समाज की दो आंखें हैं पुंसवाद और अविवेकवाद। इन दोनों ने परिवार, समाज, लोकतंत्र और राजनीति को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया है। आज प्रेम के विकास में परिवार सबसे बड़ी बाधा है। जो खुलेआम परिवार के सड़े गले ढांचे को बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में आने वाले समय में स्त्रियों पर हमले बढ़ेंगे, प्रेमी-प्रेमिकाओं पर हमले बढ़ेंगे। कुछ राज्यों और पूरे देश में बलात्कार की घटनाएं जिस तरह तरह बढ़ी हैं उससे सबक़ लें, जिस तरह एक दल के नेता खुलेआम बलात्कारियों का समर्थन कर रहे हैं उससे सबक लें वरना वह दिन दूर नहीं जब औरतों को अकल्पनीय कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

# औद्योगिक प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग

औद्योगिक प्रदूषण में वृद्धि के कारण हाल के वर्षों ग्लोबल वार्मिंग कि समस्या लगातार बढती जा रही है। रासायनिक अपशिष्टों, कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग, रेडियोधर्मी सामग्रियों के कारण औद्योगिक प्रदूषण पर्यावरण तथा इसके सभी घटकों को हानि पहुंचा रहा है। आज पानी भारी धातुओं, खतरनाक रसायनों, रेडियोंधर्मी कचरे और कार्बनिक कचरे के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है। मृदा प्रदूषण के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं तथा अन्य वनस्पतियों को भी हानि पहुंच रही है। वायु प्रदुषण के कारण हमें श्वांस के लिए भी साफ़ हवा नहीं मिल पा रही है और हम अनेक समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। जैव विविधता नष्ट होती जा रही है तथा ग्लोबल वार्मिंग की दर लगातार बढ़ रही है। कुल मिलाकर औद्योगिक प्रदूषण के कारण आज हम एक भयानक खतरे की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे हैं। स्पष्ट है कि औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करना अति आवश्यक है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी इस दिशा में प्रयास कर रहा है। हाल ही में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषित उद्योगों को बंद करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संदर्भ में बोर्ड ने 'निरीक्षण, रिपोर्ट तैयार करने और कार्रवाई के लिए एक मानक प्रोटोकॉल' भी तैयार किया है। इस प्रोटोकॉल में निर्धारित दिशा निर्देशों के आधार पर उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सामान्य तौर पर, मामूली नियम उल्लंघन के लिए, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप इकाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत बंद करने के निर्देश जारी करने से पहले इकाई को एक अवसर दिया जाता है। वास्तव में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण अति आवश्यक है तभी हम और हमारी भावी पीढियां सुखी जीवन जी सकते हैं।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

# उत्तर प्रदेश को नो प्लास्टिक जोन बनाने का लिया संकल्प

## जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद में आयोजित हुआ कार्यक्रम



बच्चों को पैंपलेट वितरित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक। अमृत विचार

संतकबीरनगर

**अमृत विचार:** रविवार को संपूर्ण विश्व में विश्व पृथ्वी दिवस को मनाया गया। जिसके क्रम में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग संत कबीर नगर द्वारा जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद में पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिले के सीडीओ संत कुमार और डीसी मनरेगा प्रभात कुमार द्विवेदी ने मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरुक करते हुए सभी को उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराया। भूमि संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह, अवर अभियंता सुरजीत कुमार और शिवेन्द प्रताप सिंह ने पृथ्वी पर प्लास्टिक कचरे से पैदा हो रही गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने इससे होने वाली हानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ग्रेटर शारदा सहायक समादेश का 2030 तक 60 प्रतिशत प्लास्टिक उपयोग कम करने का लक्ष्य है।'आओ सारे धरती को, सुंदर बनाएं ,इसे प्रदूषण मुक्त बनाये', 'अधिक से अधिक पेड़- पौधे लगाये' आदि नारे लगाकर मौजूद छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। कम पानी में अधिक सिंचाई, अधिक फसल अधिक कमाई,जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जल,जंगल, जमीन तीनों को बचाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर संदीप सिंह, गौतम कुमार सिंह, सहायक भूमि संरक्षण निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह चौहान, राजेश कुमार, अमित कुमार, नीरज शुक्ला, सुनील कुमार, सौरभ प्रभाकर सहित सैकड़ों की लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद के प्रधानाचार्य और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# पसमांदा मुस्लिम महाज की ओर से आयोजित हुआ ईद मिलन समारोह

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार:** तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत थाना मोतीपुर के गुजरहना गांव में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की ओर से ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ। रविवार को आयोजित ईद मिलन समारोह के मुख्य अतिथि पसमांदा मुस्लिम महास के प्रदेश प्रवक्ता एवं वरिष्ठ साहित्यकार एम रशीद रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम पसमांदा मुस्लिम महाज़ की कार्यकारिणी की ओर से मुख्य अतिथि को बुके देकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद हिंदू एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने सेवइयां खाकर तथा आपस में गले मिल एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी गई। इस मौके पर पसमांदा मुस्लिम महाज के शकील अंसारी, सभासद शाने आलम, सभासद नूर मोहम्मद उर्फ मक्कू, इबादुल हक अंसारी, मुन्नू अंसारी आदि वक्ताओं ने संयुक्त रूप से अपने संबोधन में कहा कि पसमांदा समाज अब अपने अधिकारों को पहचानने लगा है। इस मौके पर पसमांदा मुस्लिम महाज़ के ब्लाक अध्यक्ष मिहींपुरवा नूर मोहम्मद उर्फ मकक़ू, ब्लाक मंत्री शाने आलम, ब्लाक मंत्री याकूब मुनसरीफ, इबादुलहक, नफीस अहमद, खतूना धुनिया,सहरुल,साकरन,सीतारा देवी, प्रेमा देवी, रामकली, साजिद तेली,भुटटू बशीर, बदरुद्दीन, कलीम बेहना, शकील लेड़ी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आसमान से बरस रही आफत, पारा 41 के पार

संतकबीरनगर

**अमृत विचार :** अप्रैल का महीना पहली बार लोगों के लिए मुसीबत का सबब साबित हो रहा है। आसमान से बरस रही आग के चलते तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। ऊपर से तूफानी पछुआ हवाओं ने जन जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

सड़कों पर 11 बजते ही कर्फ्यू जैसा सन्नाटा दिखाई देने लगा है। किसानों की रबी फसलों की कटाई मंड़ाई का दौर आखिरी चरण में है। किसान अपनी फसलों को घर पहुंचाने की जद्दोजहद में जुटे हैं। कम्बाइन मशीनों ने उनका काम बेहद आसान कर दिया है। इसके अलावा शादी विवाह का सीजन शुरू हो जाने से लोगों को वैवाहिक कार्यक्रमों के आयोजन में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रचण्ड धूप और तेज हवाओं के चलते उन्हें व्यवस्थाओं को अमलीजामा पहनाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ लूं के थपेड़े और प्रचण्ड धूप के चलते वातावरण में हीटवेव का खतरा पैदा हो चुका है। अस्पताल में डायरिया और कालरा के मरीजों से भरते जा रहे हैं।

### दिन में 11 से शाम 5 बजे के बीच घर से निकलने से परहेज करें लोग

खलीलाबाद स्थित कल्पित हास्पिटल के प्रबन्ध निदेशक और वरिष्ठ फिजीशियन डॉ अनिल सिंह ने बताया कि इन दिनों तेज धूप और पछुआ हवाएं लोगों की सेहत पर विपरीत असर डाल सकती हैं। इसकी चपेट में आने से शरीर के भीतर की नमी समाप्त हो सकती है और लोग गम्भीर रूप से बीमार पड़ सकते हैं। दिन में घरों से निकलना बेहद जरूरी है तो समय समय पर नींबू पानी और शक्कर का घोल या इलेक्ट्राल पाउडर का घोल बनाकर समय समय पर लेते रहें। शरीर में पानी की कमी महसूस न होने दें। पूरे शरीर को सूती कपड़े से ढंक कर ही बाहर निकलें। ज्यादा जरूरी न हो तो दिन में 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच घरों से बाहर न निकलें। पेट में दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत होते ही चिकित्सकों से सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में तेल मसालों से बने भोज्य पदार्थों की बजाय सादा भोजन करें। भोजन में सलाद का सेवन ज्यादा करें।

# उपज के भण्डारण का ख्याल रखें किसान

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** वरिष्ठ वैज्ञानिक और अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र संत कबीर नगर डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने किसानों की उपज के भण्डारण और सब्जियों की अच्छी उपज के लिए खेतों में पर्याप्त नमी बनाए रखने की जरुरी एडवाइजरी जारी किया है।

उन्होंने बताया कि रबी की मुख्य फसल गेहूं के साथ जौ की कटाई मड़ाई के समय दोनो फसलों के दानों में 15 से 18 प्रतिशत तक नमी रहती है। कटाई के बाद उसको भंडारण करने के लिए 4 से 6 दिन फसलों को धूप में अच्छी तरह से सुखा लें जिससे दानों में नमी का स्तर 8 से 10 प्रतिशत पर आ जाय।

बताया कि रबी से खाली हुए खेतों में जायद की मूंग, उड़द, सूरज मुखी, गन्ना और सब्जी वाली फैसलों में लौकी, करेला, भिंडी, तरबूज, खरबूज के साथ ही पत्तेदार सब्जियों में पालक, धनिया आदि की बुवाई की गई है। ऐसे में मौसम की गर्मी और भीषण लू को ध्यान में रखते हुए किसान उक्त सभी फसलों में नमी को बनाए रखें। जब भी खेत की सिंचाई करें तो प्रयास करें कि शाम के समय ही करें।

अगर खेत में कहीं पानी रुकता है तो उसे बाहर निकाल दें अन्यथा पानी गर्म होकर उस जगह की फसल को खराब कर देगा। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से बचने की भी सलाह दिया।

### पशुओं को अनिवार्य रूप से कराएं स्नान

कृषि वैज्ञानिक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि इस मौसम में चारे की कमी हो जाती है। ऐसे में पशुपालक बहु कटाई वाली किस्म मीठी सूडान एम पी चरी, पूषा चरी 23, ज्वार चरी आदि की बुवाई करें। इसे प्रति एकड़ 240 से 250 कुन्तल हरे चारे की उपज ले सकते हैं। दोपहर के समय अपने पशुओं को बाड़े में रखें और तेज धूप और लू से बचाने के लिए बाड़े के चारों तरफ घास-फूस की टाटी का प्रयोग करें। सम्भव हो तो उसपर पानी का छिड़काव भी करते रहें। पशुओं को शाम के समय अनिवार्य रूप से स्नान कराएं और ज्यादा से ज्यादा साफ सुथरा पानी पीने को दें।

# मेंहदावल में बिच्छू गैंग सक्रिय

▸▸ सोशल मीडिया पर करतूतों का वीडियो वायरल

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** मेंहदावल में इन दिनों बिच्छू गैंग की एक्टिव होने की जानकारी मिल रही है। और यह मौके पर पहुँचकर घटना को अंजाम दे रहे है। बिच्छू गैंग के एक वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में भी चर्चा तेज हो गई है। हालांकि इसकी सूचना गोपनीय एजेंसी ने सितंबर 2023 में पुलिस को दी भी थी। उसके बाद में तत्कालीन थानाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने इस पर अभियान भी चलाया था। ताबड़तोड़ छापेमारी कर 5 लोगो को गिरफ्तार किया था और चार मुकदमा भी पंजीकृत किया था। और कार्यवाही भी की थी।

मेंहदावल थाना क्षेत्र में भी इन दिनों वर्षों से बिछू गैंग सक्रिय होने की चर्चा क्षेत्रो में थी। लेकीन इस चर्चा को बल तब मिला जब चंद दिनों पहले मेंहदावल में बिछू गैंग के एक सदस्य का एक युवक को धमकी देते और पता नहीं पूछकर मिनटों में पहुँचकर और अश्लील गलियों से धमकी देते वीडियो वायरल हुआ। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया। इस ग्रुप में इंटरमीडिएट तक के युवा है। सोशल मीडिया पर " बिच्छू गैंग का ग्रुप" बना है जिसमे कुल 43 लोगो की संख्या पहले 58 थे बाद में कुछ कहासुनी के क्या बोले एसपी !मेंहदावल। अभी इस तरह की गैंग की कोई भी जानकारी नही है। जांच की जाएगी अगर आगे जांच में ऐसा कुछ सामने आता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# पेड़ी प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें किसान गन्ना : प्रबंधक

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** पेड़ी फसल किसान की औसत उपज का मुख्य आधार है, इसलिए पेड़ी पर किसानों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यह बाते पारले चीनी मिल के एसोसिएट मुख्य गन्ना प्रबंधक संजीव राठी ने किसानो को जानकारी देते हुए कही। उन्हीने कहा कि पेड़ी में बीज, खेत की तैयारी, बुवाई खर्च, बीज शोधन खर्च आदि की भारी बचत है। पेड़ी प्रबंधन में सबसे पहले सुखी पत्ती खेत में बराबर फैलाये, जलाये नहीं क्योंकि सुखी पत्ती फसल के सभी पोषक तत्वों का भंडार है । पौधा गन्ना कटाई के बाद एक भी ठूंठ यदि खेत में हो तो जमीन के नीचे से काट दे। जिससे फुटाव अच्छा हो सके। तत्काल सिचाई कर दें, और प्रति एकड़ की दर से एक बैग यूरिया प्रयोग करे। सिंचाई के दो दिन बाद 10 किलो ट्राइकोडर्मा को 5 बैग पारले जैविक खाद के साथ मिलाकर पूरे खेत में डाल दे। जब सुखी पत्ती अच्छी प्रकार सड़ जाये ! तो प्रति एकड़ दो बैग पारले ऑर्गनिक पोटाश, 2 बैग एनपीके एक साथ मिलाकर डाल दे, और जुताई -गुड़ाई कर दे। इससे पेड़ी की पैदावार पौधा फसल से भी अच्छी होगी । 10 दिन के अंतराल पर सिंचाई करते रहे। किसान वैज्ञानिक खेती को अधिक से आधी बढ़ावा दे, और अपने गन्ने की पेड़ी -पौधा से औसत पैदावार प्रति एकड़ 500 कुंतल जरूर ले। श्री राठी ने फखरपुर,मरौचा,पदमपिछौरा क्षेत्र के किसानों से मिले और साथ में पारले कंपनी के अन्य अधिकारी गण सूबेदार,रुचिन,अखंड, अमरेंद्र, अमर ,शक्ति, नागेंद्र ,प्रवेश, सरनाम, अमर बहादुर,नीरज उपस्थित रहे।

# विवाद में किशोर के साथ मारपीट

**बहराइच,अमृत विचार।** मोहल्ला माधवरेती इलाके में रविवार देर शाम पुरानी रंजिश में तीन हमलावरों ने किशोर पर हमला कर मारपीट की। जिसके चलते वह घायल हो गया। घायल को आनन फानन मे कोतवाली लाए जाने पर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

देहात कोतवाली के माधवरेती में रविवार शाम 18 वर्षीय शिवा पुत्र वंशीलाल बाजार से घर आ रहा था। रास्ते में इसी गांव के कलुआ सहित तीन हमलावरों ने उस पर हमला कर मारपीट की। जिसके चलते वह घायल हो गया। परिजनों को जब पता चला तो वह दौड़ कर वारदात स्थल पर पहुंचे। तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घायल को आनन फानन मे कोतवाली लाए जाने पर पुलिस ने मेडिकल कालेज भेजा। कोतवाल बृजेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि तहकीकात की जा रही है।

### अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सोमवार को अपहरण दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त वकील कुमार उर्फ अनिल रजा पुत्र अशोक कुमार निवासी उतरावल थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद सन्तकबीर नगर को जंगल मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। अभियुक्त बीते 28 मार्च को वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस दौरान उसने अपहृता के साथ दुष्कर्म की घटना भी कारित किया था। वादिनी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पास्को एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया था

# सीओ ट्रैफिक और एआरटीओ ने यातायात जागरूकता रथ को दिखाई हरी झण्डी

▸▸ सड़क सुरक्षा पखवारे में जागरूक किये जाएंगे वाहन चालक

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ, एआरटीओ प्रियम्बदा सिंह, प्रभारी यातायात परमहंस की उपस्थिति में यातायात जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात केशव नाथ ने बताया कि यातायात जागरुकता कार्यक्रम 22 अप्रैल से 4 मई तक चलेगा। जिसका उद्धेश्य आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक कर जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और उनमें कमी लाकर जनपदीय यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के पालन संबंधी जागरूकता में सीट बेल्ट और हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन या ईयर फोन का प्रयोग नहीं करना, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया किया जाएगा। जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा लोगों के लिए सुरक्षित यातायात को सुगम बनाने के लिए जगह जगह यातायात जागरुकता कार्यक्रमों का भी लगातार आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर परिवहन कार्यालय और यातायात पुलिस के तमाम जवान मौजूद रहे।

### डीएलएड प्रशिक्षुओं को किया गया जागरूक

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** शिक्षक प्रशिक्षण का कार्यक्रम शैक्षिक सुधारों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रशिक्षुओं को बदलते परिवेश के साथ अद्यतन रहना चाहिए। यह बातें सोमवार को परिषदीय विद्यालयों पर लगे डीएलएड प्रशिक्षुओं को एक जागरूकता कार्यक्रम में बीआरसी सभागार में बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा शिक्षक प्रशिक्षण में प्रशिक्षुओं का मानसिक, व्यवसायिक विकास, बेहतर छात्र प्रबंधन, आधुनिक शिक्षाशास्त्र की हर रणनीतियों से सुसज्जित, अभिभावकों से बेहतर संबंध, शैक्षिक अभिलेख के बारे में जानकारी और हजारों छात्रों पर अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव डालने की रणनीतियों का विकास होता है।

### घर से नकदी सहित चार लाख का माल चोरी

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर थाना क्षेत्र के बजगहनी गांव में रविवार की रात एक घर में घुसे चोर एक लाख नकद सहित चार लाख के आभूषण उठा ले गए। सोमवार की सुबह जगने पर घरवालों को चोरी की जानकारी हुई। गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव निवासी रामकेशन यादव ने बताया कि वह किसानी करते हैं। रविवार की रात रोजाना की भांति वह और परिवार के लोग अपने-अपने कमरे में सो रहे थे। देर रात छत से चढ़े चोर सीढ़ियों से होते हुए घर में आ गए और कमरे में रखी अटैचियों और बैगों को लेकर चलते बने। इनमें एक लाख रुपये नकद और करीब चार लाख रुपये के जेवरात रखे थे। चोरों ने सभी सामान निकाल कर बैग और सूटकेस गांव के बाहर फेंक दिया। सोमवार की सुबह गांव के लोग खेतों की ओर गए तो उन्हें वहां अटैची और सूटकेस खाली पड़े मिले। उधर, सुबह उठने पर परिजनों ने घर में बिखरा सामान देखा तो उन्हें चोरी का पता चला। गृहस्वामी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचे कर परिजनों से जानकारी ली और जांच पड़ताल शुरू की। घुंघटेर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। फिलहाल मामले की जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# 97 वाहनों से वसूला 1 लाख 41 हजार 500 का शमन शुल्क



वाहन की जांच-पड़ताल करते पुलिस कर्मी।

**संतकबीरनगर,अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद हो चुकी है। वाहनों की तलाशी से लगा हूटर और काली फिल्म उतारने के साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों की चालान कर रोज लाखों का शमन शुल्क भी वसूल करने में जुटी है। सोमवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों मे बैंक, वाहन और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षकों थानाध्यक्षों और प्रभारी यातायात ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 97 वाहनों से 1 लाख 41 हजार 500 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने किया रोड शो

▸▸ सैकड़ों वाहनों का विशाल काफिला निकाल कर कराया ताकत का एहसास

▸▸ बाहरी नेताओं ने जिले को बना दिया चारागाह :पप्पू निषाद

मगहर, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** सन्तकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र के इंडिया महागठबंधन के समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने सोमवार को कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ लोगों से सम्पर्क करते हुए रोड शो निकाला। यह रोड शो खलीलाबाद के सुगर मिल चौराहे से शुरू होकर स्टेट बैंक चौराहा, गोलाबाजार, मुखलिसपुर चौक, बरदहिया बाजार, डीघा, पुलिस चौकी मगहर से मुख्य मार्ग होते हुए कबीर चौरा के रास्ते हाईवे से होकर वापस चला गया। । मगहर पुलिस चौकी स्थित नगर पंचायत मगहर के प्रवेश द्वार पर सपा कार्यकर्ताओं ने रोड शो का भव्य स्वागत किया। रसूलपुर तिराहा, शेरपुर चौराहा, सूती मिल चौराहा, धोबी टोला, काजीपुर चौराहा, गांधी आश्रम तिराहा होते हुए कबीर निर्वाण स्थली पहुंचा। यहां कबीर समाधि व मजार पर मत्था टेक कर सपा प्रत्याशी ने कबीर दास का आशीर्वाद लिया। फिर वाहनों का यह काफिला कबीरचौरा बंधे से होते हुए हाईवे के रास्ते पुनः खलीलाबाद की तरफ वापस चला गया। रोड शो के दौरान कार्यकर्ता सपा व प्रत्याशी के नाम के नारे लगा रहे थे। इस दौरान उनका शेरपुर चौराहा और सूती मिल चौराहे पर कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रत्याशी पप्पू निषाद ने कहा कि गैर जिलों के नेताओं ने संतकबीरनगर जिले को चारागाह बना दिया है। इस लोकसभा चुनाव में जनता बाहरी नेताओं की विदाई कर अपने बेटे को देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजेगी। रोड शो में पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम, सेराज खान, लोरिक यादव, राम दरश यादव, नवनियुक्त नगर अध्यक्ष सपा मुसिर अहमद अंसारी, परवेज कौसर, रमेश चंद यादव, गौहर अली, मो अहमद,शैलेन्द्र यादव, अनिल यादव, खलील खां, परवेज, हाफिज रिजवान, सईद अंसारी, खुर्शीद उर्फ फैजी खान, तनवीर अहमद, सुहेल अख्तर समेत तमाम लोग शामिल रहे।



## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**अखंडनगर, सुलतानपुर अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अखण्डनगर से बेलवाई मार्ग पर आजाद नगर बाजार में अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार दो लोगों को टक्कर मार दिया। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची चौकी बेलवाई, अखण्डनगर की पुलिस ने घायलों को सीएचसी अखंडनगर में भर्ती कराया। घायलों की पहचान दिलीप कुमार थाना सरपतहां जौनपुर और नन्हकऊ बेथरा दोस्तपुर के रूप में हुई। यहां दिलीप को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि नन्हकऊ को मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर रेफर कर दिया गया।

### सब्जी विक्रेताओं को उजाड़ रही नगरपालिकाः वरुण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं को जर्जर भवन के नाम पर नगरपालिका द्वारा दुकानें खाली करने का नोटिस दिया जा रहा है, जिससे सैकड़ों सब्जी विक्रेताओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। यह आरोप नगर पालिका के पूर्व प्रत्याशी व कांग्रेस नेता वरुण मिश्र का है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में दर्जनों ऐसे स्थान है जहां दुकानों की स्थिति जर्जर है लेकिन सिर्फ सब्जी मंडी के सब्जी विक्रेताओं को ही दुकान खाली करने का नोटिस देना समझ के बाहर है। इस संबंध में मंगलवार को डीएम को मांग पत्र सौंपा जाएगा।

### फोरलेन हाईवे के अभियाकला डायवर्जन पर पलटा ट्रक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुलतानपुर वाराणसी फोरलेन के हनुमानगंज बाईपास अधूरे फोरलेन के अभियाकला डायवर्जन पर रविवार की सुबह राजस्थान से बंगाल जा रहा चने की दाल लदा ट्रक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक व क्लीनर घायल हो गये। ट्रक को क्रेन द्वारा हटवाया जा सका है। घायलों का इलाज सीएचसी पर कराया गया।

# पेशी पर नहीं पहुंचे राहुल गांधी

## अगली सुनवाई दो मई को, राहुल के अधिवक्ता ने दिया अस्वस्थ्य होने का प्रार्थना पत्र



**अदालत से**

- गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में चल रहा केस

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विधानसभा चुनाव के दौरान बैंगलोर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में सोमवार को बचाव पक्ष के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने राहुल गांधी के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए मौके का प्रार्थना पत्र दिया वही परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण सोमवार को सुनवाई टल गई। मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए दो मई की तारीख नियत की गई है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें सोमवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी। बताते चले एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव के ट्रांसफर के बाद अभी तक उक्त कोर्ट का चार्ज किसी न्यायिक अधिकारी को नहीं मिला है।

### सेशन कोर्ट में लोअर कोर्ट के आदेश को दी चुनौती

**संवाददाता, सुलतानपुर :** चार पहिया वाहन नहीं देने पर थाने में बुलाने और मुर्गा बनाकर प्रताड़ित करने के मामले में कूरेभार थानाध्यक्ष समेत आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग सीजेएम कोर्ट ने से खारिज होने पर पीड़ित ने सीजेएम के आदेश को सेशन कोर्ट में चुनौती दी है। जिला जज जयप्रकाश पांडेय ने मामले को एडमिट कर एसओ समेत अन्य को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए 21 मई की तारीख नियत की है। कूरेभार थाना क्षेत्र के ढेसरुआ गुप्तारगंज निवासी मिर्जा शोएब बेग ने गांव के एक व्यक्ति से सात साल पूर्व भूमि खरीदी थी। जिसमें हस्तक्षेप पर बीते साल एक मुकदमा कूरेभार थाने में दर्ज कराया था। मिर्जा शोएब बेग ने आरोप लगाया है कि थाने की पुलिस बार-बार उसे थाने पर बुलाती है और फ्री में चार पहिया वाहन की मांग करती है। इनकार करने पर बीती एक जनवरी को पुलिस ने थाने पर बुलाया और विपक्षियों से मिलकर उसे मुर्गा बनवाकर थाना परिसर में घुमाकर प्रताड़ित किया। याचिका में थाना अध्यक्ष अमित कुमार मिश्र, एसआई श्रीराम मिश्र, सिपाही अजीम तथा गांव के चार अन्य लोग आरोपी बनाकर मुकदमा दर्ज करने की मांग सीजेएम से की थी। सीजेएम ने याचिका खारिज कर दी थी। याचिका खारिज करने के आदेश को पीड़ित ने सेशन कोर्ट में चुनौती दी है।

### धोखाधड़ी व जालसाजी का दर्ज हुआ मुकदमा

कुड़वार थाना क्षेत्र के सरैया पूरे विसेन निवासी अब्दुल वहीद खान की तहरीर पर अधिवक्ता मो. अनीस खान पर धोखाधड़ी व हेराफेरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तहरीर के मुताबिक सरैया पूरे विसेन में स्थित संयुक्त खाते की भूमि वर्ष 2015-16 में अलीगंज - लखनऊ बाईपास के लिए अधिग्रहीत हुई थी। जिसका मुआवजा सरकार ने खातेदारों के एकाउंट में भेजा था। जब सड़क बनकर पूरी हुई तो हिस्सेदार मो. अनीस खान सुत स्व. मो.यूनुस खान निवासी डिहवा थाना कोतवाली नगर ने निर्माण के पश्चात रोड के किनारे बची शेष जमीन को अपनी बताकर विवाद खड़ा किया। इस विवाद को खत्म करने के लिए वहीद के चाचा ने एक अदालती बंटवारे का वाद योजित किया। आरोप है कि अनीस खां ने बैक डेटेड फर्जी व कूटरचित जाली दस्तावेज तैयार किया जिस पर उस समय नाबालिग रहे वहीद और उसके बीमार पिता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उपजिलाधिकारी सदर के आदेश को रिकाल करा लिया। जानकारी होने पर शिकायत किया तो मो.अनीस ने अपमानित किया। तहरीर के एक माह बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हत्याकांड के आरोपी की पेशी

**सुलतानपुर :** कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के दरियापुर तिराहे पर बीते दिनो प्रापर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकांड में कोतवाली नगर व बंधुआकला पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लोढवा हरिनाथपुर महरुआ अम्बेडकर नगर के अजय सिलावर को गिरफ्तार कर सीजेएम कोर्ट में रिमांड के जरिए जेल भेज दिया था। जिसकी पेशी सोमवार को सीजेएम कोर्ट में नियत थी। जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्य आरोपी अजय सिंह सिलावर की पेशी सीजेएम कोर्ट में दर्ज की गई तथा कोर्ट मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह ने अगली पेशी चार मई की नियत की है। इसी मामले में अन्य नामजद आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

### आगजनी के आरोपी को कोर्ट से जमानत

**सुलतानपुर :** कुड़वार थाना क्षेत्र में आगजनी की दो घटनाओं में आरोपी अभिजीत तिवारी को न्यायाधीश संतोष कुमार ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी के वकील संतोष पांडेय ने कहा कि अभिजीत का नाम सह आरोपी के बयान के आधार पर पुलिस ने गलत तरीके से मुकदमे में शामिल कर लिया है। बीती 29 जनवरी को थाना क्षेत्र में स्थित एक स्कूल कार्यालय तथा एक मार्च को चाय पान की गुमटी तथा स्कूटी को फूंक देने के आरोप में अज्ञात में मुकदमा दर्ज हुआ था।

## पेड़ की डाल से लटका मिला युवक का शव

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अखंडनगर थाना क्षेत्र के पैलीपार गांव में 26 वर्षीय अविवाहित एक युवक का शव संदिग्ध स्थित में गांव के बाहर पेड़ सहारे लटका मिला। जिसकी पहचान गांव के ही तौहीद अली पुत्र हैदर अली के रूप में हुई। परिवार के लोग शव को पेड़ से उतार कर अपने घर लेकर चले गए। तौहिद के बड़े भाई मुबारक अली की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के लोगों ने तौहीद अली की मृत्यु कैसे हुई यह नहीं बता पाए। थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद करवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लेखपाल ने ग्रामीण के अवैध निर्माण पर दर्ज कराया मुकदमा

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** चारागाह पर अतिक्रमण की शिकायत प्रधान ने तहसील में की थी। एसडीएम के आदेश पर लेखपाल ने जांच की तो अतिक्रमण पाया गया। जिसे हल्का लेखपाल ने ग्रामीण से निर्माण कार्य रुकवा दिया। लेकिन ग्रामीण ने रात्रि में निर्माण कार्य शुरू कर दिया तो लेखपाल ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। निर्देश पर लेखपाल ने ग्रामीण के खिलाफ स्थानीय थाने पर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है।

जिले के लम्भुआ थाना क्षेत्र के बरुआ दक्षिणी प्रधान उत्तम सिंह ने तहसील में शिकायती पत्र दिया। प्रधान का आरोप था कि गांव के ही संजय पाल गाटा संख्या 143/3 जो राजस्व अभिलेख में चारागाह दर्ज है पर अतिक्रमण कर रहे है। प्रधान की शिकायत पर हल्का लेखपाल चंद्रभान ने नाप जोख किया तो मामला सही पाया गया। लेखपाल ने संजय पाल को निर्माण कार्य रोकने को कहा। जिस पर संजय मान भी गया लेकिन अब वह रात्रि में निर्माण किया शुरु कर दिया। शिकायत पर फिर पहुंचे लेखपाल ने निमार्ण कार्य होता देखा तो इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया। अधिकारियों के निर्देश पर लम्भुआ पुलिस ने रविवार की शाम संजय पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अपहरण व फिरौती का आरोपी बंदी

- अपहरणकर्ताओं के चंगुल से युवक बरामद

धनपतगंज, सुलतानपुर



धनपतगंज पुलिस ने पकड़ा अंतरजनपदीय गिरोह। अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना धनपतगंज पुलिस को अपहरण एवं फिरौती मामले के आरोपित को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली। अपहरण किये गये व्यक्ति को गिरोह के चंगुल से छुड़ाकर पकडे गये गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

थाना धनपतगंज में मुकदमा अपराध संख्या 72/24 पर दर्ज अपहरण एवं फिरौती की धाराओं में नामजद विक्की शर्मा निवासी थाना कोच जनपद गया, बिहार, संतोष कुमार थाना आमस जनपद गया बिहार, साजिद थाना कोतवाली गाज़ीपुर उत्तर प्रदेश, पवन कुमार सिंह थाना आमस गया बिहार, रंजन कुमार थाना अकबरपुर जनपद नवादा बिहार ,सज्जाद अहमद निवासी इजरी थाना सोहावल गाज़ीपुर उत्तर प्रदेश ,गौरव सिंह निवासी ग्राम छोटकी थाना गया बिहार की धनपतगंज थाना पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। जरिए मुखबिर सूचना पर अभियुक्त का पीछा करते हुए प्रभारी निरीक्षक धनपतगंज पंडित त्रिपाठी तथा उनकी टीम ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के पिलर संख्या 111 पर लखनऊ जा रहे दो वाहनों को घेराबंदी कर रोका। नामजद अपहरणकर्ताओं के चंगुल से अपहरण किये गये आस मोहम्मद उर्फ मोविन निवासी खेरका थाना बरहेट जनपद साहिबगंज झारखंड को मुक्त कराने में सफलता पाई।

# हर गरीब का घर का सपना हो रहा साकार

- सांसद मेनका गांधी ने डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया

सुलतानपुर



लंभुआ विधानसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभा को संबोधित करतीं सांसद मेनका गांधीं।

**अमृत विचारः** सांसद मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 18 वें दिन लंभुआ विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

सांसद मेनका ने नुक्कड़ सभाओं में कहा मैं पांच सालों में 11 सौ गांवों व पुरवों का दौरा एक - दो बार कर चुकी हूं। मैंने सांसद से बढ़कर मां के रुप में सेवा की है। प्रधानमंत्री ने देश की दिशा व दशा बदली हैं। हर गरीब के पास अपना घर हो सपना साकार हो रहा हैं। मैंने गरीबों को 1 लाख तीस हजार घर दिए, चुनाव बाद एक लाख घर और लाऊंगी। कोई भी पात्र व्यक्ति बेघर नहीं होगा। इसी तरह गांव-गांव घर-घर नल से जल की योजना पर काम तेजी से चल रहा है। सभी को सस्ती दवा मिलें इसके लिए जगह-जगह जन औषधि केन्द्र खोले गए हैं। गांवों में सड़कों का जाल, 700 नये ट्रांसफार्मर, जर्जर तारों को बदलने का काम हुआ है। शहर में सड़कों के चौड़ीकरण से जाम की समस्या खत्म हुई है। उन्होंने कहा मेरा एकमात्र लक्ष्य सुलतानपुर को यूपी का नम्बर एक जिला बनाने का है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सांसद मेनका ने सोमवार को फरमापुर, सोनांवा, मल्हीपुर, सफीपुर, पटखौली, रामनगर, कोथरा, धौरहरा, शुकुल उमरी,खसड़े,गरयें हरिहरपुर बाजार, केशवपुर, धरियामऊ व शहर के नबीपुर समेत डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

# डीएम-एसपी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

- सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, मोतिगरपुर



पोलिंग बूथ का निरीक्षण करतीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सुलतानपुर लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के साथ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने मोतिगरपुर थाने पर स्थानीय लोगों के साथ की बैठक कर संवेदनशील बूथों की समीक्षा की। साथ ही साथ सकुशल चुनाव संपन्न करने के लिए कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एक-दूसरे को नंबर शेयर करे और लोकसभा चुनाव 2024 सकुशल संपन्न कराने के दिये निर्देश।

सोमवार को जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना व पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के साथ अन्य अधिकारियों ने मोतिगरपुर थाने पर पहुंचकर लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में मौजूद लोगों से बातचीत की। कुछ पीड़ितों से बात करते हुए कहा कि आप लोग समय से मतदान करें। मतदान के समय कोई भी अराजक तत्व अगर आपको मतदान करने में रोकता है, तो आप सीयूजी नंबर पर 112 नंबर पर या बूथों पर लिखे गए अधिकारियों के नंबर पर तत्काल सूचना दें। चुनाव में किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। वहीं थानाक्षेत्र के दियरा ग्राम पंचायत में बूथ केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया।

## सार-संक्षेप

### तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार की सुबह कुड़वार थाने पर तैनात उपनिरीक्षक राम विलास यादव हमराही सिपाहियो के साथ क्षेत्र में थे। लोक सभा चुनाव के चलते आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन व संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की तलाशी अभियान चलाया था। इसी बीच सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक पंचरास्ता से बाईपास होकर देवलपुर मोड की तरफ जा रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक हमराही सिपाहियो के साथ बताए हुए स्थान की तरफ गए तो एक युवक दिखा। अचानक पुलिस को देख युवक भागने लगा तो पुलिस वालो ने घेर कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध तमंचा व ज़िंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम नीरज उर्फ बच्चा निवासी धोबियन टोला कस्बा कुड़वार बताया। थाना प्रभारी अरूण कुमार द्विवेदी ने बताया कि युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

### कार्यकत्रियों ने रैली निकाल मतदान को किया जागरूक



मतदान को लेकर जागरूक करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 में शत –प्रतिशत मतदान कराने को लेकर सोमवार को ग्राम पंचायत हरना में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों . को मतदान जरूर करने की अपील किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री रीता ने लोगों को बताया कि मतदान हम .सभी का नैतिक कर्तव्य तो है ही साथ साथ यह लोकतांत्रिक देश वासियों की बड़ी जिम्मेदारी भी है। हम सभी के मत से एक अच्छी सरकार का गठन होता है। और देश में तमाम विकास के कार्य हो पाते है। इस लिये 18वर्ष से ऊपर उम्र के सभी नागरिकों को मतदान मे भाग जरूर लेना चाहिए। जागरूकता रैली .मे आंगनबाड़ी गंगोत्री, रीता ( द्वितीय), संगीता, राम कुमारी, निर्मला , रेशू सिंह , जनकली, आदि मौजूद रहीं।

### परशुराम युवा वाहिनी ने बिटिया की शादी में दिया उपहार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में भगवान परशुराम के नाम से बनी परशुराम युवा वाहिनी गरीब ब्राह्मण की बेटियों की शादी में सहयोग कर रहा है। संगठन के पदाधिकारी रंजीत मिश्रा को जानकारी मिली कि जिले के धनपतगंज ब्लाक के चंदीपुर गांव में एक एक गरीब ब्राह्मण के बेटी की शादी है। उन्होंने इसकी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी को दी। सूचना पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने संगठन के माध्यम से सहयोग करने का निर्णय लिया ।मिशन कन्यादान का नाम देते हुए संगठन ने धन संग्रह करते हुए बिटिया की शादी के लिए रोजाना उपयोग में आने वाले सामान खरीदा। समान को लेकर संगठन परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक के धनपतगंज ब्लॉक अध्यक्ष देवी प्रसाद पांडेय , समाजसेवी शिवम तिवारी, नितिन मिश्रा,कुशाग्र मिश्रा, विजय शंकर मिश्र उर्फ पप्पू , राम सागर मिश्रा व अन्य सामान लेकर बिटिया के घर पहुंच उसके पिता को भेंट किया। इसकी जानकारी जब गांव और वहा मौजूद स्थानीय लोगों को पता चला तो लोगो ने संगठन की बहुत सराहना की। जब लोगों को पता चला की ये संगठन का इस वर्ष का चौथा कन्यादान है तो सराहना करते हुए लोगो ने संगठन से जुड़ने की इच्छा जताई।

# खेलों से अनुशासन की मिलती है सीखः विधायक

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय की ओर से सोमवार को दो दिवसीय खेल तथा तकनीकी महोत्सव प्रतिभा 2024 का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के प्रबंधक व सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह ने फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया।

इस मौके पर विधायक सिंह ने कहा कि खेलों में भाग लेने छात्रों को अनुशासन की सीख मिलती है। संस्थान के निदेशक प्रो. डीएस पुन्धीर ने बताया कि तकनीकी संस्थान में छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के खेल व तकनीकी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। संस्थान के डीन रत्नेश सिंह ने बताया कि महोत्सव में दो दिन में कुल 28 प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। महोत्सव के प्रथम दिन आयोजित रोबो-रेस प्रतियोगिता में बीटेक कम्प्यूटर साइंस एन्ड इंजीनियरिंग की जान्हवी सिंह, वर्षा प्रजापति, आदिल, एवं पार्थ की टीम ने प्रथम तथा डिप्लोमा इलेक्ट्रानिक्स के साहिल, आयुष मिश्रा, आदर्श मिश्रा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता में कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा मीनाक्षी सिंह ने प्रथम और सिविल चतुर्थ वर्ष के सौरभ सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# बूथ सशक्त तो परिणाम शानदारः भाटिया

- भाजपा की लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति तथा लोकसभा कोर समिति की बैठक सम्पन्न

संवाददाता, सुलतानपुर




कार्यशाला को संबोधित करते प्रदेश सह प्रभारी संजय भाटिया।

**अमृत विचारः** बूथ जितना सशक्त होगा, उतना ही परिणाम ऐतिहासिक व शानदार होगा। यह कहना है बीजेपी के प्रदेश सह प्रभारी व करनाल के सांसद संजय भाटिया का है। वह सोमवार को गोलाघाट स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर आयोजित लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति तथा लोकसभा कोर समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने नव मतदाता, सोशल, आईटी व मीडिया, युवा, महिला व लाभार्थी व झुग्गी झोपड़ी संपर्क समेत 29 विभागों की वन टू वन समीक्षा की। उन्होंने कहा देश को प्यार व ताकतवर होते देखने वाला हर समाज का व्यक्ति भाजपा को वोट करेगा। उन्होंने कहा 2019 के चुनाव में पार्टी को प्राप्त मतों से 10 प्रतिशत अधिक मत बढ़ाने के लिए हमें कार्य करना है। चुनावी युद्ध के दौरान लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। प्रदेश सहप्रभारी भाटिया ने कहा विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है। उनका एजेंडा झूठ बोलना, भ्रमित करना व जाति का कार्ड खेलना है। हमारा एजेंडा राष्ट्रवाद, विकसित भारत बनाने व गरीब को मजबूत करने का है। यह लड़ाई देश को तोड़ने व कमजोर करने का सपना देखने वालों व देश को ताकतवर बनाने वालों के बीच है। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री मीना चौबे, लोकसभा प्रभारी के केके सिंह, लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह छंगू ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश।

## 10 दिन से लापता महिला का नहीं लगा सुराग

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के राईबीगो गांव की एक महिला पिछले 10 दिनों से गायब है, जिसके खोजबीन में घर वाले परेशान हैं। अंतिमा (32 वर्ष) पुत्री डुग्गी निवासी राईबीगो कोतवाली कादीपुर पिछले दस दिनों से लापता है। अंतिमा के भाई सदाराम ने बीते 18 अप्रैल को कादीपुर कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए बताया कि उनकी बहन का पिछले पांच दिनों से पता नहीं चल रहा है। वहीं अब तक कुल दस दिन हो गए हैं। उसके पास दो मोबाइल नम्बर है, दोनों बंद बता रहा है। पीड़ित भाई की मानें तो पिछले कई दिन से चारों तरफ खोजबीन जारी है लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा है। वहीं पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा : मेधावियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, सुलतानपुर



श्रीमती शोभा देवी इंटर कॉलेज में सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शनिवार को जारी परीक्षा परिणाम में श्रीमती शोभावती देवी इंटर कालेज रघुनाथ नगर घाटमपुर की छात्राओं ने जिले ही नहीं प्रदेश की टॉप टेन में स्थान बनाया। इंटरमीडिएट की छात्रा रागिनी राजभर ने प्रदेश स्तर पर आठवीं रैंक व जिले दूसरा स्थान प्राप्त किया। वही इसी कॉलेज की प्रिया राजभर ने जिले में सातवीं रैंक तो स्वास्तिका द्विवेदी ने जिले में नौवें स्थान प्राप्त कालेज का नाम रोशन किया है। वही हाईस्कूल में प्रियांशी मौर्या ने 90.33 प्रतिशत लाडली सिंह 89.5 प्रतिशत शीतल पुत्री 88.66 प्रतिशत प्राप्त किया। सोमवार को कालेज में मेधावियों के सम्मान में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डा कृपा शंकर पांडेय ,विशिष्ठ अतिथि प्रेमप्यारे पांडेय कालेज के प्रबंधक डा जे पी दूबे ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को अच्छे परीक्षा परिणाम के मेहनत के लिए प्रेरित किया।प्रधानाचार्य अलख निरंजन पांडेय ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार ने किया। इस मौके पर आर के महाविद्यालय के प्राचार्य डा देवव्रत यादव विद्यालय के प्रवक्ता नीतू सिंह, रागिनी सिंह, साक्षी पांडेय ,राजेन्द्र प्रसाद, अनूप तिवारी, अंकित दूबे, नीरज यादव, वरिष्ठ सहायक दीपक शर्मा, विष्णु नाथ कालेज के सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य मौजूद रहे।

### कई विद्यालयों का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**कादीपुर, सुलतानपुर :** क्षेत्र के रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज वरवारीपुर के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि हाई स्कूल में कुल 504 परीक्षार्थी परीक्षा दिए थे। सभी उत्तीर्ण रहे। वहीं इंटर में कुल 380 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी सभी उत्तीर्ण रहे। इस प्रकार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत रहा। वहीं पर शांति देवी इंटरमीडिएट कॉलेज कादीपुर के प्रधानाचार्य मोहित मिश्रा ने बताया कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा है। हाई स्कूल में 362 एवं इंटर में 356 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी उत्तीर्ण रहे। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड के प्रधानाचार्य अवधेश मिश्रा ने बताया कि उनके यहां हाई स्कूल में 569 एवं इंटरमीडिएट में 449 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सभी उत्तीर्ण रहे। इस प्रकार हाई स्कूल एवं इंटर का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। दादा राम चरण इंटर कॉलेज खालिसपुर मुबारकपुर के राकेश यादव ने बताया कि विद्यालय के हाई स्कूल का परीक्षा फल शत रहा। कुल 290 छात्रों ने परीक्षा दी थी। सभी उत्तीर्ण रहे।

## हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में जिले के होनहार मेधावी



आकांक्षा 95 .67% आयुषी 95% खुशी 94% प्रतिज्ञा 93 .33% गोल्डी 93 .5% साक्षी 93% सौम्या 92%

प्रिया 91.6% शिवांगी 91% सोम्या 94 .2% सौम्या 91% आस्था 91.6% अखिल 89 .4% आर्या राय 90 .4%

### शांति देवी कॉलजे की छात्राओं ने रोशन किया नाम

**सूरापुरः** शांति देवी इंटरमीडिएट कॉलेज सूरापुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। यूपी बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल की परीक्षा में शिखा दूबे पुत्री दिनेश दूबे ने 96.68 प्रतिशत, साक्षी अग्रहरि पुत्री राम सागर अग्रहरि ने 93 प्रतिशत, सौम्या पाण्डेय पुत्री बृजेश पाण्डेय ने 92 प्रतिशत तथा शिवांगी पाण्डेय ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। होनहार बालिकाओं की शानदार सफलता पर ग्राम प्रधान खालिसपुर गोपालपुर कल्लू पांडेय ,कृष्ण कुमार पांडेय, कमल पांडेय, अरविन्द पाण्डेय, संतोष सिंह राम बदन,अनिल शर्मा, विवेक मिश्रा, चित्रसेन सिंह,राम विनय सिंह आदि

एक नजर

## जंगली सुअर के हमले में युवक घायल

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जंगली सुअर ने हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। जिसका इलाज शोहरतगढ़ में एक निजी अस्पताल में चल रहा है। शोहरतगढ़ तहसील अन्तर्गत थाना मिश्रौलिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैजनथा टोला लामोइया निवासी लवकुश पुत्र मंगरे सुबह गाँव से पूरब पोखरे के पास गया था, जहां जंगली सुअर ने उस पर हमला कर दिया। जिससे लवकुश गम्भीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने किसी तरह उसे जंगली सुअर से बचाया।

## हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए समाचार पत्र विक्रेता संघ प्रदेश अध्यक्ष

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखनाथ मंदिर के में रुद्र महा यज्ञ एवं श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राम श्रेष्ठ पासवान एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता व रामेश्वर प्रसाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भंडारा का महा प्रसाद ग्रहण किया गया। यह जानकारी राम श्रेष्ठ पासवान ने दी।

## भाजपा प्रत्याशी के विरोध का वीडियो वायरल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल को जनसंपर्क के दौरान शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में स्थानीय लोगों का विरोध, और नारेबाजी झेलना पड़ा। भाजपा प्रत्याशी डुमरियागंज जगदंबिका पाल चुनावी प्रचार के दौरान शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेमरा गांव में क्षेत्रवासियों का विरोध का सामना करना पड़ा जिसका वीडियो खूब तेजी के वायरल हो रहा है। जिसमें सांसद के खिलाफ मुर्दाबाद का नारा लगाते दिख रहे है। इस मामले में सांसद के मीडिया प्रभारी मनोज चौबे ने बताया कि मामला राजनीतिक है इसमें विपक्ष बदनाम करने की साजिश कर रहा है। सांसद जी अपना एक विज्ञप्ति इस मामले में जारी करेंगे।

# शहर में ऑटो का न रूट तय न ही किराया

## लोगों से मनमाना किराया वसूल रहे चालक, राहगीर होते हैं परेशान

सिद्धार्थनगर



सवारियां बैठाता ई-रिक्शा चालक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में ऑटो का किराया व रूट तय नहीं होने से आए दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में चल रहे ऑटो पर यदि कोई यात्री किराया पूछे बिना ही बैठ गया तो चालक उससे मनमाना किराया वसूलते हैं। यदि यात्री चालक से किराया अधिक के बारे में पूछे तो पूछ कर बैठने का हवाला देते हैं। यही नहीं कई बार शिकायत के बाद भी नगरपालिका शहर में ऑटो का रूट और किराया तय नहीं कर पाया है।

किराया निर्धारित नहीं होने से यात्रियों को एक किमी से लेकर 200 मीटर तक 10 रुपया किराया देना पड़ता हैं। सोमवार का ही एक उदाहरण लें, शहर के हाइडिल तिराहे पर एक ऑटो मिला जो रेलवे स्टेशन तक जा रहा था, उसी समय ऑटो में दो महिलाएं भी बैठने के लिए आई। एक महिला ब्लॉक के सामने उतरी चालक ने उससे दस रुपया किराया मांगा। जबकि हाइडिल तिराहे से ब्लॉक की दूरी छह सौ मीटर हैं। आगे बढ़ने पर सिविल लाइन मोहल्ले के सामने एक महिला और एक पुरुष ऑटो में बैठे। जबकि आगे बढ़ने पर हाइडिल तिराहे पर बैठी दूसरी महिला तहसील गेट पर उतर गई। उससे भी चालक ने 15 रुपया किराया मांगा। जबकि यह दूरी डेढ़ किमी थी। आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ चौक पर तीन और सवारी मिले। इसमें से एक सवारी छोटे बच्चे के साथ थी। जो मात्र दो सौ मीटर ही सफर तय की। वह उतरकर चालक को 10 रुपया दिया, तो चालक ने उसको रख लिया।

महिला के पूछने पर चालक ने बताया कि इतने दूरी का भी 10 रुपया किराया लगता हैं, इतना कहते हुए ऑटो को आगे बढ़ा लिया। रेलवे स्टेशन पहुंचने पर चालक ने सिविल लाइन व सिद्धार्थ चौक पर बैठे हुए यात्रियों से 20-20 रुपया किराया मांगा। जब उससे दूरी के हिसाब से किराया लेने की बात की गई तो उसने कहा कि शहर में ऐसा कोई नियम नहीं हैं की दूरी के हिसाब से किराया तय हो। इस बारे में नगर पालिका ईओ विंध्याचल ने बताया क़ीबनगर पालिका की तरफ से अभी तक स्टैंड निर्धारित नहीं हो पाया है, लोकसभा चुनाव बाद पार्किंग व रूट बनाकर किराया निर्धारित किया जाएगा।

> ऑटो चालक इस तरह की मनमानी कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही ऑटो चालको को किराया से संबंधित गाइडलाइन जारी की जाएगी। -डॉ. ललित कुमार मिश्र, एसडीएम सदर

# मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो युवकों की हुई मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक सवार अधेड़ भाई के घर से पत्नी के साथ अपने घर लौट रहा था, वहीं तीन युवक जो कि आपस में रिश्तेदार थे, शादी में शामिल होने बाइक से जा रहे थे, उसी बीच साण्डी थाने के बघराई के पास दोनों की बाइक आमने-सामने टकरा गई, जिसमें अधेड़ और दूसरी बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई। जबकि अधेड़ की पत्नी और दूसरी बाइक पर सवार दो युवक बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। जिन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

अरवल थाने के जहांनिया पुर निवासी 57 वर्षीय ज़ाकिर हुसैन पुत्र दिलदार अली रविवार को अपनी 53 वर्षीय पत्नी ज़ाहिदा बेगम के साथ शहर अपने भाई के घर आया हुआ था। जहां से देर शाम को दोनों बाइक से अपने घर जा रहें थे, वहीं दूसरी तरफ हरपालपुर थाने के देहलिया निवासी 25 वर्षीय गौरव पुत्र धर्मेन्द्र लच्छनपुरवा निवासी अपने रिश्तेदार अशोक के 21 वर्षीय पुत्र पिंटू और महावीर के 22 वर्षीय पुत्र सौरभ के साथ एक बाइक से शादी में बावन के सरैया गांव जा रहा था, रास्तें में बघराई के पास दोनों की बाइक आमने-सामने टकरा गई, जिससे ज़ाकिर हुसैन व दूसरी बाइक सवार गौरव की मौत हो गई, जबकि अधेड़ की पत्नी और दोनों बाइक सवार युवकों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

# लावारिस किशोर व किशोरी चाइल्ड लाइन के सुपुर्द

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़, आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर को रेलवे स्टेशन गोरखपुर के टिकट हॉल में 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, फर्रूखाबाद को गाड़ी संख्या-14118 में 13 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन फर्रूखाबाद को सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, बादशाहनगर द्वारा गाड़ी संख्या-15707 से 08 एवं 09 वर्ष का एक बच्चा एवं एक बच्ची को उतारा गया। दोनों बच्चों को चाइल्ड लाइन गोंडा को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, आजमगढ़ द्वारा रेलवे स्टेशन से तत्काल आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्ति को 02 आरक्षित टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## आग से बचाव को लेकर किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकासखंड भनवापुर के एक निजी विद्यालय में रविवार को आग लगने से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे आग से बचाव के तरीके बताए गए। इस अवसर पर फिरोज मलिक ने कहा कि वर्तमान समय में तेज हवा व गर्मी के बीच अगलगी की घटनाओं में इजाफा हो रहा हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत आवश्यक है। कहा कि कहीं भी कूड़े को ना जलाएं, बीड़ी, सिगरेट पीने वाले लोग को इधर-उधर नहीं फेंकना चाहिए। गेहूं की डंठल में आग न लगाएं इससे बड़ी घटना हो सकती हैं। इस दौरान आशीष श्रीवास्तव, शिव प्रकाश, श्रीधर, किशन, राजेश श्रीवास्तव, विनोद शुक्ल उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री योगी ने प्रताप दिग्विजयम् का किया लोकार्पण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर की पत्रिका 'प्रताप दिग्विजयम्' का लोकार्पण सोमवार शाम गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने किया। प्रताप दिग्विजयम् पत्रिका श्रीराम मंदिर, श्रीरामलला, महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज, महंत अवेद्यनाथ जी महाराज और वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पर केंद्रित है। इस पत्रिका के प्रधान संपादक महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में हिन्दी प्रवक्ता डा. फूलचन्द प्रसाद गुप्त और सह सम्पादक अंग्रेजी प्रवक्ता विश्वम्भर सिंह हैं। पत्रिका लोकार्पण के अवसर पर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह, सदस्य डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमथनाथ मिश्र, रामजन्म सिंह, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डा. अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह और महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## दर्जनों घरों के साथ कई के अरमान भी जले

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उसका थाना क्षेत्र के ग्राम बंजरहा गांव में अज्ञात कारणों से सोमवार दोपहर में भीषण आग लग गई। जिससे दर्जनों घर जलकर राख हो गए। एक व्यक्ति के घर बेटी की शादी थी और शादी के लिए वह पूरा सामान घर में खरीद कर रखा था वह भी आग की चपेट में आ गया। इस भयंकर आग की चपेट में उसका भी घर जलने के कारण बेटी के शादी के अरमान धुल गए और हाथ पीले होने के पहले ही सारा सामान जलकर राख हो गया काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गांव के लोगों ने बताया कि आग लगने के बाद अभी सरकारी अमला मौके पर नहीं पहुंचा है। पीड़ितों को सहायता राशि देने की ग्रामीणों ने मांग की है।



## पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस कैफे का उद्घाटन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में स्थित नवीनीकृत पुलिस कैफे का उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, द्वारा जनपद के पुलिस लाइन परिसर स्थित नवीनीकृत पुलिस कैफे का उद्घाटन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ जयराम क्षेत्राधिकारी, भूतनाथ गुप्ता प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बहन की शादी से लौट रहे भाई की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** फुफेरी बहन की शादी में शामिल होने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहे उसके भाई की तेज़ रफ्तार की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। टड़ियावा थाने के गद्दी पुरवा निवासी 50 वर्षीय गुड्डू उर्फ रामचंद्र पुत्र रामशरण की बुआ सवायजपुर के चटका पुर में है। रविवार को उनकी बेटी की शादी थी, गुड्डू उर्फ रामचंद्र अपनी फुफेरी बहन की शादी में शामिल होने गया था और देर रात को वहां से अपनी बाइक से घर लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में सीतापुर रोड पर ओवर ब्रिज से नीचे उतरते ही महोलिया शिवपार के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच-पड़ताल शुरु कर दी।

# जिलें में नहीं है वोकेशनल कोर्स की व्यवस्था, युवाओं को हो रही परेशानी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले में बैचलर ऑफ वोकेशनल का कोर्स नहीं होने से युवाओं को असुविधा हो रही हैं। जबकि टूरिज्म, होटल मैनेजमेंट, फैशन डिजाइनर, ज्वेलरी डिजाइनर का कोर्स शुरू होने से युवाओं को रोजगार मिलने का अवसर होता। जबकि जिले में कई टूरिज्म प्लेस होने के बाद भी विश्वविद्यालय में कोर्स संचालन नहीं हो पा रहा हैं।

युवा जल्द ही रोजगार पाने के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स में ज्यादा रूचि ले रहे हैं। वही इस तरह के कोर्स करने से लोगों को पैसा भी अधिक मिलता हैं। लेकिन जिले में ऐसे कोर्स की व्यवस्था नहीं होने से युवाओं को शहर से बाहर जाना पड़ रहा हैं। इससे लोगों को खर्च के साथ परिवार से भी दूर होना पड़ रहा हैं।

जबकि जिले में भी बाहरी पर्यटक आते रहते हैं। ऐसे में उनको गाइड करने के लिए बाहर से गाइड लाना पड़ता हैं। बैचलर ऑफ वोकेशनल कोर्स करने के लिए सभी के सामने शिक्षण संस्थानों का संकट खड़ा है। शिक्षण संस्थान खुलने से युवाओं को लाभ मिल सकेगा। इस बारे में जनपद के युवा शिवा सिंह का कहना है कि जिले में टूरिज्म व होटल मैनेजमेंट में रोजगार को लेकर अधिक संभावनाएं हैं। ऐसे में इस तरह के कोर्स जिले के कॉलेजों में संचालित हो तो युवाओं को बेरोजगार नहीं रहना पदेगा। जबकि छात्र युवा अजय कुमार बताते हैं कि जिले में गौतम बुद्ध से जुड़े कई पुरातात्विक स्थल। हैं, जिसे देखने के लिए साल भर में हजारों पर्यटक आते हैं। ऐसे में जिले में गाइड तक को भी बाहर से बुलाना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में शासन को वैकेशनल कोर्स पर ध्यान देना चाहिये।

सार-संक्षेप

## कूड़ा नदी के किनारे उतराता मिला युवक का शव

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित नौखनिया गांव के समीप बह रही कूड़ा नदी के किनारे सोमवार को एक 22 वर्षीय युवक की लाश उतराती हुई मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मृत युवक के शिनाख्त में जुट गई। मृतक इसी थाना क्षेत्र के परती मोहल्ला निवासी दयालु का 22 वर्षीय पुत्र नीरज पटवा है। नीरज 19 अप्रैल से ही घर से सफेद रंग व काली पट्टी की टी-शर्ट और लोअर पहनकर गायब हो गया था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को देते हुए अपने स्तर से खोजबीन शुरू की थी। परिजनों को जैसे ही सूचना मिली कि नौखनिया के किनारे नदी में एक लाश मिली है वह अनहोनी की आशंका के बीच फौरन वहां गए और उन्होंने लाश की शिनाख्त विजय के रूप में की। इस संबंध में एसओ रोहित उपाध्याय ने बताया कि विजय के पिता के अनुसार वह बचपन से ही मानसिक रूप से अस्वस्थ था, जिसका इलाज भी चल रहा था। अचानक से 19 अप्रैल को हुआ घर से गायब हो गया था। लाश का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## विधायक की अनुशंसा पर मिली रही सहायता

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** विधायक शोहरतगढ़.विनय वर्मा गम्भीर बीमारी से पीड़ित लोगो के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से निरन्तर सहायता करवा रहे है। विधायक ने कहा कि मुझे बहुत प्रसन्नता है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में मेरे द्वारा अनुमोदित अपने जरुरतमंद को मुख्यमंत्री राहत कोष से ईलाज हेतु मिलने वाली आर्थिक सहायता के सन्दर्भ में शासन हर स्तर पर सक्रिय है और इस दिशा में आवश्यक सभी सकारात्मक पहल तय समयावधि में किया जा रहा है। विधायक ने बताया कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में हमारे द्वारा अनुसंशित प्रार्थियों में राजाराम ग्राम नडौरा, शोहरतगढ निवासी होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल (बीएचयू) में इलाज के लिये 75000 की धनराशि स्वीकृत की गई है तथा कन्हैयालाल निवासी भगौसा को 5 लाख व विजय कुमार शुक्ल निवासी सिसवा बुजुर्ग तहसील इटवा को 90 हजार, अब्दुल रहीम, मोहम्मद सिद्दीकी को तीन लाख, निरंजन को 85 हजार, मोविया खातून को एक लाख 80 हजार की आर्थिक सहायता इलाज के लिए स्वीकृत हुई है।

## घर में घुसकर प्रेमिका के पति को मारा चाकू

**हरदोई, अमृत विचार।** रात के अंधेरे में घुसे प्रेमी ने रात में जागे अपनी प्रेमिका के पति के ऊपर चाकू से हमला कर उसे बुरी तरह से ज़ख्मी कर दिया। शोर होने पर और लोग भी जाग गए, उन्होंने हमलावर प्रेमी को चाकू के साथ पकड़ कर उसे बंधक बना लिया। जिसे वहां पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया गया। साण्डी कस्बे के मोहल्ला सराय मुल्लागंज निवासी अजय पुत्र गंगाराम वहीं के मोहल्ला तकिया निवासी अरबाजझ पुत्र शमशाद का खेत बटाई करता था और फिर दोनों साथ-साथ पल्लेदारी करने लगे। उसी के चलते दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई और एक-दूसरे के घर आने-जाने लगे। अजय के घर आ-जा रहे अरबाज़ की उसकी पत्नी से ऐसी बातचीत शुरु हुई कि दोनों एक-दूसरे के प्रेमी बन बैठे। अजय के भाई गुड्डू से अरबाज़ का अक्सर घर आ कर बैठना और उसकी भाभी से हंसी-ठिठोली करना बर्दाश्त नहीं हुआ तो उसने उसे पीट दिया था, लेकिन फिर भी अरबाज़ बाज़ नहीं आया। रविवार की आधी रात में अजय नींद से जागा तो उसने दरवाज़ा खुला देख कर मोबाइल की टार्च जलाई, उसी बीच घर के अंदर छिपे बैठे अरबाज़ ने उसके ऊपर चाकू से वार कर दिया। वार होते ही अजय के चीखने की आवाज़ सुन कर उसके घर वाले जाग गए और उन्होनें हमलावर अरबाज़ को चाकू के साथ पकड़ लिया।

# किसान आंदोलन के चलते गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित

गोरखपुर



**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा अम्बाला कैंट-सानेह वाल खंड के शंभू स्टेशन पर चल रहे किसान आंदोलन के कारण कई गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते चलाई गई।

पूर्णिया कोर्ट से 23 अप्रैल, को चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 23 अप्रैल को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 23 अप्रैल, 2024 को चलने वाली 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लुधियाना-धुरी जं.-जाखल के रास्ते चलाई जायेगी। लालकुआं से 23 अप्रैल, 2024 को चलने वाली 15016 लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी।

## गोरखपुर-सम्बलपुर एक्सप्रेस का समय पुर्ननिर्धारित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मण्डल पर स्थित कानारोवा स्टेशन पर दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण गोरखपुर से 23 एवं 24 अप्रैल, 2024 को चलने वाली 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर एक्सप्रेस गोरखपुर से 120 मिनट पुर्ननिर्धारित कर चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## एकल यात्रा विशेष गाड़ी का संचालन आज

**गोरखपुर अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु 04923 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित एकल यात्रा विशेष गाड़ी का संचालन दरभंगा से 23 अप्रैल, 2024 को किया जायेगा। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी। बताया कि यात्री जनता की सुविधा हेतु 04925 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 24 अप्रैल, 2024 को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे है। 04985 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 23 अप्रैल, 2024 को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। मऊ-आनन्द विहार टर्मिनस-मऊ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन मऊ तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 अप्रैल से 27 जून, 2024 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा।

## स्कॉर्पियो-टेंपो व बाइक की टक्कर से तीन लोग घायल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सोमवार को सुबह-सुबह बांसी कोतवाली फल मंडी के पास एन एच 28 पर स्कॉर्पियो टेंपो बाइक सवार की भिड़ंत से अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के कारण बांसी फल मंडी में घंटों रास्ता जाम रहा। टेंपो व बाइक के परखच्चे उड़ गए। टेंपो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची बांसी पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी बांसी पर पहुंचाया यहां चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां अभी तीन की हालत गंभीर बताई जाती है। घटना का कारण तेज रफ्तार बताया जाता है। वैसे अधिकांश दुर्घटनाएं वाहनों की तेज रफ्तार से होना बताया जा रहा है हालत गंभीर होने के कारण घायलों का नाम पता जानना मुश्किल रहा। घटना में टेंपोमें सवार पैसेंजरों को काफी छोटे आई है।

मौसम — तापमान में लगातार वृद्धि जारी, राहगीरों को झुलसा रही आसमान से बरसती आग

# पांच वर्ष में पहली बार अप्रैल में पारा पहुंचा 43 डिग्री के पार

सिद्धार्थनगर



धूप से बचाव के लिए दुपट्टे से सिर ढककर जातीं युवतियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हवाएं आसमान से बरसती आग की तरह शरीर को झुलसा रही हैं। तापमान में लगातार वृद्धि जारी है। सोमवार को 43.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो पिछले पांच वर्ष के अप्रैल माह में सर्वाधिक रहा। तापमान के साथ भयानक अंधड़ ने कर्फ्यू जैसा माहौल बना दिया है। उसका रोड, स्टेशन रोड, बर्डपुर मार्ग, नौगढ़-गोरखपुर सड़क जो आम तौर से वाहनों की आवाजाही और भीड़ से घिरी रहती थीं, वहां सन्नाटा था। बाजार रौनक विहीन थीं। हर तरफ सन्नाटा नजर आया। एका दुक्का निकलने वालों में वही लोग थे, जिनके घरों में मांगलिक कार्यक्रम था या फिर कोई विशेष कार्य था। हर व्यक्ति हवा से बचने के लिए चेहर ढककर ही निकलते हुए दिखा। महिला हो या फिर पुरुष हर कोई चेहरा ढका हुआ नजर आया।

हाल यह है कि लोग तेजी से बीमार हो रहे हैं। उल्टी दस्त के साथ ही शरीर में पानी की तेजी से कमी हो रही है। चिकित्सक हर घंटे और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और बीमार होते ही तत्काल इलाज कराने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि लू चल रहा है जो हर किसी उम्र के लिए घातक साबित हो सकता है। इसलिए धूप से बचाव बहुत ही जरूरी है, अगर काम न हो तो कतई बाहर न निकलें। लू का प्रकोप बढ़ा है, इसका इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में 24 घंटे के भीतर 12-13 मरीज उल्टी दस्त के पहुंच रहे हैं। इन बीमारों में युवा और उससे अधिक उम्र वाले लोग हैं। इस बारे में डा. सुबोध चन्द्र एम.डी. का कहना है कि लू का प्रकोप चल रहा है, इसलिए इससे बचाव करें। विशेष रूप से दोपहर में बाहर न निकलें। हल्के रंग के हल्के और ढीले और पूरे सूती कपड़े पहनें, धूप में निकलते समय टोपी और फिर कपड़े से सिर ढकने के लिए छतरी लेकर निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने पाए, इसके लिए प्रर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ का सेवन करें। उल्टी-दस्त शुरू होते हुए ओआरएस का घोल बनाकर पीएं। दिक्कत होते ही तत्काल चिकित्सक को दिखाएं और दवा लें।

> मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अभी अगले कई दिनों तक तापमान में वृद्धि जारी रहेगी। हवा की रफ्तार भी तेज रहेगी। फिलहाल मौसम विज्ञान के आधार पर अनुमान है कि अगले कई दिन राहत मिलने के आसार कम हैं। आसमान से गर्मी बरसती ही रहेगी। -डॉ. अतुल कुमार सिंह, मौसम वैज्ञानिक

# मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

सिद्धार्थनगर



प्रशिक्षण प्राप्त करते मास्टर ट्रेनर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंबेडकर सभागार में परियोजना निदेशक नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनरों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में 120 मास्टर ट्रेनरों को ई वी एम मशीन से प्रशिक्षित किया गया। मतदान के समय आने वाली समस्याओं की बारीकियों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके मास्टर ट्रेनरों का ई वी एम एवं वीवी पैट कंट्रोल यूनिट आदि के माध्यम से उनकी परीक्षा ली गई कि वह स्पेशल टैग लगाना, मशीनों को जोड़ना, एजेंट का हस्ताक्षर कहाँ होगा, मशीनों के खराब होने पर क्या क्या बदला जायेगा आदि के बारे मे उनसे जानकारी ली गयी। पी डी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। जिससे आपके द्वारा जिन मतदान कार्मिको को प्रशिक्षण दिया जाए उन्हें भी किसी प्रकार की समस्या न हो और लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर सीडीपीओ मो अरशद व मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित थे।

## इलेक्शन बायस्कोप






लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों के प्रत्याशी मैदान में संघर्षरत हैं। प्रचार के लिए हर जोड़-तोड़ भी कर रहे हैं, लेकिन चुनाव का प्रमुख हिस्सा प्रचार सामग्री की बिक्री इस बार ज्यादा नहीं हो रही। ऐसे में दुकानदारों में मायूसी है। इसी क्रम में राजधानी के त्रिलोकी नाथ रोड स्थित चुनाव प्रचार सामग्री की दुकानों पर पसरा सन्नाटा। -अमृत विचार

## कौशल किशोर भी 29 को भरेंगे पर्चा



**अमृत विचार, लखनऊः** मोहनलालगंज से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ ही किशोर भी पर्चा भरने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी दोनों एक साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और नामांकन किया था। जानकारी के अनुसार किशोर प्रदेश पार्टी मुख्यालय पहुंचेंगे और वहां से कलेक्ट्रेट जाएंगे। कौशल के नामांकन के लिए तैयारियां जारों पर है,जिससे कोई खामी न रह जाए।

# पीडीए फैक्टर के साथ बूथ स्तर तक पकड़ बनाने में जुटी कांग्रेस

**17 सीटों पर जीत के संघर्ष के लिए जुटे है कांग्रेस कार्यकर्ता**

**राहुल और प्रियंका गांधी के प्रदेश की अन्य सीटों पर भी जनसभा कराने की चल रही तैयारी**

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों पर प्रदेश कांग्रेस जीत के संघर्ष में जुटी है। पहले चरण की सहारनपुर सीट पर मतदान के बाद अब कांग्रेस ने बाकी चरणों की सीटों पर ताकत झोक दी है। पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक फैक्टर के साथ बूथ स्तर पर बैठकें कर मतदाताओं पर पैठ बनाने पर खासा जोर दिया जा रहा है। कांग्रेस ने रणनीति को धार देने के लिए 25 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक बुलाई गई है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी पहले चरण की सहारनपुर सीट पर इमरान मसूद के पक्ष में जनसभा कर चुकी हैं। यहां मतदान होने के बाद अमरोहा में राहुल गांधी की जनसभा हो चुकी है। राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के प्रदेश की अन्य सीटों पर भी जनसभा कराने की तैयारी चल रही है। अमेठी व रायबरेली सीटों पर प्रत्याशी अभी घोषित नहीं है, पर इन सीटों से राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस के पास केवल एक सहारनपुर सीट थी, पर दूसरे चरण में चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर व मथुरा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अमरोहा सीट से दानिश अली, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बुलंदशहर सीट से शिवराम वाल्मीकि व मथुरा से मुकेश धनगर शामिल हैं। इसके अलावा तीसरे चरण में फतेहपुर सीकरी सीट पर कांग्रेस के राम नाथ सिकरवार अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। अमरोहा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का मुकाबला भाजपा के कंवर सिंह तंवर व बसपा के मुजाहिद हुसैन से है। गाजियाबाद में कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के सामने भाजपा ने अतुल गर्ग व बसपा ने बसपा नन्द किशोर पुण्डीर को चुनाव मैदान में उतारा है। बुलंदशहर सीट पर भाजपा के डॉ भोला सिंह व बसपा के गिरीश चन्द्र चुनाव मैदान में हैं, मथुरा सीट पर भाजपा से सिने अभिनेत्री हेमामालिनी व बसपा से सुरेश सिंह हैं।

तीसरे चरण की फतेहपुर सीकरी सीट पर कांग्रेस ने राम नाथ सिकरवार को उतारा है, तो भाजपा ने राजकुमार चाहर व बसपा ने राम निवास को चुनाव मैदान में उतारा है। चौथे चरण की सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। दूसरे, तीसरे व चौथे चरण के लिए कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत अन्य नेता अपनी रणनीति के तहत चुनाव प्रचार में जुटे हैं। लोकसभा स्तर पर बने प्रभारी व समन्वयक जिला व शहर पदाधिकारियों के जरिये आम लोगों तक अपनी पहुंच बनाए हुए है। दूसरे, तीसरे व चौथे चरण के बाद कांग्रेस बाकी चरण के चुनाव में जुटने की तैयारी कर रही है।



**दूसरे चरण की सीटें**

अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा

**तीसरे चरण की सीटें**

सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली।

**चौथे चरण की सीटें**

शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच

## चुनावी चक्कर

**यह कैसी चुनौती है नेता जी? :** मथुरा में लोकसभा चुनाव का संघर्ष चरम पर है। पार्टी प्रत्याशियों एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तीखा होता जा रहा है। ऐसे में प्रतिक्रियाओं की गंभीरता पर सवाल उठ जाते हैं। इसी क्रम में मथुरा की मांट विधानसभा से आठ बार के विधायक व मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे श्याम सुंदर शर्मा ने भाजपा की प्रत्याशी हेमा मालिनी को अजीब सी चुनौती दे डाली। कहा कि हेमा मांट तहसील के टैंटीगांव कस्बा का नाम बोलकर दिखा दें। अगर, नाम बोल लिया तो एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। श्याम सुंदर शर्मा का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। श्याम सुंदर शर्मा बसपा के नेता हैं और आजकल पार्टी के प्रत्याशी सुरेश सिंह के लिए प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

**करोड़पति उम्मीदवारों में निर्दलीय आगे :**

लोस चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। रोचक यह है कि दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक है। पार्टी-वार बात करें तो, करोड़पति उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा संख्या निर्दलीयों की है। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस का नंबर आता है। अगर, सिर्फ उत्तर प्रदेश पर नजर डालें तो, यहां 8 सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। जिसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस फेज में उप्र. से चुनावी रण में 91 उम्मीदवार रेस में हैं। जिसमें करीब 42 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जो अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

**गर्मी से बेहाल हैं माननीय :**

गर्मी के सख्त होते मिजाज के साथ-साथ लोकसभा चुनाव का संघर्ष भी अपने चरम पहुंच रहा है। इस बीच सबसे ज्यादा दिक्कत में वे माननीय है जो बहुत कम ही अपने एयरकंडीशन कमरों से निकल कर जनता से मुखातिब होते थे। अब उन्हें दिन पर धूप में मतदाताओं को रिझाने के लिए कार्यक्रमों में शामिल होना पड़ रहा है। कहीं पंखे की तो कहीं कूलर की और कहीं उन्हें किसी यंत्र की हवा तक नसीब हो रही। हां एक बात दिलचस्प यह है कि, इन नेताओं की अगर फोटो या वीडियो कही छप जाए-चल जाए तो गर्मी दूर हो जाती है।

# जनसंघ, कांग्रेस की धरती पर सपा व बसपा चख चुकी हैं जीत का स्वाद

**इस बार भाजपा व इंडी गठबंधन के बीच सीधी टक्कर के आसार**

लाल जी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचारः** श्रावस्ती जो कि पूर्व में बलरामपुर लोकसभा सीट थी, एक समय जनसंघ और कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। 80 के दशक के बाद इस सीट पर सपा और बसपा का भी जनाधार बढ़ा। मौजूदा चुनाव में नामांकन शुरू होने में एक सप्ताह से कम का समय बचा है। इस बार के चुनाव में भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के बीच फिलहाल सीधी टक्कर होने के आसार जा रही हैं। ऐसा इसलिए है कि अभी तक बसपा ने श्रावस्ती लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

भाजपा ने सबसे पहले यहां से साकेत मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। निवर्तमान सांसद बसपा के थे जो कि अब हाथी से उतरकर साइकिल पर सवार हो चुके हैं। पार्टी ने उन्हें गठबंधन के तहत यहां से प्रत्याशी भी बनाया है। बताते चलें कि बलरामपुर लोकसभा सीट का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। इस सीट से पहली बार 1957 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जनसंघ के टिकट पर सदन में पहुंचे थे। साल 1962 के चुनाव में उनको कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने करीब 2000 मतों से हरा दिया था। साल 1967 में अटल बिहारी वाजपेई फिर से सांसद बने। साल 1971 के चुनाव में इस सीट पर फिर एक बार कांग्रेस के चंद्रभाल मणि तिवारी ने कब्जा किया। साल 1977 के चुनाव में नानाजी देशमुख ने जनता पार्टी के टिकट पर यह सीट जीत ली।

साल 1980 में एक बार फिर यह सीट कांग्रेस की झोली में आई और चंद्रभाल मणि तिवारी दोबारा सांसद बने। साल 1984 में भी इस सीट पर कांग्रेस के ही महंत दीप नारायण वन चुनाव जीते। साल 1989 में इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां ने कब्जा किया। फिर साल 1991 तथा 1996 में यह सीट भाजपा के खाते में रही। दोनों बार यहां से सत्यदेव सिंह सांसद बने। साल 1998 तथा 1999 के चुनाव में अपने बढ़ते जनाधार के बल पर सपा के रिजवान जहीर बलरामपुर सीट से सांसद बने। हालांकि साल 2004 के चुनाव में भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह ने रिजवान जहीर को मात देकर यह सीट बीजेपी की झोली में डाल दी।

साल 2009 में नई संसदीय सीट श्रावस्ती का सृजन हुआ। इस सीट पर पहली बार कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडे ने जीत हासिल की। 2014 के चुनाव में सपा के बाहुबली अतीक अहमद को हराकर भाजपा के दद्दन मिश्रा ने इस सीट पर कब्जा किया। साल 2019 के चुनाव में यह सीट सपा बसपा के गठबंधन की वजह से बसपा के खाते में गई और बसपा के राम शिरोमणि वर्मा ने मात्र 5320 मतों से भाजपा के दद्दन मिश्रा को हराकर इस सीट पर बसपा का परचम लहराया। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राम जन्मभूमि तीर्थ निर्माण परिषद के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा के बेटे साकेत मिश्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है। तो वहीं दूसरी तरफ राम शिरोमणि वर्मा बसपा से निकलकर सपा में शामिल हो गए और सपा ने इंडिया गठबंधन के तहत उन्हें श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर मैदान में उतारा है।

अटकलें लगाई जा रही है कि कांग्रेस से चुनाव लड़ने का सपना देख रहे पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह आगामी दिनों में धमाका कर सकते हैं। यदि वह चुनाव मैदान में उतरते हैं तो यहां पर एक बार बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा गर्म हो सकता है। क्योंकि भाजपा के साकेत मिश्रा मूलतः देवरिया जनपद के निवासी हैं। वहीं सपा के राम शिरोमणि वर्मा अंबेडकर नगर के मूल निवासी हैं।

**बलरामपुर से श्रावस्ती लोक सभा सीट**

चुनाव आयोग ने वर्ष 2008 में देश मे लोकसभा तथा विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन कराया था। नये परिसीमन में बलरामपुर संसदीय सीट का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया। श्रावस्ती के नाम से नई संसदीय सीट का गठन किया गया। श्रावस्ती संसदीय सीट में श्रावस्ती जनपद की भिनगा तथा श्रावस्ती विधानसभा और बलरामपुर जनपद की सदर, तुलसीपुर तथा गैंसड़ी विधानसभा को शामिल किया गया है। इसी परिसीमन में बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा सीट को गोंडा संसदीय सीट में भी शामिल कर दिया गया।

**इस बार के चुनाव में नहीं दिखेगा रिजवान जहीर का जोर**

लगभग तीन दशक से बलरामपुर तथा श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में अपना प्रभुत्व रखने वाले रिजवान जहीर वर्ष 2024 के चुनाव में खामोश दिखाई दे रहे हैं। रिजवान जहीर इस समय नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व अध्यक्ष फिरोज अहमद और पप्पू के हत्या की साजिश के आरोप में जेल में बंद है। पिछले चुनाव में उन्होंने सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा को जिताने में अपना पूरा जोर लगाया था। ऐसा माना जाता है की बलरामपुर तथा श्रावस्ती जिले में उनके काफी समर्थक हैं। जो कि उनके एक इशारे पर चुनाव का समीकरण बदल सकते हैं। उनके नेपथ्य में रहने से इस बार के चुनाव में क्या असर पड़ेगा यह अभी भविष्य के गर्भ में है।


राम शिरोमणि वर्मा।


साकेत मिश्रा।

## आईना : श्रावस्ती लोकसभा सीट

**2019 के चुनाव का लेखा जोखा**




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| राम शिरोमणि वर्मा | 441,771 |
| दद्दन मिश्र | 4,36,451 |
| धीरेंद्र प्रताप सिंह | 58,042 |

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | दद्दन मिश्र | 3,45,964 |
| सपा | अतीक अहमद | 2,60,051 |
| बसपा | लाल जी वर्मा | 1,94,890 |
| कांग्रेस | विनय कुमार पांडे | 20,006 |

**2014 में किसको कितने वोट**




2014 नोटा 1 | 2019 नोटा 17,108

**निर्वाचित सांसद**

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1957 | अटल बिहारी वाजपेयी | भारतीय जनसंघ |
| 1962 | सुभद्रा जोशी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | अटल बिहारी वाजपेयी | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | चन्द्र भाल मणि तिवारी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | नानाजी देशमुख | जनता पार्टी |
| 1980 | चन्द्र भाल मणि तिवारी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | महंत दीप नारायण वन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | फसी-उर-रहमान मुन्नन खान | स्वतंत्र |
| 1991 व 96 | सत्यदेव सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 व 99 | रिज़वान ज़हीर | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2009 | विनय कुमार पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | दद्दन मिश्र | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | राम शिरोमणि वर्मा | बहुजन समाज पार्टी |

श्रावस्ती

**2024**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 1972930 |
| पुरुष | 1054398 |
| महिला | 918480 |
| अन्य | 52 |

**2009 चुनाव के आंकड़े**

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | विनय कुमार पांडे | 2,01,556 |
| बसपा | रिज़वान ज़हीर | 1,59,527 |
| सपा | रुबाब सईदा | 1,11,247 |
| भाजपा | सत्यदेव सिंह | 47,943 |




## अपनी ढपली अपना राग


भाजपा देश पर अंग्रेजों की तरह शासन करना चाहती है। इनके पास देश की जनता को बताने के लिए कुछ नहीं बचा है। -अखिलेश यादव


आपके वोट की ही ताकत थी कि पाकिस्तान को कुछ घंटों में अभिनंदन को सकुशल व वीआईपी ट्रीटमेंट देकर वापस लौटाना पड़ा था। - ब्रजेश पाठक


कांग्रेस, सपा व बसपा देश के 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन को कमीशनखोरी की भेंट चढ़ाकर खुद हजम करना चाहते हैं।। -धर्मपाल सिंह


भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है। वे भोली-भाली जनता को छलते हैं। - अजय राय


10 साल का शासन तो केवल ट्रेलर मात्र है पिक्चर अभी बाकी है। यह चार जून को चार बजे जब 400 पार होगा तो रिलीज होगी। -केशव मौर्य।

## इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने मथुरा, फतेहपुर सीकरी, आगरा और फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र का दौरा किया और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगें। इस दौरान उन्होंने समन्वयक बैठकों को भी संबोधित किया।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ. मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि प्रदेश प्रभारी ने गठबंधन के सभी घटक दलों कांग्रेस, सपा, लोकदल व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच आपसी सहयोग व समन्वय विकसित करने पर जोर दिया, ताकि इसका असर बूथ स्तर तक दिखे। प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस का गारंटी कार्ड घर-घर तक पहुंचाने व उसमें लिखित संकल्प को उनसे परिचित कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराने के लिए गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की जरूरत है।

# महाराजा सुहेलदेव के 'तेज' से अपनी धार मजबूत कर रही भाजपा

**भाजपा ने महाराजा सुहेलदेव स्मारक को पुनर्स्थापित कर हिंदू समाज को राजनैतिक रूप से एकजुट किया**

**देवीपाटन मंडल के जिलों में शौर्य के अनुपम उदाहरण के रूप में पेश किए जाते हैं महाराजा**

**आक्रांता महमूद गजनवी के भतीजे सैयद सालार मसूद गाजी के आतंक से क्षेत्र को किया था मुक्त**

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** तुमने दिया देश को जीवन, देश तुम्हें क्या देगा। अपनी आग तेज करने को नाम तुम्हारा लेगा। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर द्वारा लिखित यह पंक्ति वर्तमान समय में श्रावस्ती-बहराइच के महाराजा सुहेलदेव स्मारक से एक संदेश के रूप प्रतिध्वनित होती है।

यह संदेश देवीपाटन मंडल के हिंदू समाज में 'हम की भावना' के रूप में अनुभव किया जा सकता है। स्मारक परिसर में पहुंचने पर हर व्यक्ति एक ऐसे गौरव की अनुभूति करता है, जिससे वह अभी तक अनजान था। अनजान इसलिए भी क्योंकि हर किसी को महराजा सुहेलदेव के बारे में उतना नहीं पता था, जितना कि अब बताया जाने लगा।

**● कई जातियों द्वारा अपने-अपने समाज को जोड़े जाने के बावजूद हिंदू एकता के प्रतीक के रूप में स्थापित हैं महाराजा**

2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद जब राष्ट्रवादी विचारधारा को एक एजेंडे के रूप में प्राथमिकता दी जाने लगी तो स्थानीय बुद्धिजीवियों ने महाराजा सुहेलदेव का जिक्र करना शुरू कर दिया। बाद में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने महाराजा सुहेलदेव के इतिहास को आज के परिवेश में धार देना शुरू कर दिया। भाजपा ने महाराजा सुहेलदेव के राष्ट्रवाद के अपने राष्ट्रवाद से जोड़ दिया। इसी का परिणाम था कि 2019 के चुनावों में देवीपाटन मंडल की सभी लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में गिरी। 2017 में उप्र. में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराजा सुहेलदेव के व्यक्तित्व और कृतित्व में व्यक्तिगत रूप से भी रुचि लेने लगे। आलम यह था कि योगी की रुचि को भांपते हुए पर्यटन विभाग के अधिकारी लगातार निर्माणाधीन स्मारक पर ही मुस्तैद रहने लगे। महाराजा सुहेलदेव भारतीय इतिहास के उन महान व्यक्तित्वों में एक हैं, जिन्हें हिंदू समाज की सभी जातियां गर्व पूर्वक स्वीकार करती हैं। ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य व दलित समाज हो अथवा इनकी उपजातियां, सभी महराजा को सम्मान की दृष्टि से देखती हैं। इस स्वीकार्यता का पूरा फायदा भाजपा ने देवीपाटन मंडल में उठाया। भाजपा का मानना है कि महाराजा सुहेलदेव एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो लोकसभा की चार सीटों और विधानसभा की 11 सीटों पर सीधे असर डालते हैं।

अन्य पार्टियां अपने धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के कारण महाराजा सुहेलदेव को कभी स्वीकार नहीं कर पाईं।



**पराक्रम से लवरेज है महाराजा का इतिहास**

11वीं शताब्दी में महमूद गजनवी के भतीजे सैयद सालार मसूद गाजी ने 16 वर्ष की उम्र में सिंधु नदी पार कर भारत में आक्रमण किया था। गाजी ने अपने अभियान में मुल्तान, दिल्ली, मेरठ और अंत में सतरिख पर विजय पाई। सतरिख में उसने अपने मुख्यालय की स्थापना की थी और स्थानीय राजाओं को हराने के लिए सेनाओं को भेज दिया था। इसी के तहत सैयद सैफुद्दीन और मिया राजब को बहराइच भेजा गया था। बहराइच के स्थानीय राजाओं ने एक संघ का गठन किया था, लेकिन गाजी की सेना ने उन्हें हरा दिया। 1033 में गाजी मसूद स्वयं बहराइच में अपने अभियानों की प्रगति देखने पहुंचा था। सुहेलदेव के आगमन तक मसूद ने हजारों की संख्या में हिंदुओं की हत्या कराई। 1034 में महाराजा सुहेलदेव ने युद्ध की कमान स्वयं संभाली और उन्होंने न सिर्फ गाजी की सेना को हराया बल्कि गाजी का ही वध कर दिया।

## राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से जिताना है: अनिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** एनडीए प्रत्याशियों की विजय के लिए रालोद प्रमुख ने पश्चिमी उप्र. में प्रचार अभियान में जुटे हैं, वहीं राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को भारी बहुमत से जिताने के लिए बैठकों का दौर जारी है।

हजरतगंज स्थित पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे सोमवार को पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विधानसभा वार कमेटियां गठित की जा रही हैं। कमेटी सदस्य क्षेत्रीय स्तर पर बैठकें कर मतदाताओं से संवाद करेंगे।

लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि अधिक से अधिक मतदान को प्रेरित करते हुए एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से विजयी बनाना है। उन्होंने बताया कि जिलों में भी मै और अन्य पदाधिकारी पहुंचकर, एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं जिससे कि उन्हें रिकार्ड मतो से जीत दिलाई जा सके।

### भाजपा ने 17 में से नौ लोकसभा सीटों पर टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा, कांग्रेस ने भी कई सीटों पर टीआरएस के नेताओं पर दांव लगाया

# कांग्रेस- भाजपा की सीधी टक्कर में ठिकाने लगी टीआरएस

**चुनाव डेस्क**

अलग राज्य की मांग को लेकर चले लंबे आंदोलन के बाद देश के 29वें राज्य के रूप में तेलंगाना का गठन हुआ और यह राज्य दो जून, 2014 को अस्तित्व में आया। इस बार 18वीं लोकसभा के लिए तेलंगाना में चुनाव चौथे चरण में होगा। राज्य की 17 सीटों के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति ( टीआरएस ) जिसका नाम अब भारत राष्ट्र समिति हो चुका है, का आधार और प्रभाव विधानसभा चुनाव में हार के एक धक्के से इतनी जल्दी सिमटने लगेगा, किसी ने भी नहीं सोचा था, लेकिन तेलंगाना की हकीकत यही है। पार्टी को सत्ता से बाहर होने के बाद लगातार झटकों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में उसके सांसद, विधायक और नेता भाजपा या कांग्रेस में चले गए हैं। इसके चलते लोकसभा चुनाव में राज्य की अधिकतर सीटों पर मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा की लड़ाई बदल गया है। इन हालात में टीआरएस प्रमुख केसीआर की कोशिश चुनावी संघर्ष को त्रिकोणात्मक बनाकर अपनी पार्टी के लिए कुछ सीटों पर रास्ता बनाने तक सीमित नजर आ रहा है।

**2019 तेलंगाना में दलीय जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट | वोट % |
|---|---|---|---|
| टीआरएस | 09 | 7696848 | 41.4 |
| भाजपा | 04 | 3626173 | 19.6 |
| कांग्रेस | 03 | 5496686 | 29.7 |
| एआईएमआईएम | 01 | 517471 | 2.8 |

### दल- बदलुओं के सहारे भाजपा की बैटिंग

- तेलंगाना में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरे आधे से अधिक भाजपा उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि टीआरएस से जुड़ी है। प्रदेश की कुल 17 में से नौ सीटों पर भाजपा ने टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाया है। इनमें से अधिकतर बीते तीन माह के भीतर ही टीआरएस को छोड़कर भाजपा में आए हैं, और भाजपा ने उन्हें टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। दरअसल, विधानसभा चुनाव में आठ सीटें पाने वाली भाजपा को राज्य में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए टीआरएस के कंधे का इस्तेमाल करना आसान तरीका नजर आ रहा है। यही वजह है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व दल-बदल के खेल में आगे बढ़कर बैटिंग करने में यकीन कर रहा है। टीआरएस के नेताओं को टिकट देकर भाजपा तेलंगाना में कांग्रेस की चुनौती से निपटने के लिए अपनी नई जमीन तैयार कर रही है। टीआरएस नेताओं को शामिल करने में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी, कांग्रेस भी पीछे नहीं है। टीआरएस के कई सांसदों और विधायकों को कांग्रेस ने हाल ही में अपने पाले में किया है। पार्टी नेताओं ने भागने के वजह से टीआरएस यहां कमजोर सी हो गई है। हालांकि पार्टी नेता लगातार यहां प्रचार कर माहौल बनाने में जुटे हैं।




**2014 में प्रमुख दलों का वोट शेयर**

| | | |
|---|---|---|
| टीआरएस | 11 | 34.9 प्रतिशत |
| भाजपा | 01 | 10.5 प्रतिशत |
| कांग्रेस | 02 | 24.7 प्रतिशत |
| टीडीपी | 01 | 12.3 प्रतिशत |

### 2019 में टीआरएस के खाते में आईं थीं नौ लोकसभा सीटें

- टीआरएस ने 2019 के चुनाव में नौ लोकसभा सीटें जीती थीं। लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के बाद पार्टी के पांच सांसदों ने हाल ही में पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा या कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इसमें टीआरएस के लिए सबसे बड़ा झटका चेवेल्ला से उसके सांसद रंजीत रेड्डी का दलबदल था। वह अब इसी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार बन चुके हैं। इसी तरह हैदराबाद की खैरताबाद विधानसभा सीट से टीआरएस विधायक दानम नागेंद्र भी अब कांग्रेस से टिकट पाकर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। विधायक दानम नागेंद्र को कांग्रेस ने सिकंदराबाद लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी जी किशन रेड्डी के सामने उतार दिया है। उधर, विकाराबाद जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष और पूर्व बीआरएस नेता सुनीता महेंद्र रेड्डी दलबदल करने के बाद मल्काजगिरी सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। टीआरएस के पेद्दापल्ली से मौजूदा सांसद वेंकटेश भी कांग्रेस में चले गए हैं। वारंगल के सांसद पसुनुरी दयाकर भी लोकसभा के टिकट से इनकार किए जाने के बाद टीआरएस छोड़ चुके हैं।

### 17 दिन सड़क पर रहेंगे केसीआर, हर सीट पर करेंगे रोड शो

- कांग्रेस और भाजपा द्वारा टीआरएस में की गई तोड़फोड़ से केसीआर के सामने दोतरफा चुनौती खड़ी हो गई है। छह माह पहले तक राज्य में टीआरएस अजेय भूमिका में थी। केसीआर को अपने ऊपर इतना भरोसा था कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से ज्यादा राष्ट्रीय राजनीति पर फोकस कर रखा था। इंडिया गठबंधन से अलग एक नया गठबंधन खड़ा करने की संभावनाओं पर काम करने के साथ राज्य से बाहर राष्ट्रीय स्तर पर अपने लिए नई भूमिका तलाश रहे थे। लेकिन विधानसभा चुनाव में जमीन क्या खिसकी उनके तमाम साथी, सांसद और विधायक ही साथ छोड़ गए। केसीआर को इस सदमे से उबरने और पार्टी को संभालने में थोड़ा वक्त लगा, लेकिन माना जा रहा है कि अब वह लोकसभा चुनाव को अपने और पार्टी के अस्तित्व से जुड़ी चुनौती मानकर नए सिरे से तैयारी करने में जुटे हैं। केसीआर ने सड़क पर निकल कर लोगों के बीच जाने का पैसला किया है। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत केसीआर ने 24 अप्रैल से अगले 17 दिनों तक राज्य की सभी 17 लोकसभा सीटों पर रोड शो करने का फैसला लिया है। केसीआर का रोड शो 24 अप्रैल को मिर्यालगुडा में शुरू होकर 10 मई को सिद्दिपेट जिला मुख्यालय पर समाप्त होगा।

## हैदराबाद सीट पर 40 साल से ओवैसी परिवार काबिज




हैदराबाद लोकसभा सीट पर पिछले 40 सालों से ओवैसी परिवार का दबदबा है। इसे उनकी परंपरागत सीट माना जाता है। इसकी एक वजह करीब 20 लाख मतदताओं वाली इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 11 लाख से अधिक होना है। हैदराबाद से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी पिछले चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। उनके पिता सलाहुद्दीन ओवैसी ने इस सीट पर आधा दर्जन बार जीत हासिल की थी। इस बार एक बार फिर हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी मैदान में हैं। उनके खिलाफ भाजपा ने तेजतर्रार और हिंदुत्व की प्रबल समर्थक माधवी लता को उम्मीदवार बनाया है, जो ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रही हैं। माधवी लता सिर्फ ओवैसी ही नहीं, बल्कि उनके भाई अकबरुद्दीन के साथ कांग्रेस पर भी हमलावर हैं। वह पसमांदा मुस्लिम महिलाओं के बीच काम करती रही हैं। सोशल वर्कर हैं और एक हास्पिटल चलाती हैं। उनका कहना है कि मुस्लिम महिलाएं गरीबी और डर में जी रही हैं। वो 10 बच्चों को जन्म दे रही है। लेकिन ऐसे बच्चों का क्या फायदा। जब उन्हें अच्छे से पढ़ा नहीं पा रहे, ठीक खाना और सेहत नहीं दे पा रहे हो। टीआरएस ने ओवैसी और माधवी लता के मुकाबले में गद्दाम श्रीनिवास यादव को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के उम्मीदवार भगवंत राव को 2 लाख 82 हजार 186 वोटों से हराया था। ओवैसी को 5 लाख 17 हजार 471 वोट मिले थे, जबकि भगवंत राव ने 2 लाख 35 हजार 285 वोट पाए थे। टीआरएस उम्मीदवार पुस्ते श्रीकंड को 63 हजार 239 और कांग्रेस के फिरोज खान को 49 हजार 944 वोट हासिल हुए थे। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत 7 विधानसभा सीटें आती हैं. इसमें से 6 विधानसभा सीटों पर एआईएमआईएम का कब्जा है. जबकि एक सीट गोशमहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टी राजा सिंह विधायक हैं।

### 5.41 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए मृत्यु, पलायन और फर्जी निकला कारण

- चुनाव आयोग ने हैदराबाद जिले की मतदाता सूची से 5.41 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। 15 विधानसभा क्षेत्रों के इन मतदाताओं के नाम इसलिए हटाए गए हैं, क्योंकि इनमें से ज्यादातर की मौत हो गई है, या वह दूसरी जगह चले गए हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में फर्जी वोटरों के नाम भी हटाए गए हैं। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र में छह लाख से अधिक फर्जी वोट होने का दावा करते हुए शिकायत की थी। उनका आरोप था कि असदुद्दीन ओवैसी फर्जी वोटों से चुनाव जीतते हैं।

### हाथ से तीर के इशारे पर रिपोर्ट दर्ज, ओवैसी ने इबातदगाहों की सुरक्षा को बनाया मुद्दा

- हैदराबाद में इस बार ओवैसी और भाजपा के बीच तीखा वार-पलटवार चल रहा है। माधवी लता के एक वीडियो पर खूब सियासत तेज हो रही है। इसमें माधवी लता एक जुलूस के दौरान हाथ से काल्पनिक तीर छोड़ने का इशारा कर रही हैं। आरोप है कि उनका इशारा एक धर्म स्थल की तरफ है। इस मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। माधवी लता की कड़ी चुनौती में फंसे असुदद्दीन ओवैसी ने ध्रुवीकरणके लिए इस मुद्दे को लपक कर धर्म और वोट से जोड़ दिया है। अभी तक वह अपने भाषणों में जहां मुख्तार अंसारी की मौत से लेकर सीएए और एनआरसी के मुद्दे उठा रहे थे, अब इबातदगाहों की सुरक्षा को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है।



# दिल्ली में दो प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस में रार

**ब्यूरो, नई दिल्ली।**

अमृत विचार। दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच हुए सीटों के बंटवारे के बाद कांग्रेस के दो उम्मीदवारों को लेकर पार्टी में अंतरकलह अब चरम पर पहुंच गई है। कन्हैया कुमार और उदित राज की उम्मीदवारी के विरोध में पार्टी कार्यालय के बाहर उस समय जमकर नारेबाजी हुई जब अंदर प्रेस वार्ता चल रही थी।

कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का टिकट काटकर जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम सीट पर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए पूर्व सांसद उदित राज को मैदान में उतारा है। इन दोनों उम्मीदवारों के विरोध को सुलझाने के लिए दिल्ली के प्रभारी दीपक बाबरिया के घर में बैठक बुलाई गई थी। वहां पर भी पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक जय किशन व सुरेंद्र कुमार आदि ने जमकर हंगामा किया था।



दिल्ली के नेताओं का आरोप है कि उदित राज एवं कन्हैया कुमार दिल्ली के नहीं है। जबकि स्थानीय नेताओं की मांग यहां पर ज्यादा है। इसलिए यह दोनों उम्मीदवार बदले जाएं। दोनों उम्मीदवारों को लेकर चल रहे बवाल पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता बुलाई थी। जैसे ही इसकी जानकारी विरोध कर रहे दावेदारों एवं कार्यकर्ताओं को लगी, उन्होंने नारेबाजी की।

पार्टी नेताओं का कहना है कि जिस तरह से चांदनी चौक में पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल को टिकट दिया गया है। ठीक उसी प्रकार उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित और उत्तर पश्चिम दिल्ली से स्थानीय नेताओं को टिकट दिया जाए।



**मांगा समर्थन**

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को जम्मू में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में लोगों को बताया और कहा कि इस बार चार सौ पार का जो नारा है वह मतदाताओं के दम पर पूरा होगा। केंद्रीय मंत्री ने पार्टी उम्मीदवार की जीत के लिए अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद घाटी में आए परिवर्तन और विकास पर भी चर्चा की। जम्मू- कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को भी गिनाया। विरोधी दलों की नीतियों को देश विरोधी बताया।

# 'अब मथुरा की बारी' से साध रहे यादव बिरादरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में भाजपा के क्लीन स्वीप की कमान तो संभाल ही रखी है, इसके साथ ही यूपी और बिहार में यादव बाहुल्य लोकसभा सीटों पर भी भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार में जा रहे हैं।

लेकिन इस प्रचार में एक बात हर जगह देखी जा रही है, मुख्यमंत्री मोहन यादव लगभग हर जगह यादव बिरादरी की अस्मिता का सवाल उठाने के साथ 'अब मथुरा की बारी है' का नारा जरुर दे रहे हैं। यादव बहुल सीटों पर रणनीतिक रूप से भाजपा की तरफ से मोहन यादव को यादव मतदाताओं को कमल निशान की तरफ मोड़ने के लिए उतारा गया है।

इसके लिए मोहन यादव के यादव बहुल क्षेत्रों में दौरे और सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यूपी में आकर मथुरा, आगरा, अलीगढ़ और ब्रज क्षेत्र के साथ-साथ देश-विदेश के कृष्ण भक्तों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए कृष्ण जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण की मांग की थी और इसे यादव समाज के सम्मान के साथ जोड़ा था। मध्य प्रदेश के छतरपुर में तो मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि पार्टी अब मथुरा की तैयारी कर रही है। इसके लिए भाजपा को वोट देना पड़ेगा।



# मजदूरों के घोषणापत्र में मोदी को हटाने की भरी गई हुंकार

**शिमला।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के हिमाचल प्रदेश के सोलन में हुए अधिवेशन में लोकसभा चुनाव में 'मोदी हटाओ देश बचाओ' अभियान मजबूत करने के लिए मजदूरों का घोषणा पत्र जारी किया गया।

अधिवेशन में मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भाजपा को हराने का आह्वान किया गया। नेताओं ने कहा कि पिछले दस साल से मोदी सरकार लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्ष और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए 44 श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मोदी सरकार की कारगुजारियों के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और मंहगाई आसमान छू रही है। अग्निवीर योजना लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश के प्राकृतिक व सार्वजनिक संसाधनों को मोदी सरकार अपने चंद कॉरपोरेट मित्रों के हवाले करने में लगी है। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक मुद्दों पर देश का विभाजन करने की नापाक कोशिश की जा रही है।



- **सीटू ने सोलन के अधिवेशन में दस साल के कामकाज को कोसा**
- **अग्निवीर योजना और महंगाई पर सरकार को घेरने की कोशिश**

# कांग्रेस खाता खोलने तो भाजपा जीत का अंतर बढ़ाने में जुटी

**भोपाल। मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में पहले चरण की छह सीटों पर मतदान के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के बीच घमासान दूसरे चरण की छह सीटों पर बढ़ गया है। दूसरे चरण में खजुराहो, दमोह, टीकमगढ़, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन सीटों पर 75 पुरुष, चार महिलाएं और एक थर्ड जेंडर समेत 80 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना में हैं। दमोह, खजुराहो और रीवा में 14-14 और होशंगाबाद में 12 तथा टीकमगढ़ में सात प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है।**



### टीकमगढ़ : जातीय गोलबंदी व बाहरी के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री को घेरने की कोशिश

- भाजपा से सात बार के सांसद केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के सामने कांग्रेस ने नए चेहरे के रूप में पंकज अहिरवार को उतारा है। उनकी इलाके में ज्यादा पहचान नहीं है। इसे देखते हुए कांग्रेस यहां स्थानीय बनाम बाहरी को मुद्दा बना रही है। भाजपा सांसद के खिलाफ थोड़ी नाराजगी की बात कही जा रही है, लेकिन मोदी के नाम पर लोग भाजपा के समर्थन में हैं। इस सीट पर अहिरवार मतदाताओं की संख्या करीब पांच लाख है। कांग्रेस की कोशिश इन्हें लामबंद करने की है।



### होशंगाबाद: भाजपा के मजबूत गढ़ में कांग्रेस कर रही सेंध लगाने का प्रयास

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा के दर्शन सिंह का सामना कांग्रेस के दो बार के विधायक संजय शर्मा कर रहे हैं। वह पहले भाजपा में रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने प्रभाव से चुनाव अभियान चला रहे हैं, लेकिन यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ है। मोदी के चेहरे का लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है। इस क्षेत्र से प्रहलाद पटेल, राव उदय प्रताप सिंह और नरेंद्र शिवाजी पटेल तीन मंत्री आते हैं। भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है।



### खजुराहो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को वॉक ओवर, गठबंधन से प्रत्याशी नहीं

- इस सीट पर 1989 से भाजपा का दबदबा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एक बार फिर मैदान में हैं। कांग्रेस ने यादव वोटों की बहुलता देखते हुए यह सीट गठबंधन के सहयोगी दल सपा को दी थी, लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद हो जाने से अब इंडी गठबंधन को फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति को समर्थन देना पड़ा है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा को वॉक ओवर मिल गया है। जानकार यहां चुनाव एकतरफा मान रहे हैं।



### सतना : रोचक त्रिकोणीय मुकाबला बढ़ा रहा भाजपा सांसद की मुश्किल

- यहां मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। भाजपा सांसद गणेश सिंह के सामने कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को उतारा है। बसपा से पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव में सिद्धार्थ कुशवाहा ने गणेश सिंह को हराया था। अब फिर दोनों आमने-सामने हैं। बसपा प्रत्याशी कैडर और ब्राह्मण वोटों के सहारे हैं। कुर्मी वोट गणेश सिंह और कुशवाहा वोट सिद्धार्थ में बंट सकते हैं, जिनकी हिस्सेदारी लगभग बराबर है। ऐसे में 22 फीसदी ब्राह्मण वोट निर्णायक होंगे।

### दमोह: लोधी बनाम लोधी की रोचक लड़ाई

यहां दो पूर्व विधायकों के बीच जंग है। भाजपा ने हाल ही में कांग्रेस छोड़कर आए पूर्व विधायक राहुल लोधी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी को मुकाबले में उतारा है। इस सीट पर लोधी वोटर निर्णायक माना जाता है। ऐसे में लोधी बनाम लोधी की टक्कर दिलचस्प हो गई है।



विधानसभा चुनाव मंन भाजपा ने जिले में बढ़िया प्रदर्शन किया था। भाजपा मोदी का चेहरे और गारंटी पर वोट मांग रही है। पार्टी के जयंत मलैया और प्रहलाद पटेल गुट एकजुट होकर बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा उछाल रहे हैं, जवाब में कांग्रेस बिकाऊ के मुकाबले टिकाऊ का नारा देकर चुनाव लड़ रही है।

### रीवा: कांटे की टक्कर में ब्राह्मण वोटों को लेकर भाजपा और कांग्रेस में मचा है घमासान

यहां जनार्दन मिश्रा भाजपा के टिकट पर तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने विधायक अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को मुकाबले में उतारा है। जानकार दोनों के बीच कांटे की टक्कर मान रहे हैं। इस सीट पर जीत के लिए भाजपा ने पूरा अभियान मोदी के चेहरे पर केंद्रित कर रखा है, जबकि कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को उठा रही है। यहां ब्राह्मण वोटों पर घमासान मचा है।



## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक--985 फ्लैग- 1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 84300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55900-56100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,550 |
| सोना रवा | 75,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,700 |
| चांदी (999) | 83,600 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74300 |
| सिल्वर (पक्की) | 825 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,400 |
| चांदी आभूषण | 83,300 |

## लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, दाल उड़द- 115, साबुत मसूर दाल- 105, मसूर दाल- 80-105, उड़द साबुत- 125-140, काबुली चना- 115-130 अरहर दाल- 170 लोबिया/करमानी- 125 सोयाबीन- 72 मूंगफली- 70 मटर (सूखी)- 55-64 मक्का- 22

# सेंसेक्स ने 560 अंकों की लगाई छलांग निफ्टी भी 22,300 के हुआ पार

### एशियाई-यूरोपीय बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से घरेलू सूचकांक में आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**



एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी आने से सोमवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछलकर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 73,648.62 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में यह 679.47 अंक बढ़कर 73,767.80 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 189.40 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स समूह में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.93 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड में सर्वाधिक 2.53 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.65 प्रतिशत की बढ़त रही।

#### भू-राजनीतिक तनाव कम होने से बदला बाजार का रुख

एचडीएफसी सिक्योरिज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के नरम पड़ने से सोमवार को अधिकांश वैश्विक बाजारों में तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट निचले स्तर पर बंद हुआ। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को मिश्रित रुख के साथ बंद हुए थे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया के तनाव में कुछ राहत मिलने से भारतीय बाजार ने पिछले शुक्रवार के सुधारात्मक रुख को जारी रखा। मझोली और छोटी कंपनियों के प्रति नए सिरे से रुझान बढ़ने से पुनरुद्धार सभी क्षेत्रों में देखा गया। कच्चे तेल की कीमतों में कुछ राहत दिखी है लेकिन अभी भी यह ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.80 प्रतिशत गिरकर 86.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## जोमैटो ने मंच शुल्क बढ़ाकर प्रति ऑर्डर पांच रुपये किया

**नई दिल्ली।** होटल से खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला ऑनलाइन मंच जोमैटो ने चुनिंदा बाजारों में अपने शुल्क को 25 प्रतिशत बढ़ाकर चार से पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। कंपनी के ऐप के मुताबिक उसने अपनी अंतर-शहरी फूड डिलिवरी सर्विस इंटरसिटी लीजेंड्स को भी रोक दिया है। जोमैटो के प्रवक्ता ने कहा कि यह कारोबारी कदम है जिन्हें हम समय-समय पर विभिन्न कारकों के आधार पर लेते हैं। सूत्रों के मुताबिक मंच शुल्क में बढ़ोतरी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में लागू होगी। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में प्रति ऑर्डर मंच शुल्क पिछले अगस्त से लेना शुरू किया था। उस समय यह दो रुपये प्रति ऑर्डर था। इससे धीरे-धीरे बढ़ाकर अब पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया गया है।

# सौर क्षेत्र में वित्तपोषण 4% घटकर 8.1 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक रहा

ऊंची लागत और आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े मसले के कारण जनवरी-मार्च अवधि में वैश्विक स्तर पर सौर क्षेत्र में कंपनियों का वित्तपोषण चार प्रतिशत घटकर 8.1 अरब डॉलर रह गया।

अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने सोमवार को रिपोर्ट में कहा कि सौर क्षेत्र में पिछले साल की समान तिमाही में 8.4 अरब डॉलर का निवेश आया था। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में मार्च तिमाही में वित्तपोषण 47 प्रतिशत अधिक रहा। मेरकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज प्रभु ने कहा कि सौर क्षेत्र अनिश्चितता और चुनौतीपूर्ण निवेश का सामना कर रहा है। यह क्षेत्र कई बाधाओं से जूझ रहा है, जिसमें लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका, मुद्रास्फीति से निर्माण एवं श्रम की लागत बढ़ने और व्यापार विवादों एवं सीमा शुल्क के साथ आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में इकोफी ने 1.08 करोड़ डॉलर का निवेश पाया, इनसोलार ने 80 लाख डॉलर जुटाए, और मेटाफिन ने उद्यम पूंजी (वीसी) वित्तपोषण से 50 लाख डॉलर की इक्विटी वित्त जुटाया। घरेलू ऋण वित्तपोषण खंड में रिन्यू ने 28.83 करोड़ डॉलर मूल्य के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर का पुनर्वित्तपोषण किया। एम्पइन एनर्जी ट्रांजिशन ने 2.69 करोड़ डॉलर का निवेश जुटाया जबकि हस्क पावर सिस्टम्स को दो करोड़ डॉलर मिले।

# आवासीय परियोजनाओं में 1500 करोड़ निवेश करेगी एक्सपीरियन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आवासीय संपत्तियों की मांग में तेज वृद्धि के बीच रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स अपनी विस्तार योजनाओं के तहत नोएडा में लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

गुरुग्राम स्थित एक्सपीरियन डेवलपर्स ने अपनी नई परियोजना 'एक्सपीरियन एलिमेंट्स' को रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण रेरा के साथ पंजीकृत किया है। यह एक्सपीरियन होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (सिंगापुर) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एक्सपीरियन डेवलपर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नागराजू राउथू ने कहा कि कंपनी नोएडा में प्रवेश कर रही है, जो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजार है। कंपनी ने आवासीय परियोजना को विकसित करने के लिए नीलामी प्रक्रिया के जरिए राज्य सरकार से जमीन खरीदी है। निवेश के बारे में पूछे जाने पर राउथू ने कहा कि यह करीब 1500 करोड़ है। इस परियोजना में 3बीएचके अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है।

## टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को सीईओ किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि काले ने 19 अप्रैल को सीईओ का पद संभाल लिया था। टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि मैं गजानन का टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं। बिजली वितरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले काले निश्चित तौर पर टाटा पावर-डीडीएल को कामयाबी की नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।

टाटा पावर के अध्यक्ष (टी एंड डी) संजय बांगा ने कहा कि गजानन वितरण क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर हैं मुझे पूरा यकीन है कि उनके नेतृत्व में टाटा पावर-डीडीएल उद्योग जगत में नई उपलब्धियां हासिल करेगी। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का संयुक्त उद्यम है।

# भारत के लिए 7% की वृद्धि दर को बनाए रख पाना संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विनिर्माण व बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से आर्थिक वृद्धि दर 8% रहने की संभावना

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिडे ने सोमवार को कहा कि अनुकूल मानसून, उच्च कृषि उत्पादकता और बेहतर वैश्विक व्यापार के दम पर चालू वित्त वर्ष और उसके बाद भी भारत के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर को बनाए रख पाना मुमकिन है। हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विनिर्माण और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत रहने की संभावना है।

भिडे ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी समर्थन मिलने की संभावना है। सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना संभव लगता है। लंबी अवधि में खाद्य मूल्य स्थिरता हासिल करने के लिए उत्पादकता में सुधार की जरूरत प्रमुख कारक बनी रहेगी। सजग करने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के बारे में पूछे जाने पर एमपीसी सदस्य ने कहा कि चिंता का एक क्षेत्र वैश्विक परिवेश है। वैश्विक मांग में सुधार की गति धीमी है और आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान है। यदि मौजूदा भू-राजनीतिक संघर्षों को जल्द खत्म नहीं किया गया तो यह मांग के साथ लागत कीमतों के मामले में भी बड़ी चुनौती पैदा करेगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### उत्तरी दिल्ली में गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में चार हमलावरों ने सोमवार को गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि नरेन्द्र मलिक को छह से सात गोलियां लगीं और एसआरएचसी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि यह गैंग वार का मामला है क्योंकि नरेन्द्र गोगी गिरोह का था। दोपहर दो बजे मलिक तरुण और अमित के साथ दयाल मार्केट में टाटा एस वाहन में बैठा था, तभी चार लोग बाइक से आए और उन्होंने मलिक पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अमित वहां से भाग निकला जबकि तरुण के पैर में चोट लगी है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। डीसीपी ने कहा कि मलिक 2017 में हुई लूट और 2019 में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले में शामिल था। हमने जांच के लिए छह टीम गठित की हैं। तरुण के पुलिस रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। हमें महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। हम घटना की सीसीटीवी फुटेज हासिल कर रहे हैं और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में श्रीनगर में नौ स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए अधिकारियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर कार्रवाई की। एजेंसी 2022 में दर्ज किए गए मामले के तहत आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों से संबंधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मामले में संदिग्ध लोग द रेसिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े हैं, जो लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा है। लश्कर और टीआरएफ दो प्रतिबंधित संगठन हैं और ये संगठन कश्मीरी युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल होने के लिए लगातार उकसाने में शामिल रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों संगठन युवाओं को बहला-फुसला कर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए तैयार करते हैं और ये संगठन ट्विटर, टेलीग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय हैं।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से गड़िया (18) की मौत हो गई। पटेलपारा मुतवेंडी गांव का रहने वाला गड़िया 20 अप्रैल को मुतवेंडी गांव से तीन किमी दूर किसी काम से गया था कि तभी वह नक्सलियों द्वारा लगाए आईईडी के संपर्क में आ गया, जिससे विस्फोट हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पिछले दिनों नैमेड थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से एक अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया था। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सली जंगल के रास्तों में आईईडी लगा देते हैं, जिसमें ग्रामीण भी हताहत होते हैं।

### पंजाब पुलिस ने तस्कर को किया गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गमदूर सिंह उर्फ विक्की के साथ अंतर्राज्यीय हथियार कार्टेल चलाने वाले मलकीत सिंह उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल, 10 कारतूस और 10 मैगजीन बरामद कीं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि आरोपी मलकीत सिंह उर्फ नवाब गोपी घनशामपुरिया और हैरी चड्ढा गिरोह का सहयोगी और सदस्य है। नवाब के खिलाफ पहले से ही लगभग 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं, और गिरोह से अब तक लगभग 100 अवैध हथियार बरामद किये गये हैं।

# बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए 2016 की भर्ती परीक्षा रद

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने चयन प्रक्रिया से हुई नियुक्तियों को अमान्य करार दिया

**कोलकाता, एजेंसी**



- 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने दी थी परीक्षा और 25,753 नियुक्ति पत्र किए गए थे जारी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की चयन प्रक्रिया के जरिए हुई नियुक्तियों को रद करते हुए सोमवार को इसे अमान्य करार दे दिया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार राशिदी की खंडपीठ ने सीबीआई को नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में और जांच करने तथा तीन महीनों में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) को नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया।

24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 2016 एसएलएसटी परीक्षा दी थी। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि 25,753 नियुक्ति पत्र जारी हुए थे। खंडपीठ ने आदेश पर रोक के कुछ अपीलकर्ताओं के अनुरोध को रद कर दिया। एसएससी अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि आयोग पूरा आदेश पढ़ने के बाद उच्चतम न्यायालय में अपील करेगा और उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देगा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद उसके परिसर के बाहर इंतजार कर रहे सैकड़ों आकांक्षी खुशी में रो पड़े। उनमें से एक ने कहा कि हम इस दिन का इंतजार कर रहे थे। सड़कों पर किए संघर्ष के बाद आखिरकार न्याय मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित खंडपीठ ने एसएलएसटी-2016 के जरिए नौवीं, दसवीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं के शिक्षकों तथा ग्रुप-सी और डी पदों पर एसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित कई याचिकाओं तथा अपीलों पर सुनवाई की। सुनवाई 20 मार्च को पूरी हुई थी और पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने एसएलएसटी-2016 में बैठे लेकिन नौकरी न पाने वाले अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था।

#### पूर्व न्यायाधीश गंगोपाध्याय ने मुख्यमंत्री ममता के इस्तीफे की मांग की



**तामलुक।** हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने अदालत के फैसले को उचित करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तत्काल इस्तीफे की मांग की। गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। गंगोपाध्याय ने कहा कि राज्य प्रशासन में घोटाला करने वाले पूरे समूह को फांसी दे देनी चाहिए।

#### उच्च न्यायालय का आदेश अवैध, इसे चुनौती देंगे: ममता बनर्जी



**रायगंज।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गईं नियुक्तियों को रद करने के हाईकोर्ट के आदेश को अवैध करार देते हुए कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी। बनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में चुनावी रैली में भाजपा पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया।

# धुएं से लोगों को सांस लेने में हो रही है दिक्कत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल' (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग से निकलने वाले जहरीले धुएं से लोगों ने सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत की। भीषण आग लगने के कुछ घंटों बाद भी सोमवार को धुएं का गुबार उठ रहा है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, कचरे के पहाड़ से उत्पन्न गैस से रविवार शाम 'लैंडफिल' में आग लग गई। दमकल सेवा के महानिदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूटने से टिन पैनल से बनी दीवार भी गिर गई। पोल्ट्री मार्केट की तरफ कई मीटर लंबी दीवार खड़ी की गई थी। घड़ोली के ग्रामीणों ने बताया कि 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं बहुत जहरीला है। हम जलन से आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। धुएं से वे बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं।

#### लैंडफिल में आग

**पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट मांगी**

दिल्ली सरकार ने आग की वजहों और गर्मियों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए कार्य योजना पर पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट देने का सोमवार को निर्देश दिया। राय द्वारा जारी आदेश में पर्यावरण और वन विभाग के प्रधान सचिव को 48 घंटे में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

**घटना की जांच होगी: आतिशी**

आतिशी ने कहा कि लैंडफिल साइट में लगी आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी। कल उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल ने साइट का दौरा किया था। आज महापौर शैली ओबेरॉय स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल का दौरा करेंगी। दमकल की गाड़ियां रात भर घटनास्थल रहीं और आग पर काबू पा लिया है।

**पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी**

घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, गाजीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मणिपुर के 11 केंद्रों पर पुनर्मतदान में हुए 37.54 प्रतिशत मतदान

**इंफाल, एजेंसी**

- शुक्रवार को दंगे जैसी स्थिति के कारण इन केंद्रों पर मतदान हुआ था प्रभावित
- आयोग ने 19 अप्रैल को अमान्य घोषित कर पुन: मतदान कराने का दिया था निर्देश

इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर पूर्वाह्न 11 बजे तक हुए पुनर्मतदान में 37.54 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को इन मतदान केंद्रों पर कराए गए मतदान को अमान्य घोषित कर दिया था, जिसके बाद आयोग के निर्देश के बाद नये सिरे से इन केंद्रों पर मतदान कराने का निर्णय लिया गया।

निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा कि सभी 11 केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए सुबह से ही कतार में खड़े हुए हैं। शुक्रवार को दंगे जैसी स्थिति से इन मतदान केंद्रों पर मतदान प्रभावित हुआ था। सोमवार को अब तक किसी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसा होने की सूचना नहीं मिली है। वहीं इन केंद्रों पर पुनर्मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ।

संघर्ष ग्रस्त मणिपुर में कुछ मतदान केंद्रों पर गोलीबारी, तोड़-फोड़, ईवीएम को नष्ट करने और बूथ पर कब्जा करने के आरोपों की घटनाएं सामने आईं थी। शुक्रवार को इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर लोकसभा सीट पर 72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। वहीं इन घटनाओं के निर्वाचन आयोग ने इन केंद्रों पर दोबारा से मतदान कराने का निर्देश राज्य निर्वाचन अधिकारी को दिया था।

#### अरुणाचल प्रदेश में आठ केंद्रों पर पुनर्मतदान का आदेश

**ईटानगर।** निर्वाचन आयोग ने अरुणााचल प्रदेश में आठ केंद्रों पर पुन: मतदान कराने का आदेश दिया है जहां 19 अप्रैल को एकसाथ कराये लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी और हिंसा होने की जानकारी सामने आयी थी। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी लिकेन कोयु ने कहा कि आयोग के रविवार के आदेश में इन आठ केंद्रों पर मतदान को अमान्य घोषित किया और 24 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर दो बजे तक नए सिरे से मतदान कराने का आदेश दिया।

## झारखंड के प. सिंहभूम में 3.24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव से पहले प. सिंहभूम जिले में प्रशासन ने 3.24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया है। माओवाद प्रभावित सिंहभूम जिले में 13 मई को मतदान होगा। जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि चुनाव से पहले सघन अभियान शुरू कर 2162 किग्रा चूरापोस्त (मादक पदार्थ) जब्त किया है। एसपी आशुतोष शेखर के साथ चौधरी ने मादक पदार्थ एवं अवैध धन के प्रसार पर रोक लगाने के लिए अभियान की अगुवाई की। वाम चरमपंथ से प्रभावित जिलों में पिछले साल 46 माओवादी घटनाओं में 22 लोगों की जान गयी थी।

# कर्नाटक में मुस्लिम समुदायों ने नेहा के हत्यारोपी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**धारवाड़ (कर्नाटक), एजेंसी**

कॉलेज छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या के मामले में सोमवार को मुस्लिम पुरुष और महिलाएं सामने आईं और हिंदू मृतक छात्रा के परिवार का समर्थन करते हुए अपने ही समुदाय के आरोपी फैयाज खोंडुनाईक के खिलाफ प्रदर्शन किया।

हिरेमथ के परिवार के साथ एकजुटता दिखाने और इस नृशंस कृत्य की निंदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की दुकानें आधे दिन के लिए बंद रहीं। दुकानदारों ने पोस्टर लगाया जिस पर लिखा था, नेहा हिरेमथ को न्याय दो। अंजुमन-ए-इस्लाम की धारवाड़ इकाई के नेतृत्व में मुस्लिम छात्रों ने भी बैनर और तख्तियां लेकर शहर में एक मार्च निकाला, जिन पर लिखा था, एक मनुष्य की हत्या मानवता की हत्या के बराबर है और छात्राओं का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। चूंकि भाजपा भी नेहा हत्याकांड के खिलाफ अपने राज्यव्यापी विरोध के तहत शहर में प्रदर्शन कर रही है इसलिए इस दौरान आरक्षित पुलिस बलों की तैनाती के साथ व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# महिला पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव के आरोप में 7 पर केस

**बेलगावी, एजेंसी**

- कर्नाटक में मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने पीड़िता से किया दुष्कर्म, लीं तस्वीरें

कर्नाटक में मुस्लिम दंपति सहित सात लोगों पर विवाहित महिला को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया है। आरोपियों ने महिला को धमकी दी कि यदि उसने उनकी बात नहीं मानीं, तो वे उसकी तस्वीरें वायरल कर देंगे। पीड़िता की शिकायत पर सौंदत्ती में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

पीड़िता के अनुसार जो हिन्दू और विवाहित है, मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उनसे दुष्कर्म किया। आरोपी ने महिला से यौन संबंध बनाए और तस्वीरें लीं, जिनका इस्तेमाल कर उसे धर्म परिवर्तन के लिए ब्लैकमेल किया गया। रफीक ने उस पर अपने पति से तलाक लेने, धर्म बदलने के लिए राजी नहीं होने पर तस्वीरों को वायरल करने, मारने की धमकी दी। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने कहा कि दंपति ने बुर्का पहनाया और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। संदिग्धों ने महिला को बेलगावी में रहने और आदेशों का पालन करने के लिए मजबूर किया था।

#### कर्नाटक पुलिस को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक में महिला से दुष्कर्म और धर्मांतरण पर राज्य पुलिस को नोटिस भेजकर तीन दिन में जवाब देने को कहा है। आयोग ने बताया कि कर्नाटक में 28 वर्षीया महिला से दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण की खबरें मीडिया में हैं जो चिंताजनक और निंदनीय हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मामले को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है और तीन दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने को कहा है। आयोग ने कहा है कि कर्नाटक में महिलाओं के बलपूर्वक धर्मांतरण के मामले बढ़ रहे है।

**आज का मुकाबला**
चेन्नई बनाम लखनऊ
समय : शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 06 | 324 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| हर्षल पटेल | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |

# हार से ऊर्जा और खिताब पाने की मिली प्रेरणा : गुकेश

नई दिल्ली, एजेंसी

अधिकांश खिलाड़ियों के लिये जीत सबसे बड़ी प्रेरणा होती है लेकिन इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश उनमें से नहीं हैं। उनका कहना है कि सातवें दौर में फिरोजा अलीरजा से हारने के बाद उन्हें सबसे युवा कैंडिडेट्स शतरंज चैंपियन बनने की प्रेरणा मिली।

चेन्नई के 17 वर्ष के गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन और मां माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने चौदहवें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह इस साल के आखिर में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गुकेश ने टोरंटो से कहा कि मैं शुरू ही से अच्छा महसूस कर रहा था लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था। अगले दिन विश्राम का था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है।

गुकेश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे ही भारतीय हैं। उन्होंने गैरी कास्पोरोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा चैलेंजर बने थे। दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा शुरू ही से फोकस प्रक्रिया पर भरोसा करने पर, सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था। पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे।

- कैंडिडेट्स शतरंज प्रतियोगिता के सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद चेन्नई के 17 वर्षीय युवा ने रचा इतिहास



### खुश हूं, इत्मीनान है कि आखिरकार जीत गया

यह पूछने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है, गुकेश ने कहा यह खूबसूरत पल था। मैं बहुत खुश था और इत्मीनान है कि आखिर जीत गया। गुकेश को जीत के लिये ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा मैं टाइब्रेकर की तैयारी कर रहा था। मैं अपने ट्रेनर से बात कर रहा था लेकिन जैसे ही बातचीत शुरू की, हमें पता चला कि अब इसकी जरूरत नहीं है।

# अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी : नकवी

कराची, एजेंसी



- भारत के साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने को लेकर बोले पीसीबी अध्यक्ष

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट शृंखला खेलना शानदार होगा। नकवी ने कहा देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है।

## खेल डायरी

### भारत को अमेरिकी पिकलबॉल प्रतियोगिता में 10 पदक

**मुंबई।** स्ताव्य भसीन, धीरेन पटेल और हेमल जैन ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में 10 पदक जीतने में सफल रहा। भारत ने फ्लोरिडा में 14 से 20 अप्रैल तक हुई इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। भसीन ने जूनियर एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि पटेल पुरुष एकल 5 .0 में शीर्ष पर रहे। हेमल ने पुरुष एकल 3 .5 में शीर्ष स्थान हासिल किया। भसीन ने पुरुष युगल 5 .0 में रजत और जूनियर पुरुष युगल तथा जूनियर मिश्रित युगल में कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते। रोनव मोटवानी ने पुरुष युगल 5 .0 और जूनियर एकल में दो रजत पदक जीतने के अलावा जूनियर पुरुष युगल में कांस्य पदक जीता। पुरुष एकल 5 .0 में हिमांशु देवास्कर ने कांस्य पदक के साथ भारत के पदकों की संख्या को दोहरे अंक तक पहुंचाया।

### सिटसिपास को हराकर रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन



**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

### ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने वाली धावक पर लगा प्रतिबंध

**मोनाको।** तोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 तोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी।

### भावेश, सिमरनप्रीत ने 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल जीता

**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया।

### रमित टंडन व एल गोयूना स्क्वाश टूर्नामेंट में हारे

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन को मिस्र में एल गोयूना अंतर्राष्ट्रीय ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले टंडन को 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट में पेरू के खिलाड़ी ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी टंडन अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इससे पहले दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया था।

# तिलक के अर्धशतक से संभली मुंबई

## राजस्थान रॉयल्स को दिया 180 का लक्ष्य, संदीप ने झटके पांच विकेट, वढेरा अर्धशतक से चूके

जयपुर, एजेंसी

तिलक वर्मा के अर्धशतक और निहाल वढेरा के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियन्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 179 रन बनाए।

वर्मा ने 45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से 65 रन की पारी खेलने के अलावा वढेरा (49) के साथ पांचवें विकेट के लिए 99 रन जोड़कर टीम को खराब शुरुआत से उबरा जो 52 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। वढेरा ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और तीन चौके मारे। रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा (18 रन पर पांच विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट (32 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल (48 रन पर एक विकेट) और आवेश खान (49 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई इंडियन्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में छह रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा (06) और इशान किशन (00) के विकेट गंवा दिए।

ट्रेंट बोल्ट के पारी के पहले ओवर में ही बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रोहित गेंद को हवा में लहरा गए और विकेटकीपर संजू सैमसन ने आसान कैच लपका। अगले ओवर में संदीप शर्मा ने इशान को कप्तान सैमसन के हाथों कैच कराके मुंबई को दूसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव (10) ने बोल्ट पर दो चौके मारे लेकिन संदीप की गेंद को मिड ऑन पर रोवमैन पावेल के हाथों में खेल गए। मोहम्मद नबी (23) ने आवेश खान की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके लगाए जिससे टीम ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 45 रन बनाए। युजवेंद्र चहल नबी को अपनी ही गेंद पर लपककर आईपीएल में 200 विकेट के आंकड़े को छूने वाले पहले गेंदबाज बने और मुंबई का स्कोर चार विकेट पर 52 रन किया।

वर्मा ने रविचंद्रन अश्विन पर छक्का और आवेश पर चौका मारा जबकि निहाल वढेरा ने चहल की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। वढेरा ने अश्विन की गेंद पर दो रन के साथ 13वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर आवेश पर दो छक्कों के साथ उनके ओवर में 19 रन बटोरे।

वर्मा ने चहल पर छक्के के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि वढेरा ने भी इसी ओवर में लगातार दो छक्के मारकर 16वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। वढेरा हालांकि अगले ओवर में बोल्ट की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर संदीप को आसान कैच दे बैठे। कप्तान हार्दिक पंड्या 10 गेंद में 10 रन बनाने के बाद आवेश की गेंद पर पगबाधा हुए। वर्मा ने पारी के अंतिम ओवर में संदीप की पहली गेंद पर पावेल को कैच थमाया। संदीप ने इसके बाद गेराल्ड कोएट्जी (00) और टिम डेविड (03) को आउट करके पारी में पांच विकेट पूरे किए।



रोहित का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते ट्रेंट बोल्ट। ● एजेंसी

**मुंबई 179/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट | 6 | 5 | 1/0 |
| इशान किशन का सैमसन बो संदीप | 0 | 3 | 0/0 |
| सूर्यकुमार यादव का पावेल बो संदीप | 10 | 8 | 2/0 |
| तिलक वर्मा का पावेल बो संदीप | 65 | 45 | 5/3 |
| मोहम्मद नबी का एवं बो चहल | 23 | 17 | 2/1 |
| निहाल वढेरा का संदीप बो बोल्ट | 49 | 24 | 3/4 |
| हार्दिक पंड्या पगबाधा बो आवेश | 10 | 10 | 1/0 |
| टिम डेविड का पराग बो संदीप | 3 | 5 | 0/0 |
| गेराल्ड कोएट्जी का हेटमायर बो संदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| पीयूष चावला नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 2 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-32-2, संदीप 4-0-18-5, आवेश 4-0-49-1, अश्विन 4-0-31-0, चहल 4-0-48-1

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

### बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे नडाल



**बर्लिन।** महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था।

नडाल ने कहा अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं। नडाल लंबे समय से चोटों से जूझ रहे है और इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप इनडोर पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप के बीच खेली जाती है।

# चेपॉक में मिलेगी लखनऊ को चुनौती

चेन्नई, एजेंसी

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था।

केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई।





- पिछले सप्ताह लखनऊ में चेन्नई सुपर किंग्स को करना पड़ा था हार का सामना

# भाग्यशाली थे कोहली का विकेट मिल गया : सॉल्ट

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर हर्षित की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला होता है। सॉल्ट ने कहा कि इस फैसले पर अलग-अलग मत हो सकता है। हमारे नजरिए से हम खुशकिस्मत थे कि यह फैसला हमारे पक्ष में रहा।



- इंग्लैंड के बल्लेबाज ने समझाया कैसे काम करती है हॉक-आई प्रणाली

### कोहली पर लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है।

## बॉलीवुड हलचल

# फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हुमा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी आने वाली फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। हुमा कुरैशी इन दिनों विपुल मेहता के निर्देशन में बन रही फिल्म गुलाबी की शूटिंग गुजरात में कर रही है। इस फिल्म का निर्माण जिसे जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे और इकोलोन प्रोडक्शंस के विशाल राणा कर रहे हैं।यह फिल्म अहमदाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हुमा ऑटो रिक्शा ड्राइवर की भूमिका निभा रही हैं। वह ऑटो रिक्शा चलाने के साथ-साथ पढ़ना चाहती है और दूसरे लोगों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हुमा कुरैशी फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विशाल राणा ने बताया, हम तपती गर्मी की चुनौतियों बीच वहां के क्षेत्रीय लोगों के साथ शूट कर रहे हैं। हुमा बहुत सशक्त अभिनेत्री हैं। वह बिना किसी शिकायत के दिन के बारह-बारह घंटे शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने काफी लंबा और सशक्त सीन सिर्फ एक टेक में शूट किया। कैमरे के सामने वह जितने शानदार तरीके से विविध भावनाएं प्रस्तुत करती हैं, उससे हम सब बहुत प्रभावित हैं।



### अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपनी आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ''कल्कि 2898 एडी'' के निर्माताओं ने इस फिल्म में अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म का एक छोटा सा टीजर वीडियो शेयर किया गया, जिसमें देखने को मिला कि सफेद कपड़े से ढका हुआ एक शख्स गुफा में बैठकर शिव लिंग की पूजा कर रहा है। फिर एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है, जो उससे पूछ रहा है कि क्या तुम मर नहीं सकते, तुम भगवान हो। कौन हो तुम। इसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं मैं द्वापर युग से दशावतार की प्रतीक्षा कर रहा हूं। द्रोणाचार्य का पुत्र हूं अश्वत्थामा। नागअश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।



### युकी ने बीएमडब्ल्यू ओपन टेनिस में जीता युगल खिताब



**म्यूनिख।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है।

इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरुआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था।

# मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम के 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने वाली मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था। अपने चयन को लेकर मरीना ने कहा कि जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था और मेरी आँखे भर आई। मुझे हमेशा आत्मविश्वास था मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की।

उन्होंने कहा मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में मेरा ध्यान भारतीय टीम की टीम में जगह बनाना है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिज़ोरम के थेनजॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया।



- 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने पर मिजोरम की युवा मिडफील्डर मरीना ने जताई खुशी
- 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप व 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में जाना है लक्ष्य

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# अमेरिकी सेना में शामिल होंगे भारतीय सेना के प्रतिनिधि

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिकी सेना में जल्द ही भारतीय सैन्य प्रतिनिधियों की तैनाती होने जा रही है। कर्नल रैंक के ये प्रतिनिधि 3 अमेरिकी सैन्य कमांड में रहेंगे। इसका फैसला पिछले साल जून में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था।

अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक ऐसा पहली बार हो रहा है जब अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने किसी देश के सैन्य प्रतिनिधि को अपनी तीनों प्रमुख कमांड में रहने का मौका दिया है। कमांड में भारतीय प्रतिनिधि की लायजनिंग ऑफिसर के तौर पर मौजूदगी का मकसद दोनों देशों के बीच अहम सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। इससे अमेरिका और भारत के रक्षा बलों के बीच संचालन क्षमता भी बढ़ेगी। फैसले के मुताबिक भारत की कमांड में भी अमेरिकी रक्षा अधिकारी तैनात होंगे। दोनों देशों का मानना है कि एक-दूसरे की सेना में इस तरह की नियुक्ति से आपसी सैन्य सहयोग बढ़ेगा। बता दें कि इस समय भारत दुनिया के विभिन्न देशों में अपने रक्षा प्रतिनिधि तैनात कर रहा है। अभी 62 देशों में भारत के रक्षा सलाहकार मौजूद हैं। इनकी संख्या 2030 तक बढ़ाकर 75 की जाएगी।

## भारतीयों की यूरोप यात्रा को आसान बनाएगा शेंगेन वीजा

**लंदन।** भारत से यूरोपीय संघ के देशों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अब पांच साल के लिए मल्टीपल एंट्री वाले शेंगेन वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दरअसल इस संबंध में भारतीयों के लिए यूरोपीय संघ द्वारा कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। यूरोपीय संघ के भारतीय राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि यह नई व्यवस्था से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने बताया कि भारत के लोगों के लिए इस वीजा के लिए 18 अप्रैल को कुछ नियमों में परिवर्तन किया गया। ये नियम वर्तमान वीजा के मानकों से कुछ अलग हैं। तीन वर्षों के भीतर दो वीजा प्राप्त करने और उनका वैध रूप से उपयोग करने वाले भारतीय नागरिकों को अब दो साल के लिए बहु-प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) शेंगेन वीजा जारी किया जाएगा।

# पिछले साल सांसदों-विधायकों पर दर्ज 2 हजार मामलों का हुआ निपटारा

*सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया गया कि पिछले साल देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज कुल मामलों में से दो हजार से ज्यादा मामलों में फैसला हुआ। वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने एक हलफनामा दायर कर यह जानकारी दी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें मांग की गई है कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जानी चाहिए। इस मामले में कोर्ट ने वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया को न्याय मित्र नियुक्त किया है।*



- 2019 के लोकसभा चुनाव में भी 7928 उम्मीदवारों में से 1500 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 1070 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 17वीं लोकसभा (2019–2024) के लिए चुने गए 514 उम्मीदवारों में से 225 सदस्यों यानी कि 44 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे। मामले में सुप्रीम कोर्ट की मदद कर रहे वकील हंसारिया ने हलफनामे में बताया कि 1 जनवरी 2023 तक 4,697 आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 2,018 मामलों में बीते साल फैसला हो गया। हलफनामे में बताया गया कि साल 2023 में नेताओं के खिलाफ 1746 नए मामले दर्ज हुए। ऐसे में 1 जनवरी 2024 तक नेताओं के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की कुल संख्या 4,474 हो गई है।
- उच्च न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक सूची भी दाखिल की, जिसमें एक जनवरी, 2023 तक सांसदों के खिलाफ 4,697 आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए थे और पिछले वर्ष 2,018 मामलों पर फैसला सुनाया गया। हलफनामे के मुताबिक, 2023 में सांसदों और विधायकों के खिलाफ 1,746 नये आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए और एक जनवरी, 2024 तक कुल 4,474 मुकदमे लंबित हैं।

### जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सुनवाई में आई तेजी

विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद एमपी/एमएलए कोर्ट में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी आई है। हालांकि कोर्ट द्वारा और दिशा निर्देश दिए जाने चाहिए ताकि लंबित मामलों की भी जल्द सुनवाई हो सके। हलफनामे में कहा गया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की समीक्षा के लिए उच्च न्यायालयों द्वारा सख्ती से समीक्षा की जानी चाहिए। वकील विजय हंसारिया ने कोर्ट में एनजीओ एडीआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में कुल 2,810 उम्मीदवारों में से 501 उम्मीदवार यानी कि 18 प्रतिशत उम्मीदवार दागी हैं। इनमें से भी 327 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें जनप्रतिनिधि अगर दोषी पाए गए तो उन्हें पांच साल या ज्यादा की सजा हो सकती है।

### इन राज्यों में निपटाए गए मामले

हलफनामे के अनुसार, उत्तर प्रदेश की एमपी–एमएलए कोर्ट में दर्ज 1300 मामलों में से 766 बीते साल निपटाए गए। दिल्ली में दर्ज 105 मामलों में से 103 का निपटारा बीते साल कर दिया गया। इसी तरह महाराष्ट्र में 476 मामलों में से 232 में फैसला हो गया। बंगाल के 26 में से 13 में, कर्नाटक में 226 में से 150 मामलों, केरल में 370 में से 132, बिहार में 525 मामलों में से 171 में फैसला हो चुका है। हलफनामे के अनुसार, लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं। जिनके अनुसार, तीन साल से ज्यादा समय से लंबित मामलों में राज्यों के संबंधित हाईकोर्ट्स समीक्षा रिपोर्ट तलब करें। साथ ही मांग की गई कि नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड की तरह एक वेबसाइट बनाई जाए, जिससे लंबित मामलों की रियल टाइम जानकारी इस पर अपलोड की जाए। सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में एक समिति बनाने की मांग की गई है, जो लंबित मामलों की समीक्षा करे।

## एक नजर



### मंगलुरु ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते श्रद्धालु

**मंगलुरु।** कर्नाटक के कतील में दुर्गा परमेश्वरी मंदिर में हर साल अप्रैल में अग्नि केली उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव में भाग लेने वाले श्रद्धालु 8 दिन का उपवास करते हैं। उत्सव के आखिरी दिन वे ताड़ के जलते पत्तों को एक–दूसरे पर फेंकते है, मान्यता है कि इससे देवी–देवता खुश हो जाते हैं।

### श्रीलंका में भी होगी रामायण यात्रा विकसित करने में मदद करेगा भारत

**कोलंबो।** श्रीलंका में रामायण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने के लिए रामायण ट्रेल की का उद्घाटन किया गया है। इसे लेकर श्रीलंका में भारतीय राजदूत संतोष झा ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों से अपने आवास में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि श्रीलंका में रामायण से जुड़ी ऐतिहासिक जगहों को जोड़ने के लिए भारत द्वारा क्या मदद की जा सकती है। इस दौरान भारतीय राजदूत ने ट्रस्ट के ट्रेजरी गोविंद देव गिरी महाराज से भी मुलाकात की। बता दें कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या राम मंदिर के निर्माण को तैयार करने वाली संस्थाओं में से एक है।

### चीन के लिए जासूसी करने के संदेह में तीन जर्मन गिरफ्तार

**बर्लिन।** जर्मनी में चीन के लिए जासूसी करने और सेना की ओर से संभावित तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली प्रौद्योगिकी की जानकारी भेजने के संदेह में सोमवार को तीन जर्मन नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। अभियोजकों ने बताया कि तीन जर्मन नागरिकों पर जून 2022 से कुछ समय पहले से चीनी खुफिया विभाग के लिए काम करने का आरोप है। उन पर जर्मन निर्यात कानूनों का उल्लंघन करने का भी संदेह है। संघीय अभियोजकों ने बताया कि कि जर्मनी गोपनीयता कानूनों की वजह से संदिग्धों में से एक की पहचान केवल थॉमस आर के रूप में की गई है जो कथित तौर पर चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय के एक कर्मचारी का एजेंट था।

### वकीलों का आरोप- डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के दौरान तोड़ा कानून

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं लेकिन इससे पहले रिपब्लिकन उम्मीदवार और अमेरिका के ट्रंप के खिलाफ कोर्ट में गुप्त धन से संबंधित मामले में सुनवाई हो रही है। ट्रंप पर इस तरह का पहला आपराधिक मुकदमा चल रहा है। सुनवाई के दौरान वकील मैथ्यू कोलांगलो ने बताया कि ये पूरी तरह से साजिश और धोखेबाजी से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार करने के लिए एक आपराधिक योजना बनाई।

# सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी: राजनाथ

## दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र पहुंचे रक्षा मंत्री, बोले- यह सामान्य भूमि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया।

राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है।

राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।' इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे। इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद जवानों ने नारे लगाए। राजनाथ सिंह 24 मार्च को सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए सियाचिन जाने वाले थे, लेकिन 'खराब मौसम' के कारण कार्यक्रम को बदलकर लेह कर दिया गया, जहां रक्षा मंत्री ने लेह सैन्य स्टेशन पर सशस्त्र बलों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया।



सोमवार को सियाचिन के बेस कैंप में मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और सैनिक।

### माइनस 40 डिग्री में रह रहे सैनिक

13 अप्रैल को बैसाखी के दिन पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए ऑपरेश शुरू हुआ। इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी चुनौती पाक सेना नहीं, बल्कि वहां का माइनस 40 डिग्री तापमान था। यहां ऑक्सीजन की कमी और बर्फीली हवाएं जान लेने पर उतारू थीं, लेकिन सेना के जवानों की हिम्मत के आगे वो भी नहीं टिक सकीं।

### ऐसे सियाचिन को किया गया सुरक्षित

इसके बाद भारतीय वायुसेना के हंटर विमान ने लेह के ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्र से लड़ाकू अभियान शुरू किया। लेह से जैसे–जैसे ग्लेशियर के ऊपर बड़ी संख्या में हमले किए जाने लगे, इसने ग्लेशियर पर तैनात भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। इसके बाद चीता और एमआई 8 हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी और बिलाफोंड ला और सिया ला चोटियों को सुरक्षित कर लिया। बाद में पूरे ग्लेशियर को ही सुरक्षित कर लिया गया।

## सैन्य खुफिया प्रमुख ने विफलताओं की जिम्मेदारी ले पद से दिया इस्तीफा

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है।



इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजरायल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी। युद्ध के कुछ ही समय बाद, हलीवा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि सरकार और सेना को खुफिया चेतावनियां और दैनिक अलर्ट प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सैन्य विभाग के प्रमुख के रूप में हमले को न रोक पाने का दोष उन पर है और वह इस आरोप को स्वीकार करते हैं। आपको बता दें कि सात अक्टूबर को हमास के आतंकियों की तरफ से किए गए हमले में करीब 1200 लोगों की मौत हो गई थी 200 से ज्यादा नागरिकों को बंधक बना लिया गया था।

# आतंकवाद को खत्म करने के लिए ईरान-पाक सहमत



पाकिस्तान में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के साथ मौजूद पीएम शहबाज शरीफ।

इस्लामाबाद, एजेंसी

- इजराइल से तनाव के बीच ईरान आपसी व्यापार बढ़ाएगा

पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद किसी देश के पहले राष्ट्र प्रमुख के रूप में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ईरानी राष्ट्रपति ने आतंकवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पड़ोसियों ने कथित आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ जैसे को तैसा हवाई हमले किए जाने के महीनों बाद आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

राज्य संचालित रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को पीएम शहबाज और ईरानी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच व्यापार और संचार बढ़ाने पर चर्चा की।

संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा कि ईरान-पाकिस्तान के बीच वर्तमान व्यापार संतोषजनक नहीं है, पहले कदम के रूप में हमने इसे बढ़ाकर 10 अरब डॉलर करने का निश्चय किया है। शहबाज ने कहा कि विवाद की चुनौतियों के बीच पाकिस्तान और ईरान के बीच संधि को मजबूत करना होगा। शहबाज ने रायसी को राजनीतिक बुद्धिमत्ता और विवेक का महासागर बताया और कहा कि उनके नेतृत्व में ईरान आगे बढ़ेगा।

## रथ खींचने की मची होड़



**मदुरै :** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में चिथिराई उत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने श्री थायुमानवर मंदिर के रथ खींचे। यह रथ शहर की सड़कों से होकर गुजरा। इसी के साथ मट्टुवरकुझालम्मी के देवता का भी रथ खींचा गया। उत्सव के 11वें दिन चिथिराई के मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मीनाक्षी अम्मन मंदिर में एकत्रित हुए। यह उत्सव 12 अप्रैल से शुरू हुआ था। इस दौरान भक्तों ने मीनाक्षी सुंदर महादेव, सोम सुंदर महादेव, हर हर शंकर महादेव, संबो शंकर–महादेव, कदंबवन सुंदर – महादेव और आल्लाला सुंदर महादेव का जाप करते हुए रथ खींचा। ● एजेंसी

## उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, 10 सीटें जीती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।

पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए। बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए थे, जिनमें सबसे ज्यादा नवाज को सीट मिलीं हैं।

# मिथुन, उषा समेत 67 हस्तियां सम्मानित

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को 67 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। 25 जनवरी को ये सम्मान घोषित किए गए थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत कुछ लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत कुछ हस्तियों को पद्मश्री दिया गया। इस बार 2024 के लिए 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित करने का ऐलान किया गया है।

आज के समारोह में इनमें से कुछ हस्तियों को सम्मान नहीं मिल सका, इन्हें अगले हफ्ते सम्मानित किया जाएगा। पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है। इसके अलावा चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 30 महिलाएं हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति।

# पाकिस्तानी संसद में घुसा जूता चोर, 20 जोड़ी गायब

इस्लामाबाद, एजेंसी



आर्थिक संकट से परेशान पाकिस्तान में लोग मूलभूत चीजों के लिए जूझ रहे हैं। देश गरीबी में इतना डूब चुका है कि चोर भी जूते चुराने तक मजबूर हो चुके हैं और भी किसी मामूली जगह से नहीं बल्कि पाकिस्तान के संसद में ही डाका डाल रहे हैं। जहां पाकिस्तान के नेता, सांसद और पत्रकार बिना जूते के नजर आए। इस चोरी के बाद स्पीकर को इस मामले में दखल देना पड़ा।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान संसद की पवित्रता एक असामान्य घटना से भंग हो गई क्योंकि चोर सुरक्षा को पार करने में कामयाब रहे। इस घटना के बाद वहां मौजूद अधिकारी और पत्रकार हैरान रह गए जब वह नंगे पैर घर जाने के लिए मजबूर हुए। यह घटना संसद भवन के भीतर एक मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के दौरान सामने आई, जहां नेशनल असेंबली के सदस्य, पत्रकार और संसदीय कर्मचारी सहित श्रद्धालु एकत्र हुए थे। मस्जिद के दरवाजे से 20 जोड़ी से अधिक जूते लेकर फरार हो गए। नेशनल असेंबली स्पीकर ने तुरंत मामले की गहन जांच के आदेश के 4 दिन बाद भी चोर फरार है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्पीकर के निर्देशों के अनुपालन में, संयुक्त सचिव प्रशासन और सार्जेंट एट आर्म्स को घटना की जांच करने का काम सौंपा गया है।

विज्ञान — हर वर्ष की तरह 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी उल्कावृष्टि

# लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लिरिड उल्कापात यानी रोमांचक आसमानी आतिशबाजी सोमवार रात से शुरू हो गई है। जिसके मंगलवार रात तक चरम पर रहने की संभावना है। यह उल्कावृष्टि हर वर्ष इसी दौरान होती है। जो 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी।

आकाशीय घटनाओं में उल्कावृष्टि सर्वाधिक रोमांचक मानी जाती है। साल में कई मौके आते हैं, जब इस खगोलीय घटना का लुत्फ उठाया जा सकता है। लिरिड उल्का बौछार हर साल जनवरी की शुरुआत और अप्रैल के अंत के बीच होती है। इस वर्ष 22 अप्रैल से शुरू हो गई है। जिसके 23 अप्रैल की रात तक जारी रहने की संभावना है। हालांकि चांदनी रात के कारण इस घटना मे उल्काओं की संख्या कम ही देखी जा सकती है, लेकिन बड़े आकार के रंगबिरंगी उल्काओं को देखने का मौका अवश्य मिलेगा।

बुधवार से उल्काओं की संख्या मे कमी आ जाएगी। मगर 29 अप्रैल तक इस घटना को देखा जा सकेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रति घंटे 10 से 15 लिरिड्स उल्कापात देखे जा सकते हैं।

चांदनी रात के कारण इस वर्ष भले ही इनकी संख्या कम नजर आएगी, लेकिन पूर्व में इनकी संख्या 100 प्रति घंटे की दर से भी देखी गई हैं। अधिकांश उल्कापात किसी गुजरते धूमकेतु के मलबे के कारण होते हैं। लिरिड्स उल्कापात धूमकेतु थैचर के छोड़े गए मलवे के कारण होती है।



नैनीताल से लिया गया उल्कावृष्टि का नजारा (**फाइल फोटो**)

### एस्ट्रोटूरिज्म का रोमांचक हिस्सा है उल्कावृष्टि

उल्कावृष्टि एस्ट्रोटूरिज्म का सर्वाधिक लोकप्रिय हिस्सा माना जाता है। हालांकि भारत में इस पर्यटन को लेकर अधिक लोग नही जानते हैं, लेकिन यूरोपीय देशों में यह पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी भागीदारी निभाता है। भारत में इस पर्यटन की शुरुआत करीब एक दशक पहले हुई। पर्वतीय क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता है। नगरीय क्षेत्रों में प्रकाश प्रदूषण के कारण एस्ट्रोटूरिज्म की संभावना बहुत कम हो जाती है।

# स्वदेश लौटने के बाद पहली विदेश यात्रा पर चीन जाएंगे नवाज

इस्लामाबाद, एजेंसी

- विकास कार्यों के लिए चीनी कंपनियों के मालिकों से करेंगे मुलाकात



तीन बार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सोमवार को चीन की पांच दिवसीय निजी यात्रा पर जाएंगे। यहां वह अपना मेडिकल चेकअप कराएंगे। ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौटने के बाद 74 वर्षीय शरीफ की यह पहली अंतर्राष्ट्रीय यात्रा होगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो के साथ उनकी 'निजी यात्रा' पर विदेश मंत्री इशाक डार भी होंगे। पार्टी सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीफ की यात्रा निजी है और यात्रा के दौरान उनका मेडिकल चेकअप होगा। सूत्रों ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री पंजाब प्रांत के विकास कार्यों से संबंधित बैठकें भी करेंगे और चीनी कंपनियों के मालिकों से भी मुलाकात करेंगे।

पीएमएल-एन नेता को नवंबर 2019 में एक उच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य आधार पर विदेश जाने की अनुमति दी थी, क्योंकि उनकी मेडिकल रिपोर्ट से पता चला था कि उन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता है। वह चार साल के आत्म-निर्वासन में रहने के बाद पिछले साल अक्टूबर में लंदन से पाकिस्तान लौटे थे।